दैनिक **नवप्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 06 सितंबर, 2023, भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-141 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

जी 20 के निमंत्रण में 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' की जगह प्रेसीडेंट ऑफ 'भारत'

नई दिल्ली/नवप्रदेश। *तीन दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में आव्हान किया था कि आज से ही भारत को 'इंडिया' कहना बंद कर दिया जाना चाहिए। यह उनके आव्हान का असर है या भारतीय जनता पार्टी के थिंकटैंक की सिफारिश की आगामी दिनों में होने वाले जी-20 समिट का निमंत्रण भी राष्ट्रपति भवन से प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसीडेंट ऑफ भारत के नाम से जारी हुआ। गौरतलब है कि देश के विपक्षी दलों ने मिलकर इंडिया नाम का एक गठबंधन बनाया है और इसी गठबंधन के बैनर तले 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा जाना है। इस गठबंधन में कांग्रेस समेत देश के 28 राजनीतिक दल शामिल हैं। और इसकी तीन बैठकें हो चुकी है। इन बैठकों में भाजपा नीत एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने की रणनीति बनी है। दरअसल, इंडिया नाम से पहले दिन से भाजपा और उसके सहयोगी दलों को आपत्ति थीं, लेकिन समय के साथ इस गठबंधन की गतिविधियां बढ़ी तो बीजेपी ने इंडिया नाम से परहेज करना शुरू कर दिया। नतीजा यह हुआ कि जिन जिन जगहों पर सरकारी तौर पर इंडिया लिखा गया है उसे बदलने की कवायद शुरू हो चुकी है और पहला काम राष्ट्रपति भवन से शुरू हुआ है। इसको लेकर देश की सियासत भी गर्मा चुकी है।*



कांग्रेस को देश के सम्मान एवं गौरव से जुड़े हर विषय से इतनी आपत्ति क्यों है? भारत जोड़ो के नाम पर राजनीतिक यात्रा करने वालों को भारत माता की जय के उद्घोष से नफरत क्यों? स्पष्ट है कि कांग्रेस के मन में न देश के प्रति सम्मान है, न देश के संविधान के प्रति और न ही संवैधानिक संस्थाओं के प्रति। उसे तो बस एक विशेष परिवार के गुणगान से मतलब है। कांग्रेस की देश विरोधी एवं संविधान विरोधी मंशा को पूरा देश भलीभांति जानता है।
जेपी नड्डा, *राष्ट्रीय अध्यक्ष बीजेपी*

हमारे संविधान में साफ लिखा है कि ये 'कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया' है। इंडिया शब्द से पूरी दुनिया पहचानती है। मुझे नहीं लगता कि इसे बदलने की आवश्यकता है।
सिद्धारमैया, *सीएम कर्नाटक*

अचानक ऐसा क्या हुआ कि देश का नाम बदला जा रहा। हम देश को भारत कहते हैं, इसमें नया क्या है? अंग्रेजी में हम इंडिया कहते हैं... कुछ भी नया करने को नहीं है। दुनिया हमें इंडिया के नाम से जानती है।
ममता बनर्जी, *सीएम पश्चिम बंगाल*

अब बीजेपी 'इंडिया' को 'भारत' में बदलना चाहती है...बीजेपी ने बदलाव का वादा किया है लेकिन हमें 9 सालों के बाद केवल नाम बदला हुआ मिला है।
एमके स्टालिन, *सीएम तमिलनाडु*

अब से टीम इंडिया नहीं टीम भारत कहिए। मैं जय शाह से अपील करता हूं वर्ल्डकप में भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी में भारत नाम लिखा जाए।
वीरेंद्र सहवाग, *पूर्व क्रिकेटर*

इंडिया नाम के अलायंस बनने के बाद ये देश का नाम बदल रहे हैं। अगर कल इंडिया अलायन्स ने मीटिंग करके अपना नाम भारत रख लिया तो क्या ये भारत का नाम भी बदल देंगे और क्या ये भारत का नाम बीजेपी रख देंगे।
अरविंद केजरीवाल, *सीएम दिल्ली*

संविधान में अनुच्छेद 1 के मुताबिक, इंडिया जिसे भारत कहते हैं वह राज्यों का एक संघ होगा, लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है।
जयराम रमेश, *कांग्रेस संचार प्रमुख*

इनको 'इंडिया' नाम से परहेज

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, इंडिया गठबंधन बनने के बाद स्थिति ऐसी है कि अभी राष्ट्रपति भवन से जो निमंत्रण पत्र मिला है, उसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा हुआ है। इन्हें इंडिया शब्द से इतनी तकलीफ है। संविधान में ही लिखा है, वहां से शुरुआत होती है। इस देश को भारत भी कहा जाता है, भारतवर्ष भी कहते है और पंडित जी जब पढ़ते हैं तो जम्मू द्विपे, भारत खंडे कहते हैं। कितने ही नाम से देश को जाना जाता है और इनको इंडिया नाम से परहेज है। उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन बना है, उनसे इनको परहेज हो रहा है, अगर कल कोई भारत नाम का संगठन बने तो क्या वो भी बदलेंगे?

आज बेबाक

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनीधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी कर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग हो रही है। यह सीधे हेट स्पीच का मामला है लेकिन अभी तक तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उदयनीधि स्टालिन अभी भी अपने बयान पर कायम है। उन्हें पता है कि तमिलनाडु में उनके पिता श्री मुख्यमंत्री है। वे खुद मंत्री है। मतलब करेला उपर से नीम चढ़ा। मजाल है कोई उनका कोई कुछ बिगाड़ सके। ऐसे ही नहीं कहा जाता कि समरथ को नहीं दोष गोसाई।

//-- सुविचार --//

कुछ लोग दिखावे के लिए अच्छे बनते हैं, मगर वे लोग ये भूल जाते हैं कि ईश्वर से कुछ भी नहीं छिपा है। वो आपको बाहर से नहीं भीतर से जनता है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:32 प्रात:
अस्त : 06:03 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.0	23.0
जमशेदपुर	30.0	25.0
हजारीबाग	29.0	23.0
डालटनगंज	31.0	24.0

संक्षिप्त खबरें

खड़गे ने इंडिया घटक दलों के नेताओं के साथ की बैठक

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने 18-22 सितंबर के दौरान संसद का विशेष बुलाया है। इसको लेकर इंडिया घटक दलों के नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मंगलवार रात बैठक की। बैठक का वीडियो कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया घटक दलों के सांसदों ने बैठक की। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री हेमंत ने साहेबगंज वासियों को दी बड़ी सौगात, 592 लाभुकों के बीच 4.80 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण, कहा

राज्य के युवा के रोजगार पर राज्य सरकार गंभीर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के नौजवान रोजगार की चिंता न करें। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। हमारी सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आप सभी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अब राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी आपके प्रखंड, पंचायत एवं गांवों में कैम्प लगाकर आपकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। आपकी सरकार आपके द्वार के तहत लाखों की संख्या में आवेदन मिले। राज्य में पहली बार सरकार आपके घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर आपकी समस्याओं को सुना एवं उसका निष्पादन किया। कुछ वर्ष पहले पेंशन के लिए हमारे बुजुर्ग ब्लॉक के चक्कर काटा करता थे। आज राज्य में कोई भी बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं है। हमारी सरकार ने ठोस कदम उठते हुए जनहित में कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने आप को स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में योगदान दें। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने मंगलवार को साहेबगंज के पतना प्रखंड स्थित कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित विकास मेला-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कम बारिश के कारण इस वर्ष भी धान की बुआई पर असर पड़ा है। लेकिन,

राज्य के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। सरकार ने खेती-बारी से से संबंधित कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि किसानों को ऐसी विपरीत परिस्थितियों में ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आप पशु पालकर आय अर्जित कर सकते हैं। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार लाने का प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के छात्र-छात्रा आज उत्कृष्ट विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

नौजवान चिंता न करें, सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवान रोजगार को लेकर चिंता न करें। सरकार आपके लिए रोजगार सृजन से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनायी है। आप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं तो आप इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी, पत्रकार बनें। अगर आप स्वरोजगार करने के इच्छुक है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत सरकार आपको अनुदान आधारित लोन उपलब्ध करा रही है। आप इस योजना का लाभ उठाएं।

हर वर्ग, हर तबके के लिए चल रहीं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना चलायी जा रही है। पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है। आप सभी इसका भरपूर फायदा उठाएं एवं अपने बच्चियों को साक्षर बनाएं।

सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। शिक्षा की बेहतरी के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। आज निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय इसका उदाहरण है। यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वे आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा राज्य के बच्चों को दे सकें।

लाभुकों में परिसंपत्ति का वितरण

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 592 लाभुकों के बीच 4,80,58,992 रुपए की परिसंपत्ति का किया वितरण। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 107 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 58 लाख रुपये और 424 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत एक करोड़ 42 लाख रुपए की राशि सौंपी। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अंबेडकर आवास योजना समेत कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को प्रदान किया। इस मौके पर आयुक्त (संथाल परगना प्रमंडल) लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

हाइकोर्ट के निर्देश के बाद अवैध खनन मामले में प्राथमिकी

मुख्यमंत्री सहित 20 के खिलाफ एफआईआर

रांची। अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 20 के खिलाफ साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में मंगलवार को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की गई। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, मनीष तिवारी, विभूति कुमार, रामनिवास यादव, अनुरंज किस्फोटा, राजेंद्र दुबे और प्रमोद मिश्रा के नाम भी शामिल हैं। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद याचिकाकर्ता ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल को आदेश जारी किया था। याचिकाकर्ता तीर्थनाथ आकाश ने 21 मई 2021 को झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि आरोपितों की मिलीभगत से साहिबगंज में रोजाना 1000 से अधिक ट्रकों से अवैध पत्थर की ढुलाई हो रही है। साहिबगंज के पत्थर व्यवसाई दहू यादव, विष्णु प्रसाद यादव, गुड्डू, आलोक रंजन, अवध किशोर सिंह, टिंकल भगत, बच्चू यादव, संजय कुमार यादव, भगवान भगत, भावेश भगत और विक्रम प्रसाद सिंह को इस मामले में आरोपित बनाया गया है।

डुमरी उप चुनाव में 64 फीसदी मतदान

गिरिडीह। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ।

नक्सल प्रभावित छंछदो, धावाटाड, बरियारपुर, बेड़ो, फतेहपुर, नागाबाद समेत हार्डकोर भाकपा माओवादियों के इलाकों में भी सुबह सात बजे से ही वोटरों की लम्बी कतार लगी थी। दिनभर रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच हर वर्ग के मतदाताओं ने वोट डाला। पूर्वाह्न 11 बजे तक 27.56 फीसदी, अपराह्न एक बजे तक 43.56 प्रतिशत, तीन बजे तक 58.92 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। इस दौरान जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा, आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे।

उल्लेखनीय है कि 2 लाख 98 हजार 62 9 मतदाताओं वाली डुमरी विस सीट पर कुल 373 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। इनमें 143 संवेदनशील और इतने ही अति संवेदनशील बूथों के रूप में चिन्हित किये गये थे। उप चुनाव में कुल छह प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी झामुमो के टिकट पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी हैं।

जन्माष्टमी | **कंफ्यूजन के कारण आज व कल दोनों दिन जन्माष्टमी मना रहे हैं लोग**

इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का शुभ मुहूर्त आज

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : इस साल कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 6 और 7 सितंबर को है। गृहस्थ जीवन वाले 6 सितंबर को और वैष्णव संप्रदाय के लोग 7 सितंबर को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएंगे। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन व्रत रखने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन लोग उपवास रखने के साथ भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को दही-दूध और मक्खन विशेष पसंद है, इसलिए इस दिन दही का चरणामृत बनाकर लोगों को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। वहीं यदि आप भी कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व मनाने जा रहे हैं, तो पूजा में कुछ सामग्री को जरूर शामिल करना चाहिए।

कृष्ण जन्माष्टमी 2023 मुहूर्त

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 6 सितंबर 2023 को दोपहर 03 बजकर 37 मिनट से शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन 7 सितंबर 2023 शाम 04 बजकर 14 मिनट पर होगा। कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा मध्य रात्रि की जाती है, इसलिए इस साल भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव 6 सितंबर 2023, बुधवार को मनाया जायेगा।

आज ही क्यों मनायें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

रांची के ज्योतिषाचार्य पं. रामदेव पांडेय ने कहा है कि ग्रंथों के अनुसार श्री कृष्ण का जन्म आधी रात, जिसमें नक्षत्र-रोहिणी, रात, तिथि-अष्टमी, चंद्रमास - भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष था। कभी-कभी भाद्रपद कृष्ण पक्ष की उदया तिथि अष्टमी आधी तक नहीं रह पाती है।

शर्त 1. गृहस्थ लोग आधी रात को अष्टमी होना अनिवार्य मानते हैं। इसलिए सूर्योदय के समय भले ही सप्तमी हो, रात 12 बजे अष्टमी होने पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाना शुभ मानते हैं।

शर्त 2. दूसरी ओर वैष्णव आधी रात को रोहिणी नक्षत्र का होना अनिवार्य मानते हैं। भले ही आधी रात को अष्टमी हो या न हो। वे लोग रोहिणी नक्षत्र में जन्माष्टमी मनायेंगे।

शर्त 3. यदि आधी रात को रोहिणी नक्षत्र नहीं मिला, तो जिस दिन सूर्योदय काल में रोहिणी नक्षत्र होगा/अष्टमी के आस-पास उसी दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनायेंगे। अधिकांश तीर्थस्थल मथुरा वृन्दावन वैष्णव साधुओं के वर्चस्व में है।

इस वर्ष 2023 में 06.09.2023 को सूर्योदय काल में सप्तमी है लेकिन आधी रात को अष्टमी है। इस तरह 1. नं शर्त पूरा करता है। 06.09.2023 को ही सूर्योदय काल में कृत्तिका नक्षत्र है। किंतु दिन में ही 2.39 बजे कृत्तिका नक्षत्र समाप्त हो जाती है और रोहिणी नक्षत्र आ जाती है। इस दिन आधी रात को रोहिणी नक्षत्र भी उपलब्ध है। इस तरह 2. नं का शर्त भी पूरा हो गया है। अर्थात् इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी 06.09.2023, बुधवार को मनाया जाएगा। कुछ वैष्णव सूर्योदय काल में रोहिणी होना आवश्यक मानते हैं। अर्थात् शर्त नं-3. जो 07.09.2023, गुरुवार को पूरा होता है। स्पष्टतः इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी स्मार्त/गृहस्थाश्रम के लिए 06.09.2023, बुधवार को है।

भारत मंडपम में लगायी गयी अष्टधातु से बनी 'नटराज' की 22 फीट ऊंची प्रतिमा

नई दिल्ली। भगवान शिव के नटराज रूप की अष्टधातु से बनी 22 फीट ऊंची प्रतिमा जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए बनाए गए भारत मंडपम में लगाई जा चुकी है। नटराज की इस शानदार प्रतिमा के लिए 6 फीट ऊंचा चबूतरा भी बनाया गया है। ऐसे में कुल मिलाकर ऊंचाई 28 फीट हो गई है। ये प्रतिमा तमिलनाडु के स्वामीमलाई जिले के कलाकारों ने बनाई है। स्वामीमलाई के कलाकार पीढ़ी दर पीढ़ी नटराज और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाते आ रहे हैं। चोल वंश के शासन काल से स्वामीमलाई जिले में कांसे, तांबे, पीतल, पंचधातु और अष्टधातु से मूर्तियां एवं प्रतिमाएं बनाई जाती आ रही हैं। चोलवंश के काल में यहां की मूर्तिकला अपने चरम पर थी। कलाकारों के मुताबिक, इस धातु को 1000 डिग्री सेल्सियस तापमान पर पिघलाया जाता है। प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया लंबी और जटिल होती है। भारत मंडपम के लिए बनाई गई नटराज की प्रतिमा को बहुत सुंदर और आकर्षक बनाया गया है। इसे बनाने वाले कलाकारों का कहना है कि स्वामीमलाई के मूर्ति निर्माण इतिहास में आज तक इतने विशाल और ऊंचे नटराज नहीं बनाए गए हैं।

दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए बनाए गए भारत मंडपम में स्थापित नटराज मोम, राल, कावेरी नदी की मिट्टी और लोहे की तारों से नटराज बनाए गए हैं। इसमें अष्टधातु का इस्तेमाल किया गया है जिसमें तांबा, जिंक, लेड यानी शीशा, टीन ट्रेस क्वांटिटी, चांदी, पारा ट्रेस क्वांटिटी और लोहे का इस्तेमाल किया गया है।

लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना नितान्त आवश्यक : स्वास्थ्य मंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को पीसीपीएनडीटी के राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना नितान्त आवश्यक है। इसके लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट कैसे मजबूत हो, इस उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है। मुखबिर योजना के तहत सभी जिलों में लगातार विशेष जांच अभियान चलाकर ऐसे अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को चिन्हित किया जाए, जहां अवैध रूप से लिंग परीक्षण किए जाते हैं। उसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति या चिकित्सक पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

अल्ट्रासाउण्ड कराने वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए उनका फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र की प्रति अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक में होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित सभी जिलों के सिविल सर्जन को सख्त निदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक में पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं क्लीनिकल स्थापना अधिनियम का अनुपालन यदि नहीं होता है, तो उस जिले में जिम्मेदार पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने राज्य में स्थापना अधिनियम के संदर्भ में लिंग परीक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए स्थापना अधिनियम क्लिनिक स्थापना अधिनियम तथा मुखबिर योजना के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर जन-जागरुकता फैलाने का भी निदेश दिया। सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक पर पोस्टर लगाए जाने तथा सोशल मिडिया पर भी वृहद प्रचार-प्रसार करने को कहा।

बैठक में विधायक पूर्णिमा सिंह, दीपिका पाण्डेय ने भी अपने विचार रखे। विधायक दीपिका पाण्डेय ने कहा कि मशीन कार्यात्मक नहीं रहने के कारण लाभुक को प्राइवेट अल्ट्रसाउण्ड क्लिनिक में जाना पड़ता है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य रूप से अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक सही रूप से कार्य करें इसकी जिम्मेवारी जिला की हो। सभी जिले पीसीपीएनडीटी एक्ट का पालन करते हुए झारखण्ड के लिंगानुपात में सुधार करना सुनिश्चित करें।

पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट कर पोस्टर, बैनर, व्हाट्सएप मैसेज बनाकर लोगों को जागरूक करना है। लिंगानुपात में गिरावट होने पर समाज में असंतुलन की स्थिति होगी, इसलिए पीसीपीएनडीटी एक्ट का अक्षरशः पालन करना जरूरी है।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने जिला स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड में गैर सरकारी सदस्यों का नये सिरे से चयन किए जाने का निदेश दिए। साथ ही गलत आचरण वाले अल्टासाउण्ड क्लिनिक पर कार्यवाही करने का भी निदेश दिया। कहा कि जिला स्तर पर गठित अनुश्रवण समिति में सदस्यों के नाम एवं दूरभाष संख्या का होना आवश्यक है। समिति की नियमित एवं समीक्षात्मक बैठक करायी जाए। सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक पर उस जिले के सिविल सर्जन, चिकित्सक तथा राज्य स्तर से किसी एक जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम एवं दूरभाष संख्या उपलब्ध कराया जाए।

बैठक के आरंभ में अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी द्वारा पिछले बैठक की कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में प्रधान सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, प्रधान सचिव विधि विभाग, निदेशक आयुष, विभागाध्यक्ष, समाज विज्ञान, रांची विश्वविद्यालय, रांची, विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, रिम्स, विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजी, राज्य कार्यक्रम समन्वयक, एनएचएम सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर

रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

रांची। रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आनंद सिंह और प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्य ने कहा कि सार्थक और व्यावहारिक शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार है। इसमें शिक्षकों की अहम भूमिका है, जिस देश में शिक्षा जितनी समृद्ध, सार्थक और व्यावहारिक होगी वह देश उतना ही विकसित होगा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतीक्षा ने गणपति वंदना पर तुला प्रस्तुत किया। निधि अनुष्ठा, भूमिका, विभू और उन्नति भट्ट ने अलग अलग गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। मोहित ने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिन्हा और अंकिता गिरि ने किया।

राम प्रकाश भाटिया ने ईडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार राम प्रकाश भाटिया ने मंगलवार को कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। भाटिया के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुहार लगाई है। भाटिया पर ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को व्हाइट करने में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राम प्रकाश भाटिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल की है। इसपर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है। ईडी ने राम प्रकाश भाटिया को 24 जुलाई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

सभी मतदाता मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज डुमरी में झारखंड की अस्मिता की रक्षा करने वालों को सशक्त करने का चुनाव है। आज अपनी जनता के लिए अपने आप को समर्पित करने वाले को सम्मान देने का चुनाव है। सभी मतदाताओं से अपील है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आज डुमरी अपने उस कल को चुनेगा जो सदैव झारखंड और झारखंड की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा। डुमरी में जनतंत्र, धनतंत्र को फिर परास्त करेगा। डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव के अवसर पर आप सभी मतदाताओं और मतदान प्रक्रिया में शामिल समस्त मतदाता कर्मियों को मेरी अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।

अनर्गल चिट्ठी लिखने पर सीएस और मंजूनाथ को संसद की विशेषाधिकार समिति ने बुलाया : निशिकांत

रांची। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को दो एक्स पोस्ट किए। पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा कि जानकारी के अनुसार झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह जी व देवघर के तत्कालीन जिला उपायुक्त मंजूनाथ को मेरे खिलाफ साजिश रचने और अनर्गल पत्र लिखने के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 21 सितंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है। उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा कि जानकारी के अनुसार झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को भी अधिकारियों के मुखिया होने के नाते देवघर के तत्कालीन जिला उपायुक्त मंजूनाथ को मेरे खिलाफ साजिश रचने और अनर्गल पत्र लिखने के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 21 सितंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है। इस मामले पर न्यूज विंग ने सांसद निशिकांत दुबे से बात करनी चाही लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।वहीं तत्कालीन और जमशेदपुर डीसी मंजूनाथ भजंत्री और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से भी बात करने की कोशिश की गयी। लेकिन किसी से संपर्क नहीं हो पाया। वहीं सोशल मीडिया पर संसद की विशेषाधिकार समिति की चिट्ठी वायरल है। इसमें सीएस सुखदेव सिंह और तत्कालीन डीसी मंजुनाथ भजंत्री को 21 सितंबर 2023 को दोपहर 3.20 बजे उपस्थित होने को कहा गया है।

झामुमो ने प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव में वोटिंग के लिए जनता का आभार जताया। साथ ही शिक्षक दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नौ सितंबर को राष्ट्रपति भवन में जी 20 रात्रिभोज के लिए दिए जा रहे आमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बदले प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

भट्टाचार्य ने कहा कि कोई पार्टी या सरकार किसी नए गठबंधन से इतना भयभीत होगी, इसका अंदाजा तो हमें भी नहीं था। भय की पराकाष्ठा का यह सबसे बड़ा उदाहरण है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि भारत सरकार किस-किस चीज से इंडिया शब्द का नाम हटाएगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन रेलवे, इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, पीएम ऑफ इंडिया, टीम इंडिया, इंडियन फॉरेन मिनिस्ट्री सहित कई ऐसे नाम हैं, जिनको बदलना जरूरी होगा।

भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लगता है कि अब सरकार देश में अंकित हर जगह से इंडिया शब्द को मिटाने के लिए करोड़ों नहीं अरबों रुपये खर्च करेगी। इंडिया और भारत के गौरवमयी इतिहास को मिटाने, डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलने आदि की भी तैयारी हो चुकी है। भाजपा और मोदी सरकार के लिए इंडिया शब्द एक बड़ी आपदा बनकर आयी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच दिन का संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कोई गलत नहीं है। क्योंकि, यह एक चुनी सरकार का अधिकार है लेकिन यह सत्र क्यों बुलाया गया है, यह अब तक देश को बताया नहीं गया है। सारी चीजें सूत्रों के हवाले से चल रही हैं। सरकार की नीयत साफ है तो देश को बताना चाहिए कि इसमें वह क्या करने जा रही है। अजीब हालात देश में पैदा कर दिया गया है।

रिम्स में जल्द शुरू होगी असाध्य और दुर्लभ रोगों की होगी जांच

नवप्रदेश संवाददाता



रांची। रिम्स जेनेटिक और जीनोमिक्स विभाग पूर्ण एक्जोम सीक्वेंसिंग करने की तैयारी में है। जल्द ही असाध्य एवं दुर्लभ रोगों की झारखंड में जांच शुरू होगी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने रिम्स के जेनेटिक्स एवं जीनोमिक्स विभाग के जरिये प्रस्तावित दो बाह्य अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान देने की स्वीकृति दी है। दोनों ही अनुसंधान सिकल सेल एनीमिया के क्षेत्र में होगा।

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि पहले परियोजना का शीर्षक सिकल सेल एनीमिया में वासो ओक्लूसिव संकट के लिए नैदानिक प्रोफाइलिंग एवं आनुवंशिक जोखिम कारकों का अध्ययन एक बहुकेंद्रित केस नियंत्रण अध्ययन है। दूसरी परियोजना का शीर्षक उच्च एचबीएफ वाले सिकल सेल एनीमिया रोगियों में संभावित चिकित्सीय लक्ष्य की पहचान करने के लिए एक संपूर्ण रक्त ट्रांसक्रिप्टोमिक अध्ययन है।

उन्होंने बताया कि दोनों परियोजनाओं के मुख्य अन्वेषक डॉ. अनूपा प्रसाद एवं डॉ. अरुण विंसेंट किस्कु हैं। इन परियोजनाओं में डॉ पार्था कुमार चौधरी, डॉ. रिषी गुरिया, डॉ गणेश चौहान, डॉ अमित कुमार एवं डॉ. सुनील शाक्य भी शामिल हैं। यह रिम्स एवं पूरे झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इन दो परियोजनाओं के साथ ही एमबीबीएस 2020 सत्र की छात्रा आकांक्षा सिंह के अनुसंधान प्रस्ताव को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अल्पावधि छात्रवृत्ति मिली है। इस अनुसंधान प्रस्ताव की मार्गदर्शक डॉ. अनूपा प्रसाद हैं। यह परियोजना का कार्य भी जेनेटिक एवं जीनोमिक्स विभाग में होगा।

झारखंड हाई कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन पर लगाई रोक

राज्य सरकार और जेएसएससी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन पर रोक लगा दी। साथ ही कोर्ट ने झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल एवं झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) को प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया। कोर्ट ने राज्य सरकार और जेएसएससी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

विज्ञापन को चुनौती देते हुए बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति विज्ञापन संख्या 13/ 2023 पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2023 के नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदाकर्मियों को सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण लाभ से वंचित किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी।

जनबल के आगे धनबल हुआ कमजोर, एनडीए उम्मीदवार को मिला भारी जनसमर्थनः आदित्य साहू

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। डुमरी उप चुनाव के बाद भाजपा ने एनडीए प्रत्याशी के प्रबल जीत का दावा किया है। राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर डुमरी की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि डुमरी की जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित किया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने डुमरी उप चुनाव में लोकतंत्र को तार-तार करने का कार्य किया है। उप चुनाव के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और वे चुनाव प्रचार में व्यस्त थे लेकिन डरी सहमी हुई हेमंत सरकार ने चुनाव प्रचार प्रभावित करने के इरादे से उनके और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कमरे में छापेमारी करवाई जबकि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता खुलेआम पैसे बांटते रहे। उनपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बावजूद जनबल के आगे धनबल कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के दौरान एनडीए कार्यकताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया। मारपीट की गई। मारपीट करने वाले भोला सिंह और उनके बेटे के खिलाफ अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही दावा किया कि एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी यशोदा देवी को भरपूर समर्थन मिला है। वह भारी मतों से चुनाव जीत रही हैं।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास भवन मुख्य प्रवेश द्वार के समीप S.G.S.Y अंतर्गत स्वरोजगार के लिए निर्मित खाली पड़े 02 दुकान को आवंटित किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति स्वरोजगार हेतु निम्न शर्तों के साथ दुकान आवंटन हेतु आवेदन दिनांक 13.09.2023 समय 4.00 P.M बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा में जमा कर सकते है। निर्धारित समय के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1. आवेदक का चतरा जिला में कहीं और कोई दुकान नहीं होना चाहिए, आवेदक द्वारा उपरोक्त आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ जमा करना होगा।
2. स्वरोजगार से संबंधित Course किये हुए आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. चयनित आवेदक को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा द्वारा निर्धारित किराये का भुगतान प्रतिमाह करना होगा।
5. आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय एक महीने का नोटिस देकर दुकान खाली कराया जा सकेगा।
6. विभिन्न अन्य शर्तों के अधीन एकरारनामा करते हुए चयनित आवेदक को दुकान आवंटित किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त, चतरा

PR 306263 Rural Development (23-24)_D

ईटकी प्रखंड के कुरगी पंचायत में मतदाताओं के घर पहुंचे उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा

कोई मतदाता न छूटे इसका विशेष ध्यान रखें : उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः रांची जिला में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे निर्वाचन कार्य का जायजा लेने उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ईटकी प्रखंड के कुर्गी पंचायत पहुंचे। यहां उन्होंने डोर टू डोर मतदाता सत्यापन कार्य, होम टू रोल, पन्ना वेरिफिकेशन, फॉर्म प्रोसेसिंग आदि निर्वाचन संबंधी कार्य का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कुरगी पंचायत पहुंचते ही उपायुक्त ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर से किये जा रहे निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में विस्तार से पूछा। घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन, अहर्त्ता प्राप्त नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने और उनका पहचान पत्र निर्गत करने आदि के बारे में उपायुक्त ने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अहर्त्ता प्राप्त नागरिकों से फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरवाकर मतदाता सूची को अद्यतन बनाएं। उपायुक्त ने कहा कि कोई मतदाता न छूटे इसका विशेष ध्यान रखें, हर मतदाता का वेरिफिकेशन कर लें कि उनका विवरण सही है या नहीं।

वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की तथा घर के सभी अहत्तार्धारी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं, इसकी जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने क्षेत्र के योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश बीएलओ को दिया। बीएलओ द्वारा बताया गया कि ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा रहा है। उपायुक्त ने ऑन द स्पॉट बीएलओ ऐप पर आवेदन स्थिति को देखा।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा ग्रामीणों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी ली गयी। क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसके परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बोरिंग से घर और खेत में पानी की आवश्यकता पूरी हो रही है, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ मिला है।

...जब छोटी बच्ची ने दिया उपायुक्त के सवालों का जवाब...

क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा खेल रहे बच्चों के पास गये। उपायुक्त ने बच्चों ने उनके पढ़ाई के संबंध में सवाल किये। इस दौरान एलकेजी में पढ़नेवाली बच्ची आयुषी ने उपायुक्त के सवालों के जवाब दिये। उपायुक्त ने सेविका को बुलाकर कहा कि क्षेत्र के सभी बच्चे नियमित आंगनवाड़ी केन्द्र में भी आये इसका ध्यान रखें।

इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पास के मतदान केन्द्र का भी जायजा लिया गया। यहां उन्होंने एएमएफ (एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी) के बारे में जानकारी ली। अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने अमृत सरोवर अभियान के तहत कुरगी पंचायत में सरकारी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। आसपास की जा रही खेती और पानी की उपलब्धता के बारे में भी उपायुक्त ने जानकारी ली। किसानों से बात करते हुए उपायुक्त ने उन्हें श्री विधि तकनीक द्वारा खेती करने को कहा ताकि कम लागत में ज्यादा उपज हो सके।

उपायुक्त द्वारा एनएच-23 गुमला-पलमा परियोजना अंतर्गत कार्य प्रगति का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त द्वारा अधिग्रहित भूमि के एवज में शेष रैयतों को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान कर तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एनएचएआई के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupaiBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002
e-Procurement (Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-21/2023-24
1st Call
e-Tender Ref No - RCD/PID/RANCHI/21/2023-24 Date:-01.09.2023

Name of Work	[illegible]
Tentative Length	[illegible]
Period of Completion of Work	[illegible]
Cost of Tender documents	[illegible]
Mode of Bid Submission	[illegible]
Date/Time of Publication of Tender on Website	[illegible]
Last Date/Time of Submission of Bid	[illegible]
Date and Time of Bid opening	[illegible]
Bid Submission Address	[illegible]
Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	[illegible]

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi

PR 306192 Road(23-24)D

राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, माननीय न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

पूरे सुरक्षा व्यवस्था के मॉनिटरिंग करेंगे रेंज डीआईजी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड रॉची स्थित सभागार में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों एवं क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षकों से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, माननीय न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कमियों को अविलम्ब दूर करने का निदेश दिया।

समीक्षा के दौरान महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पाए गए त्रुटियों को दूर कर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं इसके साथ ही प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए, उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग एवं लगातार मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया गया। यह बैठक मुख्य रूप से सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक ,पुलिस अधीक्षकों, पुलिस उप महानिरीक्षकों एवं प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों के साथ की गयी। झारखण्ड राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों के सुरक्षा हेतु जिला स्तर पर जो कार्रवाई की जा रही है, इसके लिए बलों की प्रतिनियुक्ति, उनकी मॉनिट्रिंग, वरीय पदाधिकारी की तैनाती के साथ-साथ जो सुरक्षा उपकरण लगाये गये हैं, उनकी समुचित निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल दिया। सुरक्षा व्यवस्था हेतु मोर्चा, चाहरदिवारी, फेन्सिंग वायर, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं अन्य व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही उन्होंने सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षकों से कृत कार्रवाई के बारे में जानकारी ली तथा कमियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। न्यायालय परिसर, माननीय न्यायाधीशों एवं उनके आवासीय परिसरों की सुरक्षा को लेकर क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षकों एवं संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक ,पुलिस अधीक्षकों को लगातार अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर बेहतर ढंग से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी , बलों को रात्रि में भी चेक करने तथा उन्हें सेनसेटाईज करने पर बल दिया। साथ ही सभी को वायरलेस सेट से लैस करने और खैरियत प्रतिवेदन जिला के नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया।

इस पूरे सुरक्षा व्यवस्था के मॉनिटिंग की जिम्मेवारी संबंधित रेंज डीआईजी को दी गई है और रेंज डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि उनके क्षेत्र में जितने भी जिले हैं और उन जिलों में जितने भी न्यायालय परिसर, आवासीय परिसर एवं न्यायाधीश हैं, उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रॉची को उपलब्ध करायेंगे तथा जो भी सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता हो उसे कराना सुनिश्चित करेंगे। यह कार्रवाई निरंतर की जायेगी तथा इसकी मॉनिटिंग पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रॉची द्वारा लगातार की जायेगी।

इस बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान डॉ संजय आनन्द राव लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक गढ़वा, अन्जनी कुमार झा के अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, रॉची, प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पलामू, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, झारखण्ड, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

सुभाष मुंडा हत्याकांड में बबलू पासवान सहित तीन गिरफ्तार

मैगजीन सहित आटोमेटिक पिस्टल, गोली, मोबाइल और रेकी करने में प्रयुक्त स्कार्पियो और घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग की पल्सर बाइक जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: सुभाष मुंडा हत्याकांड में शामिल तीन अन्य अपराधी बबलू उर्फ नागेश्वर पासवान (हरहुरी टिपु टोला थाना रातु), पिंटू कुमार (श्री बिगहा पो0 थाना सकुराबाद जहानाबाद (बिहार) वर्तमान आंचल रोड हेहल थाना पुंदाग ओपी) और मुखिया कुमार(देवाकुली, थाना मोटोरोला जिला अरवल (बिहार) वर्तमान पता आंचल रोड हेहल पाहन टोली थाना पण्डरा ओपी) को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अपराधियों के पास से मैगजीन सहित आटोमेटिक पिस्टल, गोली, पांच मोबाइल और रेकी करने में प्रयुक्त सफेद रंग की स्कार्पियो(जेएच01ईपी-9300) और घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग की पल्सर बाइक जब्त की है।

इस संबंध में एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि 26 जुलाई को रिंग रोड स्थित दलादली चौक स्थित फर्नीचर गार्डेन के पीछे सुभाष मुण्डा को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के संबंध में मृतक सुभाष मुण्डा के भाई उमेश मुण्डा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है। अनुसंधान के दौरान 03 अगस्त 2023 को अप्राथमिकी अभियुक्त छोटू खलखो (लालगुटवा थाना नगड़ी), बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया (गुटु थाना रातु) और अभिजीत कुमार पाढ़ी, (लालगुटवा थाना नगड़ी) जिला रॉची को घटना में प्रयुक्त हथियार, गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं 15 अगस्त 2023 को अप्राथमिकी अभियुक्त कन्हैया सिंह उर्फ लखिन्द्र सिंह(लापा बड़का टोली पो लापा थाना कर्रा, जिला खुटी वर्तमान पता सर्वेश्वरी नगर बजरा थाना पण्डरा ओपी), जिला रॉची को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में आये अपराधकर्मियों के द्वारा बबलू उर्फ नागेश्वर पासवान के इस कांड में संलिप्तता की बात बतायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक नगर रॉची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-02) के नेतृत्व में एक एस.आई.टी. टीम का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा बबलू उर्फ नागेश्वर पासवान , पिन्टु कुमार और प्रवीण कुमार, को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आये बबलु उर्फ नागेश्वर पासवान का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ रातु, बोलवा (सिमडेगा), करडेग (सिमडेगा) ,सिमडेगा , टी०टाँगर (सिमडेगा) , सुखदेवनगर , खलारी में करीब एक दर्जन कांड दर्ज हैं।

पुलिस टीम में प्रवीण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-दो), राज कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक, सदर (पं०) अंचल , पुअनि रोहित कुमार, थाना प्रभारी, नगड़ी थाना , पुअनि मनीष कुमार गुप्ता, ओपी प्रभारी दलादली ,पुअनि सुहागिनी सोरेन, पुअनि अविनाश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

रांची हिंसा मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची में नुपुर शर्मा के बयान पर 10 जून को हुई हिंसा के मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट टेबुलर रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि मेन रोड हिंसा में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस घटना को बड़ी हिंसा में परिवर्तित होने से रोक दिया था। पुलिस ने पहले हिंसक भीड़ पर लाठीचार्ज किया। इसके बाद आंसू गैस का उपयोग किया। जब हिंसा फैलाने वालों ने पथराव और फायरिंग शुरू की तो मजिस्ट्रेट के आदेश से पुलिस ने कंट्रोल्ड फायरिंग शुरू की, जिससे भीड़ तितर-बितर हो गई थी। घटना को लेकर पुलिस ने 47 एफआईआर दर्ज किया। इनमें से कई केस में चार्जशीट दाखिल हो गई है और कुछ केस में अभी पेंडिंग है। इसमें से एक एफआईआर में पुलिस पर फायरिंग का आरोप है उसे सीआईडी जांच के लिए भेजा गया था। सीआईडी जांच में भी हिंसक प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और अनुसंधान चल रहा है। घटना को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का भी अध्ययन करते हुए अन्य आरोपितों को चिन्हित किया है, जिनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। दूसरी ओर घटना को लेकर फेसबुक, गूगल मैप और सोशल मीडिया से भी डाटा प्राप्त करने की कोशिश हो रही है और उपलब्ध डाटा को खंगाल जा रहा है। अनुसंधान सही तरीके से की जा रही है। इसलिए इसमें भी किसी दूसरी एजेंसी के हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है। एनआईए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एनआईए सिर्फ शेड्यूल ऑफिंस होने पर ही अनुसंधान करती है लेकिन इस घटना में अभी तक अनुसंधान में ऐसी बात नहीं आई है। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता एवं प्रतिवादियों को अगली सुनवाई में संक्षिप्त बहस दायर करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी, उस दिन कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है।

50 स्थानों पर लगा है इमरजेंसी कॉल बॉक्स

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: राजधानी में कुल 50 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स(ईसीबी) लगाया गया है। मंगलवार को रांची स्मार्ट सिटी में सभी थाना प्रभारियों को इसकी ट्रेनिंग दी गई। वहीं इसके साथ ही इस कॉल बॉक्स को उपयोग करने के लिये लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता भी बतायी गई।

स्मार्ट सिटी में थाना प्रभारियों को दी गई ट्रेनिंग

इस ट्रेनिंग के दौरान थानेदारों को जानकारी दी गई की इस कॉल बॉक्स का संपर्क कंट्रोल रुम से है। कई स्थानों पर मोबाइल कार्य नही करता है या कई लोग अपनी पहचान होने के कारण घटना की जानकारी मोबाइल से देना भी नही चाहते है। इन स्थानों पर लगे कॉल बॉक्स में लगे बटन दबाकर किसी भी घटना की जानकारी सीधे कंट्रोल रुम में दी जा सकती है। इससे सूचना देनेवाले की पहचान भी उजागर नही होगी। कंट्रोल रुम 24 घंटे कार्यरत रहती है। सूचना मिलते ही महज कुछ ही मिनट में पुलिस मदद के लिये फौरन पहुंचेगी।

कृषि संकाय के छात्रों ने शिक्षक दिवस मनाया

किसानों की पंचायतनामा पुस्तक किसानों को समर्पित

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में सोमवार को चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया. समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदना गाकर शिक्षकों का स्वागत किया. छात्र -छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मिलकर केक कटिंग सेरेमनी से समारोह की शुरुआत की. मौके पर आयोजित संस्कृतक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एकल एवं समूह गायन एवं नृत्य, नाट्यकला, गेम्स, चुटकुले आदि के माध्यम से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया.

संबोधन में कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपनी ऊर्जा एवं क्षमता का उपयोग हमेशा सही सोच के साथ सही दिशा में करनी चाहिए. पढ़ाई के दौरान छोटी- छोटी बातों का ध्यान रखें, मेहनत करें. जीवन में सफलता का अनुशासन एवं उत्पादन मूल मंत्र है.

कुलपति ने कहा कि बीएयू के शिक्षक छात्रों के गुरु और वैज्ञानिक के तौर पर किसानों के भी गुरु माने जाते है. किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी को प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, प्रसार के विभिन्न माध्यमों से सुलभ कराने में कृषि वैज्ञानिकों की अग्रिम भूमिका होती है. कृषि शिक्षा का मूल उद्देश्य ही किसानों की बेहतरी और देश-प्रदेश के कृषि का विकास है. शिक्षकों - सह- वैज्ञानिकों की तरह कृषि छात्रों को भी किसानों की बेहतरी की दिशा में तत्पर रहने की जरुरत है. मौके पर कुलपति ने किसानों की पंचायतनामा पुस्तक का लोकार्पण किया और इस पुस्तक को किसानों के नाम समर्पित की. इस पुस्तक में अखबारों में प्रकाशित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा लिखित कृषि तकनीकी लेखों का संकलन प्रस्तुत की गयी है.

मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की तरह शिक्षकों एवं पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मान एवं आदर करने की बात कही. उन्हें कृषि शिक्षा में समयबद्धता एवं अनुशासन के महत्व से अवगत कराया. डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल ने छात्रों को पढ़ाई के साथ झ साथ सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं समाज सेवा से जुड़े रहने पर जोर दिया. मौके एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया एवं वार्डन डॉ नीरज कुमार ने भी अपने विचारों को रखा. संचालन हर्ष पांडे एवं शशीका सुमन ने किया. समारोह के आयोजन में कुमकुम कुमारी, रजनी वर्मा, पल्लवी सिंह, अंकित कुमार एवं अविनाश सिंह आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा.

वानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

कुलपति ने छात्रों से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शो का अनुकरण पर जोर दी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : बीएयू अधीन संचालित वानिकी संकाय में सोमवार को छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया. मौके पर आयोजित समारोह का दीप जलाकर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने उद्घाटन किया. कुलपति, डीन एवं शिक्षकों संग छात्र-छात्राओं ने केक कटिंग सेरेमनी मनाया. इस अवसर पर छात्र झ छात्राओं द्वारा कुलपति, डीन एवं संकाय के सभी शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.

मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल एवं समूह गायन एवं नृत्य, नाट्यकला, गेम्स, चुटकुले आदि के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया और सबों का मन मोह लिया.

समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु में जन्मे सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद् और महान दार्शनिक के तौर पर जाना जाता है. उनकी शिक्षा और दार्शनिक विचार ने देश में अमिट छाप छोड़ी है और उनकी विरासत आज भी हमारे मूल्यों का मार्गदर्शन कर रही है. कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शो का अनुकरण करते हुए जीवन में सफलता और देश को मजबूत करने की आवश्यकता है.

मौके पर डीन वानिकी डॉ एमएस मल्लिक ने छात्रों को महाविद्यालय में प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव बनाये रखने, गुरु झ शिष्य की परंपरा को बनाये रखने एवं अपने मूल उद्देश्य पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया.

मौके पर डॉ एस चट्टोपाध्याय, डॉ कौशल कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ पीआर उरांव, डॉ रास बिहारी शाह, डॉ ज्योति केरकेट्टा, डॉ बसंत उरांव आदि शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये. समारोह का आयोजन महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया.

कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया

बीएयू के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में भी सोमवार शिक्षक दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीपजलाकर एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने की. मौके पर उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षकों को पुष्प एवं गिफ्ट भेंट कर आदर सम्मान दिया. संबोधन में एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने छात्रों को पूरी निष्ठा से गुरु झ शिष्य परंपरा का पालन करने और महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाये रखने की अपील की. मौके पर डॉ उत्तम कुमार, डॉ प्रमोद राय, डॉ एसके पांडे, डॉ मिंटू जॉब ने भी अपने विचारों को रखा. समारोह के दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किये गए.

एक नजर

मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण



रांची: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रॉची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, रॉची विवेक कुमार सुमन एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। गौरतलब है कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

डेंगू के पांच मरीज रिम्स में भर्ती,निगम ने चलाया सघन ड्राइव

रांची: रांची नगर निगम को रिम्स से डेंगू से संबंधित मरीजों की सूची प्राप्त हुई. जिसमें कुल पांच मरीज जो रांची नगर निगम क्षेत्र के थे, जो दर्जी मोहल्ला डोरंडा, कर्बला चौक, हिल व्यू बरियातू, सर्कुलर रोड लालपुर एवं मिल्लत कॉलोनी बरियातू के निवासी हैं। उक्त सूची प्राप्त होते ही रांची नगर निगम द्वारा अविलंब फागिंग से संबंधित सघन ड्राइव उक्त सभी स्थलों पर चलाया गया। साथ ही साथ इस सूची को वेक्टर बोर्न डिजीज कार्यालय को उपलब्ध कराई गई, जिससे उक्त क्षेत्र में लार्वा की पहचान करते हुए अभिलंब लार्वा को नष्ट कराया जा सके।

पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को भेजा जेल

रांची: सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने छेड़खानी व दुष्कर्म के आरोपी युवक अजय कुमार पोद्दार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त राम नगर रोड नंबर-पांच का रहनेवाला है।

नौ दिवसीय नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

रांची। परम पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती वंदनीय माता जी के सूक्ष्म संरक्षण में एक दिवसीय नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कांके चौक शिव मंदिर प्रांगण में कांके प्रज्ञा मंडल शांति नगर अरसंडे एवं पतरा टोली कांके के संस्थापक तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार के कर्मठ परिव्राजक श्री निरंजन सिंह द्वारा भव्य आयोजन कराया गया। 111 कलश यात्रा के साथ इस कार्यक्रम को शांति कुज हरिद्वार के प्रतिनिधि मंडल से धुर्वा गायत्री शक्तिपीठ रांची द्वारा संपन्न कराया गया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिए गए प्रवचनों से प्रेरित होकर 16 लोगों ने दीक्षा संस्कार ली तथा सुलोचना शाहदेव का जन्मदिन संस्कार भी मनाया गया। संध्या दीप यज्ञ के महायज्ञ से कार्यक्रम का समापन कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांके प्रज्ञा मंडल के महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल एवं युवा मंडल के कर्मठ कार्यकर्ता ने अपने तन मन धन से अपना योगदान दिया।

अल्टीग्रीन ड्राइव रेंज अभियान में हाइटेक इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रदर्शन

सिंगल चार्ज में जमशेदपुर से रांची की दूरी तय की

रांची : पायनियर ब्रांड अल्टीग्रीन ने अपने अल्टीग्रीन ड्राइव रेंज अभियान में अपने हाइटेक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के असाधारण क्षमता और विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया। एक अद्वितीय यात्रा की शुरुआत 5 सितंबर मंगलवार को सुबह 8 बजे जमशेदपुर से फ्लैग आफ के साथ हुई। जमशेदपुर की भीड़भरी सड़कों से लेकर तमार की शांत पगडियों से जारी यह सफर दोपहर 12 बजे रांची प्रेस क्लब में संपन्न हुई। अभियान में 450 किलोग्राम भार और एक बैटरी चार्ज पर 127 किलोमीटर की दूरी तय की गई। अल्टीग्रीन रेंज ड्राइव अभियान का उद्देश्य अल्टीग्रीन के इलेक्ट्रिक वाहनों की हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति और सड़कों पर उसकी असाधारण क्षमताओं और दक्षता का प्रदर्शन करना है। ड्राइव अभियान का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र के बदलते वक्त के साथ उन्हें नए आकार देने के साथ समर्पण का प्रमाण भी है। अभियान में अल्टीग्रीन ने अपने हाई डेक वाहन और लो डेक वाहन की असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसने निर्धारित दूरी को अत्यधिक रेंज के साथ कवर किया। लो डेक ग्रीन वाहन ने प्रभावशाली बैटरी चार्ज बरकरार रखते हुए 127 किलोमीटर दूरी तय की। हाई डेक अरिंज वाहन ने समान दूरी तय करने के बाद बैटरी चार्ज का दावा किया। इस अवसर, अल्टीग्रीन के डायरेक्टर सेल्स,सर्विस और मार्केटिंग डायरेक्टर देबाशीष मित्रा ने कहा कि भारत के 56 शहरों में 3000 से अधिक वाहनों के साथ अल्टीग्रीन, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में स्थापित हुआ है। आज कंपनी ने की एक अलग पहचान आज इस इंडस्ट्री में है जिसमें 31 डीलर पॉइंट और 120+ सेवा केंद्रों का एक मजबूत नेटवर्क है। ग्राहकों की संतुष्टि और सेक्टर में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रोडक्ट के प्रति अद्भुत प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अल्टीग्रीन के एनईवी एक पायनियर इलेक्ट्रिक व्हीकल ने 28 अलग क्षेत्रों में अपना स्थान बनाया है। इसमें किराने, दूध की डिलीवरी से लेकर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रेफ्रिजेशन, फॉर्मास्यूटिकल्स और फर्नीचर ट्रांसपोर्ट तक में इसका उपयोग किया जा रहा है। देशभर के विभिन्न इलाकों और मौसम के साथ परिस्थितियों में बेहतर क्षमता और दक्षता प्रदर्शन कर जीत हासिल की है। उन्होंने आगे कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र पटना, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता और भुवनेश्वर में अल्टीग्रीन का लक्ष्य अधिकृत डीलरशिप के जरिए कंपनी को स्थापित करना है। यह डेवलपमेंट कंपनी के मार्केट में उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए तैयार है।

समाज को सही दिशा देने का अहम दायित्व शिक्षक पर : सीपी राधाकृष्णन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन का सशक्त साधन है। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि वे एक ऐसे महान शिक्षाविद थे, जिन्होंने शिक्षा जगत में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही मनुष्य सही और गलत को समझ कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। राज्यपाल ने कहा कि समाज को सही दिशा देने का अहम दायित्व शिक्षक पर ही होता है। शिक्षक छात्रों को शिक्षा देने के अलावा भावी जीवन के लिए उन्हें सही राह भी दिखाते हैं। शिक्षक द्वारा दिखाए गए राह के आधार पर छात्र राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्र के जीवन का महत्वपूर्ण समय शिक्षक के सान्निध्य में ही व्यतित होता है और उनमें क्षमता, रचनात्मकता एवं जीवंतता तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है। इसलिए समाज में शिक्षक को बहुत ही अधिक आदर एवं सम्मान प्राप्त है। राज्यपाल मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि देश कि समृद्धि के लिए शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आजादी के 74 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया गया है। पहले मैकाले की शिक्षा पद्धति थी, वर्तमान समय में इसकी अप्रासंगिकता को देखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया। इस शिक्षा नीति में सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक शिक्षा और अनुसंधान पर भी बल दिया गया है। इससे बच्चों में अभिनव विचार एवं अवधारणा के साथ-साथ उनमें उदारता, स्नेह, आत्मानुशासन एवं नेतृत्व करने की क्षमता भी विकसित होगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्व कुलपतियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गुरु तेरे उपकार का कैसे चुकाऊ मैं, लाख कीमती धन भूल गुरु है मेरे अनमोल

शिक्षक दिवस पर याद किए गए सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े रातू में मंगलवार को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगो ने डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। शिक्षको ने डॉ राधाकृष्णन की जीवनी बताई और उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। शिक्षक दिवस के मौके पर स्कूल के बच्चों ने अपने नृत्य संगीत एवं कविता के द्वारा शिक्षकों का मन मोह लिया। बच्चो ने शिक्षकों के योगदान को अपने अमूल्य शब्दों में व्याख्यान करते हुए शिक्षको को धन्यवाद किया। बच्चो ने कहा कि शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है। हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बहुत आवश्यक है।शिक्षक दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्रोफेसर डॉक्टर एचवी सिह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को संबोधित किया और गुरु की महता बताई।शालिनी विजय ने इन पंक्तियों द्वारा शिक्षको को अपनी बात व्यक्त किया।उन्होने कहा गुरु तेरे उपकार का कैसे चुकाऊ मैं, लाख कीमती धन भूल गुरु है मेरे अनमोल।

कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी शिक्षको को सम्मनित किया गया।

राजकीय मध्य विद्यालय हेहल में शिक्षक दिवस - राजकीय मध्य विद्यालय हेहल रातू में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षको व विद्यार्थियो ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिन पर उनको याद किया।इस मौके पर बच्चो ने केक भी काटे।प्राचार्य तरूण नाथ शाहदेव ने शिक्षक दिवस की महत्ता बताई और डॉ कृष्णन के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।इस मौके पर बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।शिक्षक दिवस संत ज्युस,दयानंद आर्यन विद्या पब्लिक स्कूल रातु,बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रीज,राजकीय मध्य विद्यालय रातू राज,डीएवी प्राइड न्यु पिर्रा,लोटस माउंटसरी बाजपुर में भी धुमधाम से मनाया गया।

अनगड़ा के स्कूल व कॉलेजों में मनाया गया शिक्षक दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

अनगड़ा । आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किया। । प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक बच्चों के चरित्र व भविष्य के निमार्ता होते हैं। इसलिए शिक्षक सदैव आदर व सम्मान के योग्य होते है । मंच का संचालन अंतरा मंडल ने की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विपिन प्रसाद, उमेश, घासीराम ,सुमंत कुमार,आनंद प्रसाद,सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

मां शारदा उच्च विद्यालय गेतलसूद में बच्चों ने शिक्षक दिवस पर गुरूजनों को सम्मानित किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन नीरज पाहन ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य सन्तोष सिन्हा,शिक्षक अजय कुमार कारमाली,टहलु नायक,सुनीता कुमारी समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इधर जसपुरिया बीएड कॉलेज ,जसपुरिया पब्लिक स्कूल में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथी बीएड कॉलेज के चेयरमैन जैलेन्द्र कुमार ने कि गुरुओं का स्थान ईश्वर से भी उपर है। गुरुओं का सम्मान करने व उनका आशीर्वाद प्राप्त करने से हमारे मार्ग में आए सभी बाधाओं को आसानी से दूर किया जा सकता है। मौके पर प्राचार्य अनिल मिश्रा, शालीनी प्रिया,वर्षा रानी, सरिता सिंह, सरिता शर्मा ,शशि प्रभा, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

कविता

जल प्रदुषण के रोकू

(कविता कर माध्यम से सुझाव)

जत भेथे लुर बुद्धि,
मइर जाथे तत मति,
इंदिरा पोखरा कर करथंय दुरगति
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति।
करंयना जब पूजा पाठ, दोना पतइ धूप धुवन साथ,
फल फूल कतना कर रहेला अवसादी,
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।
विसर्जन नामे जल, मलिन भेथे पले पल,
कचड़ा से भइर देथंय पोखरा आउर नदी,
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।
अमीर घरे चापाकल, सगरो लागल आहे नल,
इंदिरा पोखरा परे होवथे अनीति,
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।
भठाथे विसर्जन कर नामे,
कचड़ा आहे जे बेकामे,
पाप से भरल मन कइर देथंय अति,
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।
कहयना गरीब जेके, उकरे से काम लेके,
अन्न धन देवंय सेकर करथंय अनेती
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।
बचाउ इंदिरा पोखरा कर जल,
तबे शुद्ध जल पाबा नल,
हैजा– पलेग नेतो देखब सामति,
सोइच लेवा मनुख, का होइ आगे राउर गति ।

डा बुटन महली
असिस्टेंट प्रोफेसर (नागपुरी)
बी. एस. कॉलेज लोहरदगा

पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 संपन्न

एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके की टीम बनी चैंपियन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में मंगलवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट-2023 का ट्रॉफी एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने अपने नाम कर लिया। पांच सितंबर को फाइनल मैच एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके और डीजे ब्रांड मुड़मा के बीच खेला गया। इसमें रोमांचक मुकाबले में एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने 1-0 गोल से पराजित कर दिया।

टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल में एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली को 1-0 और दूसरे सेमीफाइनल में डीजे ब्रांड मुड़मा ने सुमित ब्रदर्श को ट्राइब्रेकर में 5-3 गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, (विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र), श्री हारिस बिन जमा (ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची), विशिष्ट अतिथि विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी), विजय हेमराज खलखो (सीओ, मांडर), शहीद एतवा उरांव की पत्नी श्रीमती विमला देवी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर और ग्रामीण एसपी ने फुटबॉल को कीक कर किया। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी।

विजेता टीम एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके को मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, (विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र) ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 71 हजार नगद, ट्राफी और उपविजेता टीम डीजे ब्रांड मुड़मा को श्री हारिस बिन जमा (ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची) ने 41 हजार नगद, ट्राफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली को विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी ने 11 हजार नगर व ट्राफी और चौथे स्थान पर रहनेवाली सुमित ब्रदर्श की टीम को विजय हेमराज खलखो, सीओ, मांडर ने 10 हजार नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

मैन ऑफ दी सिरीज रेमन (मुड़मा टीम) मांडर प्रमुख व उप प्रमुख और मैन ऑफ दी मैच सुमित लकड़ा (गोंदा टीम) को विमला देवी व सोहंती एक्का (मुखिया, बंझिला पंचायत) ने प्रदान किया। मंगलवार को खेले गए टूनार्मेंट के तीसरे क्वाटर फाइनल में एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली ने खान ब्रदर्श गोरे को ट्राइब्रेकर में 7-6 और और चौथे क्वाटर फाइनल में डीजे बैंड मुड़मा ने सुमित ब्रदर्श को ट्राइब्रेकर में 5-3 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूनार्मेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, संदीप कुजूर, मो. रकीब, लखो उरांव, मो. अबदुल, मोहन खलखो सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आदर्श विद्या मंदिर मुरतो स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिक उत्सव मना

शिक्षा का अलख जगा रहा आदर्श विद्या मंदिर स्कूल : बंधु तिर्की

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक डा राजेंद्र तिवारी प्रो इंद्र मोहन राय,महेंद्र महतो,अफिन्द्र महतो,नवदीप महतो,योगेंद्र महतो, महावीर महतो,सुदर्शन गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभअथितियों ने दीप जलाकर व डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित करके किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज और आदर्श नागरिक का निर्माण हो सकता है।शिक्षा से ही समाज को अंधविश्वास से छुटकारा मिलेगा। देश तरक्की करेगा और समाज में नये बदलाव होंगे। उन्होंने कहा आदर्श स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है। सचिव अभिजीत राज व प्रबंधके प्रियंका राज की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह स्कूल एक अलग आयाम लिखने का काम कर रही है। यह प्रखंड के लिए गौरव की बात है। वही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। शिक्षकों के महत्व को उजागर किया। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सचिव अभिजीत राज प्रबंधक प्रियंका राज,मुकेश राम,निशा कुमारी,अलुईस तिर्की, प्रियंका गुप्ता,अलका अनिता तिर्की, सुशील तिर्की,जुलियाना टोप्पो, बरखा,बंधन,दिव्या, प्रिया, सुशीला,दीपिका व रूपा कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बेड़ो के बच्चों ने जीते 9 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पदक

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: रांची के खेल गांव में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब बेड़ो के खिलाड़ियों ने कोच शशि गोप के नेतृत्व में भाग लेकर 9 स्वर्ण, 5 रजत और 7 काश्य पदक प्राप्त कर अपने प्रखंड समेत झारखंड का नाम ऊंचा किया। पदक पाने वाले खिलाड़ियों में वंदना कुमारी, रीमा यादव, रितु उरांव, रिया यादव, तेजस आनंद, मनीता कश्यप, विनय कुमार, संगीता उरांव, सुमंती तिर्की ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही नीलिमा टोप्पो, निखिल खलखो, अभिषेक गोप, एनी किस्पोट्टा, ललिता कुमारी ने रजत पदक और आदर्श कुमार, आस्था कुमारी, प्रियंका कुमारी, त्रिशुत्री नाग, शिवानी कुमारी, संजय चिक बड़ाईक, श्रवण खेश व अंश प्रसाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। मौके पर ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह, गुमला जिला महासचिव गुलाम अब्दुल कादिर एवं ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। वही शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दिपक सिंह, रांची जिला जेएमएम उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, समाजसेवी विश्वनाथ गोप, खद्दी उरांव, अंकित सोनी, किशोर साहु, बजरंग गोप, पुर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार रोय, पूर्व जिला परिषद् मनोज लकडा. पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने बधाई दी एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एक नजर

बिरहोर आदिम जनजाति के 10 वर्षीय पवन बिरहोर दिल की गंभीर बीमारी से ग्रसित, ईलाज के लिए भेजा रिम्स

अनगड़ा। दिल की गंभीर बीमारी से ग्रसित आदिम जनजाति के 10 साल के पवन बिरहोर को इलाज के लिए समाजसेवी व श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के अध्यक्ष अजय उरांव ने मंगलवार को रिम्स भेजा। गेतलसूद के बुकी बिरहोर टोली निवासी राजू बिरहोर का पुत्र पवन बिरहोर पिछले कुछ समय से दिल की गंभीर बिमारी से ग्रसित है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी खिजरी विधायक राजेश कच्छप को दी। तत्काल राजेश कच्छप ने अजय उरांव को मरीज को रिम्स ले जाने को कहा। अजय उरांव एंबुलेंस लेकर गेतलसूद स्थित बिरहोर टोली बुकी पहुंचे। पवन को रिम्स भेजा गया। अजय ने बताया कि विधायक लगातार इसपर नजर रखे हुए है। आवश्यकता पड़ने पर इसे इलाज के लिए बाहर भी भेजा जाएगा। इस मामले को डीसी रांची के संज्ञान में दे दिया गया है। इस मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवतज्ञान कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

रातू। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मंगलवार को राधा कृष्ण डोल मंदिर झखराटांड़ में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को मंदिर परिसर से श्री कृष्ण जी की भव्य शोभा यात्रा सह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल 151 महिलाएं शिव मंदिर पावर हाउस, टाउन घर होते रातू बड़ा तालाब तक गई।जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया गया। कलश का जलाभिषेक कर महिलाएं देवी मंडप होते वापस मंदिर परिसर में पहुंच कर कलश को स्थापित किया। यज्ञ स्थल पर वृंदावन से पधारे महेशाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन अपराह्न तीन बजे से छह बजे तक किया गया। बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी का पूजन व 11 सितंबर को मटका फोड़ व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर आलोक उरांव,दिलबोधन साहु,विवेक मिश्रा,सतेन्द्र पाठक,अमन साहु,निर्मला भगत,भरत कांशी,सतीश साहु,राजेश सिंह, संजय साहु, मोहन साहु, बड़े पाठक सहित अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

जशपुरिया पब्लिक स्कूल व बीएड कालेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

अनगड़ा। जशपुरिया पब्लिक स्कूल व बीएड कालेज में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव व शिक्षक दिवस मनाया गया। इसका उदघाटन जशपुरिया ग्रुप के संस्थापक जैलेन्द्र कुमार ने की। इस अवसर पर जशपुरिया स्कूल के बच्चों ने कृष्ण-सुदामा मिलन की शानदार प्रस्तुती दी। इसके अलावा फैंसी ड्रेस कंपटीशन, ग्रुप सॉन्ग, शिक्षक दिवस पर भाषण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएड कालेज के प्रिंसिपल डा. अनिल कुमार मिश्रा, स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी प्रिया, शिक्षिका नीतू प्रिया एक्का, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, मल्लिका कुमारी, फूलो देवी, अनन्या बड़ाईक, प्रीति बड़ाईक, बीरेंद्र हजाम, बसंती बड़ाईक सहित अन्य उपस्थित थे।

पर्यटक के गुम हुए बैग को युवक ने लौटाया

अनगड़ा। बुरूईपुर 24 परगना कोलकाता से हुण्डरू फाल घूमने आये पर्यटक अमलना साधुखान के गुम हुए बैग को समाजसेवी सोनू बेदिया ने ढूंढकर वापस कर दिया। अमलना अपने कुछ स्वजनों के साथ मंगलवार को हुण्डरूफाल घूमने पहुंचा था। झरना से वापस उपर चढ़ने के क्रम में उसका बैग गुम हो गया। इस बात की जानकारी उसने सोनू बेदिया को दी। तत्काल सोनू बेदिया अपने कुछ साथियों के साथ झरना के पास गया। कई लोकेशनों में बैग को ढूंढा। कुछ देर बाद बैग उसे मिल गया। बैग में क्रेडिट कार्ड, नकदी सहित कपड़ा था। बाद में अमलना से इस कार्य के लिए सोनू को नकद राशि देनी चाही तो उसने इससे इंकार कर दिया। सोनू बेदिया के इस काम की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

नए सत्र के छात्रों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

अनगड़ा। उषा मार्टिन विवि द्वारा मंगलवार को नए सत्र के छात्रों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन मंगलवार को एमबीए, बीबीए,बी कॉम,बीटेक,मास कम्युनिकेशन,लॉ,इंग्लिश, इंजीनियरिंग और डिप्लोमा के छात्रों का ओरिएंटेशन किया गया। कार्यक्रम में कुल 1000 छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रो चांसलर प्रो एससी गर्ग , कुलपति प्रो मधुलिका कौशिक , रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार मिश्रा एवं डीन अकादमिक प्रो हिमांशु नारायण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया क वक्ताओं ने विवि से जुडी महत्वपूर्ण जानकारिया छात्रों को दी। विवि के एकेडेमिक उपलब्धियों एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। विवि द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं जैसे ई - लाइब्रेरी, ओपन रिसोर्सेज , ई आर पी सिस्टम के बारे में बताया गया। विभिन्न विभागों के अध्यक्षों ने भी अपने अपने विभाग के बारे में सम्बंधित छात्रों को जानकारी दी कइस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे क

शिक्षक दिवस पर बेड़ो कॉलेज के संस्थापक की प्रतिमा रही उपेक्षित

बेड़ो: रांची गुमला व लोहरदगा जिले में शिक्षा के उजाले से जिंदगी को रौशन करने वाले करमचंद भगत कॉलेज के परिसर में स्थापित कॉलेज के संस्थापक स्व करसमचंद भगत की प्रतिमा इस बार शिक्षक दिवस पर सम्मान नहीं दिया गया।जबकि इस कॉलेज की स्थापना स्व करमचंद भगत ने 5 सितंबर 1979 ई में किया था। वही कॉलेज प्रबंधन की इस लापरवाही के कारण समाज सेवियों व पूर्ववर्ती छात्रों में रोष व्याप्त है। कॉलेज परिसर में करमचंद भगत की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। ताकि छात्रों उनके द्वारा शिक्षा के लिए बनाया गया इस कॉलेज को याद कर सकें। लेकिन उनकी मूर्ति की उपेक्षा की जानी लगी। प्रतिमा का इस तरह से उपेक्षित होना प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर भाजपाइयों ने की बेड़ो में बैठक

बेड़ो: मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बेड़ो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल स्थित भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, मंडल भाजपा नेता जगरनाथ भगत, अध्यक्ष आलोक मिश्रा, नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, रांची जिला ग्रामीण किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तेजू दास, कुमुद कुमार वर्मा, अरूण प्रसाद गुप्ता, तुलसी साहू, गणेश राम महथा, आदित्य त्रामकार, बिंदेश्वर राम, चंद्र किशोर उरांव, कमलेश लाल, रविशंकर कुमार समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राज्यपाल ने शिक्षक दिवस की दी बधाई

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन किया है। साथ ही राज्यपाल ने मंगलवार को ट्वीट कर समाज को मार्गदर्शन देने वाले सभी शिक्षकों को "शिक्षक दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

कैबिनेट: पटना विश्वविद्यालय के लिए 163 करोड़ सहित 32 एजेंडों पर लगी मुहर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पटना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विज्ञान ब्लॉक, नये बालिका छात्रावास (02 ब्लॉक) एवं स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण के लिए 1,63,60,29,000 (एक अरब तिरसठ करोड़ साठ लाख उनतीस हजार रुपये) की योजना सहित कुल 32 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि एससी-एसटी कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित सभी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आवासन की अवधि में भोजन (जलपान सहित) की व्यवस्था, पोशाक की आपूर्ति, सहित सामुदायिक संगठन के माध्यम से किये जाने एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मुंगेर जिलान्तर्गत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण के लिए 14.7681 एकड़ रैयती भूमि के लिए 1,51,13,09,700 (एक अरब इक्यावन करोड़ तेरह लाख नौ हजार सात सौ) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के तहत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा (सारण) में 500 बेड के अस्पताल के लिए मेडिकल उपकरण आदि की आपूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल तिहत्तर करोड़ दो लाख चौवालिस हजार की लागत पर स्कीम (योजना) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के गोपालगंज जिला में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लि., पटना से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त मॉडल प्राक्कलन के आधार पर दो अरब निन्यानवे करोड़ अठहत्तर लाख की लागत पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के अन्तर्गत चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत डीपीआर के अधीन दलहन फसलों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में दलहन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत कुल एक सौ आठ करोड़ उनसठ लाख पैंतीस हजार तीन सौ चौहत्तर रुपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के ही तहत चतुर्थ कृषि रोड मैप (डीपीआर) अन्तर्गत केन्द्र प्रायोजित योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन की उपयोजना राष्ट्रीय बागवानी मिशन (60:40) के कार्यक्रमों के वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यान्वयन के लिए कुल छियालीस करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रुपये, जिसमें केन्द्रांश 24 लाख रुपये एवं राज्यांश 16 लाख रुपये तथा राज्य योजना मद से अतिरिक्त टॉप-अप छह करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई।

विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो में कई तरह के कार्यक्रम किये गये

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। शिक्षक दिवस के अवसर पर सूर्यपुरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो में कई तरह के कार्यक्रम किये गये। वही गुरु-शिष्य की परम्परा का निर्वाह करने के साथ छात्र-छात्राओ ने अपने गुरुजनों को यथाशक्ति उपहार भेंट किया तथा केक भी काटा गया। कई शिक्षा संस्थानों में विभिन्न तरह के प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वही संस्थानों मे बच्चो के बीच शिक्षको द्वारा शिक्षक दिवस क्यो मनाते है, इस पर विस्तार से बच्चो के बीच शिक्षकों द्वारा बताया गया। जबकि प्राचीन परंपरा के तहत आज भी गुरु के प्रति शिष्यों का आदर दिखाई दे रहा है। छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को भेंट दिया और गुरुजन अपने गुरू को दिये।

नई परिवेश में भी गुरु के प्रति बच्चो में है आस्था

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। शिक्षक दिवस को लेकर छात्र एवं छात्राओं ने परम्परा के मुताबिक अपने गुरु को भेंट भिन्न-भिन्न तरह के गिफ्ट दिये। खासकर नन्हें बच्चों में भी अपने गुरुजी के लिए भेंट देने की ललक देखी गई। वही सलमा जिया कुमारी, खुशबू, रिया, जुही, रोहित, चन्दन, आदि बच्चों ने कहा की हम अपने सर जी को गिफ्ट देने के लिए कई दिनों से अपने खर्च में से पैसा जमा किए थे। हम सब भी अपने सर को कलम आदि दिये। इस तरह नई परिवेश में भी गुरु के प्रति बच्चो में आस्था देखी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रति जागरूकता अभियान

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चंपारण। आगामी दिनांक 9 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत को सफलता को लेकर आज दिनांक 5 सितंबर को प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रमोद कुमार यादव द्वारा बताया गया कि यह रथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस नेशनल लोक अदालत के प्रति जागरूकता फैलाऐगा। वही प्राधिकार के सचिव अशोक कुमार मांझी ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत को सफलता को लेकर सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक वादो का निष्पादन किया जा सके। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय बेतिया के सभी न्याय कर्मचारी भी उपस्थित थे।

पंच, सरपंच संघ ने ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत पंच, सरपंच संघ ने मंगलवार को अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। इसका नेतृत्व सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय प्रसाद ने किया। इनकी प्रमुख मांगों में सरपंच को मजिस्ट्रेट का पावर, सरपंच, उपसरपंच, पंच को जनसंख्या के आधार पर वेतन भत्ता, सुरक्षा, स्वास्थ्य, एवं पूर्ण बीमा समेत वर्ष 2006 से निर्वाचित ग्राम कचहरी के प्रतिनिधियों को पेंशन मुहैया कराया जाना इत्यादि शामिल हैं। जिला पंच-सरपंच संघ के संरक्षक सह पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने धरनार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत स्तरीय विकासात्मक कार्यों की समीक्षा व जांच, प्रहरी की नियुक्ति, मानदेय भत्ता की बढ़ोतरी, रक्षा-सुरक्षा में पुलिस प्रशासन का सहयोग और वंशावली आदि मांगों की पूर्ति देख कर मुखिया संघ के कुछ नेता तिलमिला गये हैं और जिसके चलते वे हड़ताल और धरना-प्रदर्शन करने को विवश हो गये। बाद में जिला संरक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंगरावं ग्राम कचहरी के सरपंच ने बीडीओ जफर इमाम को अपनी मांगों वाला एक ज्ञापन भी दिया। अन्य धरनार्थियों में बलिराज सिंह, सीमा सिन्हा, राकेश कुमार, सुखदेव साह, शगुफ्ता बेगम, उपसरपंच विकास प्रसाद, त्रिदेव कुमार, विकास कुमार, रामसुंदर पासवान, तारा मुनि देवी, उमेश सिंह, मेराज ठाकुर, किरण देवी, पंच विजय सोनी, रामलखन और गिरजा देवी इत्यादि शामिल हैं।

कुशवाहा भवन में शहीद जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस मना

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। 5 फरवरी 2023 दिन मंगलवार को कुश मंदिर सह कुशवाहा सभा भवन डेहरी में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी का शहादत दिवस मनाया गया। अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को मानने वाले लोग कुश मंदिर सह कुशवाहा सभा भवन डेहरी के प्रांगण में उपस्थित हुए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्यारह बजे दिन में कुशवाहा भवन डेहरी से जुलूस के रूप में निकले और जगदेव प्रसाद के गगनचुंबी नारों के साथ मोहन बिगहा चौक स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा के पास पहुंचे और बारी-बारी से माला डालकर और पुष्प अर्पित कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात कुशवाहा भगवान के प्रांगण मे कुशवाहा भवन के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें वक्ताओ ने बताया कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद सौ में नबे शोषित है नबे भाग हमारा है दस का शासन नबे पर नहीं चलेगा नहीं चलेगा का नारा दिए थे। वे भय, भूख, भ्रष्टाचार, अमीरी गरीबी, पाखंड बाद को मिटाकर एक नए समाज का निर्माण करना चाहते थे जिसमें सबको बराबर का अधिकार हो। सभा मे मुख्य रूप से अजय कुशवाहा, ई लक्ष्मण सिंह, लाल बिहारी सिंह, अशोक सिंह, राम प्रसाद सिंह,नरसिंह मेहता, बिंदेश्वरी सिंह, प्रमोद महतो, उर्मिला बहन, किरण कुशवाहा, मनीष कुमार, राम जी सिह, मुन्ना कुशवाहा, अमरेंद्र सिह, सतेन्दरसिह,अजय कुमार, बलजीत सिह आदि लोगों ने शाहिद जगदेव प्रसाद के विचारों पर प्रकाश डाला।उनके कई विचार हैं जो पिछड़ी, अतिपिछड़ी जाति की राजनीतिक लड़ाई को ताकत देते हैं। जगदेव प्रसाद ने कहा था- सौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है, धन-धरती और राजपाट में, नब्बे भाग हमारा है।

भारत के महान शिक्षाविद थें डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन : डॉ0 मनीष

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में 5 सितंबर मंगलवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह व सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय, आरा सह शिक्षक प्रतिनिधि डॉ० मनीष रंजन ने महाविद्यालय प्रांगण स्थित मंगलवार को ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष महान शिक्षाविद डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही साथ महाविद्यालय के समस्त कर्मियों सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद कर नमन किया। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों और छात्र-छात्रों के बीच मिठाइयां भी बाटा गया। वही शिक्षकों को छात्र-छात्राओं ने कलम-बुके भेंट कर उनसे गुरु स्वरूप आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के पहले उप-राष्ट्रपति सह दूसरे राष्ट्रपति भी थें। जो भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक शिक्षा जगत के महान पुरुष थे। जिनको सन 1954 में भारत सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत भी किया गया था। ज्ञात हो कि राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 ई० में हुआ था। जिस उपलक्ष्य में हर साल इसी तिथि को स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में इन्हें याद कर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। जिस अवसर पर सभी विद्याथीयों सहित लोगों को उनके आदर्श भरें मार्ग पर चलने का संकल्प अवश्य लेना चाहिए। मौके प्रोफेसर-वीर बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, बलवंत सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, अरविंद सिंह, विवेक कुमार, दिनेश पाठक, अजय सिंह, दिनेश कुमार, विष्णु शंकर दुबे, नेहा कुमारी, वर्षा सिंह, सरिता सिंह, अनिता सिंह, पवन उपाध्या व चिंटू सिंह, अभय अजय महाजन, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, हरीओम कुमार, संतोष कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित थें।

गड़हनी में लगभग 32 घण्टे से स्कूल निर्माण के सवाल पर सड़क पर चलता रहा स्कूल आंदोलन

नवप्रदेश प्रतिनिधि गड़हनी। आरा-सासाराम मुख्य सड़क पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार पर सोमवार से चल रहे सड़क पर स्कूल आंदोलन के लगभग 32 घण्टे से आंदोलन जारी हैं। वही बीती रात 10 बजे के करीब वार्ता करने को ले आये आरा सदर एसडीएम लाल ज्योति नाथ सहदेव व जिला शिक्षा पदाधिकारी मो० अहसन व बीईओ गड़हनी सह डीपीओ एमडीएम शोभाकांत,पिरो एसडीपीओ राहुल सिंह स्कूल आंदोलन स्थल पहुँचे,सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने विधायक व छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से 15 दिन में स्कूल निर्माण कराने का आश्वासन दिया लेकिन विधायक ने स्कूल निर्माण कार्य शुरू करने की गारन्टी पर आन्दोल छोड़ने की बात कही।और कहा कि आप कल मत आइयेगा कल डीएम भोजपुर आएंगे और उनसे हमारी वार्ता होगी ताकि स्कूल निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दे यदि कल डीएम साहब नही आते हैं तो परसो अपर मुख्य सचिव के०के०पाठक को आना पड़ेगा,और आ कर बच्चे से माफी मांगे और स्कूल निर्माण कार्य शुरू कराए तब जा कर आंदोलन समाप्त होंगी। वार्ता के शुरूआती दौर में विधायक ने बीईओ गड़हनी को जमकर फटकार लगाया और कहा कि आप बच्चे से माफी मांगिये की सुबह 10 बजे से आंदोलन चल रहा और आप 10 बजे रात को वार्ता करने आए हैं,आपको माफी मांगना होगा तब कुछ बात की जाएगी,यही नही विधायक ने उपस्थित बीडीओ को भी फटकार लगाया उससे कहा कि आप एनओसी कैसे दिए कि पंचायत सरकार भवन में स्कूल चले। आज फिर कल की तरह मंगलवार के सुबह भी दस बजे स्कूल की घण्टी बजी और स्कूल की कार्यवाही शुरू कर दी गई।दोपहर में लंच के समय भेज बिरियानी बच्चों को खिलाया गया साथ ही मंच पर बैठे जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों एवं माले के टीम ने भी बिरियानी का आनंद लिया।वही आंदोलन के दौरान इमरजेंसी सेवा, एम्बुलेंस,स्कूली गाड़ियां आदि को छोड़ा गया। बाकायदा घंटी बजाकर क्लास में हर घण्टी में अलग अलग विषयों की कक्षाएं चली । विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि अगर स्कूल निर्माण कार्य शुरू नही होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा चाहे मुझे जेल क्यों न जाना पड़े। वही कहा कि वार्ता करने आए पदाधिकारी सामंती विचार के हैं लोकतांत्रिक विचारधारा दिखाई नही दिया। बच्चे के साथ भोजपुर प्रशासन निरंकुशता पूर्वक व्यवहार कर रही हैं बच्चे दो दिन से सड़क पर स्कूल लगा कर आंदोलन कर रही हैं।

धूमधाम से विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। देश भर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया गया। कहा जाता है कि सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के कुछ साथी एवं पूर्व छात्रों ने उनके जन्मदिन मनाने की आग्रह की इस पर उन्होंने सुझाव दिए कि उनका जन्मदिन मनाने के बजाय इस दिन शिक्षकों के सम्मान के लिए निर्धारित कर शिक्षक दिवस मनाना चाहिए तभी से हर साल 5 सितंबर को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिले के संत जेवियर्स हाई आईटीआई बुद्धा कॉलोनी पुलिस लाइन समीप स्थित इंग्लिश एजुकेशन सेंटर संत कबीर पब्लिक स्कूल आदि प्रत्येक विद्यालय तथा निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस कि धूम देखने को मिली। वही एलेजा इंस्टिट्यूट में कुंदन कुमार पाठक एवं वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट सचिव निरंकार भास्कर ने संयुक्त रूप से केक काटा। इस इंस्टीट्यूट से पढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे पूर्वोत्तरी छात्र रमेश कुमार, सब इंस्पेक्टर मोहित राज, सब इंस्पेक्टर डॉक्टर अरविंद कुमार, असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर राहुल राव आदि ने अपने गुरुओ से आशीर्वाद लिए और उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी श्री पाठक सर और श्री भास्कर सर के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से इस मुकाम तक पहुंचे क्योंकि गुरु ईश्वर से भी बड़ा होता है।

पुलिस द्वारा शव दफनाने पर अफवाह फैलने से बंधवा गांव में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

विधायक और एसडीपीओ के पहल पर अज्ञात शव को दूसरे जगह दफनाया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि तरारी। पुलिस द्वारा सोमवार की रात बंधवा गांव में अज्ञात शव को दफनाने पर कुछ लोगों द्वारा गलत अफवाह फैलाने के कारण मंगलवार की सुबह भाकपा माले के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने बंधवा गांव के समीप सड़क जाम कर दिया। करीब दो घंटे सड़क जाम होने से तरारी बिहटा पथ पर आवागमन ठप हो गया। बताया जाता है कि तरारी थाना पुलिस ने सोमवार को जेठवार शिव मंदिर स्थित पोखर से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था। शव की पहचान नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर तरारी थाना लेते आई । रात में इस शव को बंधवा गांव स्थित श्मशान घाट में दफना दिया। बंधवा गांव के विकास कुमार समेत कुछ लोगों द्वारा व्हाट्सएप और अन्य तरीके से अफवाह फैला दी गई कि पुलिस किसी व्यक्ति को मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया है और शव को दफना दिया है । बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को दफनाया गया है। अफवाह यह भी फैला दी गई की इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सैकड़ो लोगों पर प्राथमिक की गई है। बंधवा गांव के अफवाह फैलाने वाले विकास कुमार और एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसे बाद में छोड़ दिया। अफवाह पर विश्वास कर भाकपा माले के नेता ददन राम राम दयाल पंडित रंजन पासवान सुधीर यादव सुदामा राम नीतीश कुमार वीर बहादुर कुमार के नेतृत्व में बंधवा गांव के सैकड़ो महिला पुरुष सड़क पर उतर गए। तरारी बिहटा सड़क को बंधवा गांव के समीप जाम की सूचना से स्थानीय विधायक सुदामा प्रसाद एसडीपीओ राहुल सिंह थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर मौके पर पहुंच गए। वार्ता के दौरान लोगों की मांगों पर विचार करने के बाद विधायक और एसडीपीओ कि पहल पर बंधवा में गाड़े गए शव को तरारी स्थित वीरेंद्र बैठा के दखली जमीन में दोबारा दफनाया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को पुलिस ने छोड़ दिया। तरारी थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर ने कहा कि अज्ञात शव को बंधवा गांव स्थित श्मशान घाट में दफना दिया गया था। ग्रामीणों द्वारा बेवजह अफवाह फैलाकर मामले को तुल दे दिया गया।

सरपंच पंच संघ के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की गई

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। राज्य सरपंच संघ के बैनर तले मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड पंच सरपंच संघ के तत्वावधान में अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में राज्यव्यापी एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सरपंच संघ के अध्यक्ष मो शमीम एवं संचालन उपाध्यक्ष शिवयश पाल ने किया। धारणा को संबोधित करते हुए प्रखंड के पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष मो शमीम ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत के ग्राम कचहरियों को सर्व सुविधा संपन्न बनाते हुए प्रतिनिधि एवं कर्मियों की रक्षा सुरक्षा की व्यवस्था की जाए. आगे कहां की पंचायती राज के लिए महात्मा गांधी जी की सपना को साकार करने में ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि कर्मिंगन को काफी सुविधा हो रही है जबकि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 80% आबादी निवास करती है जिनका न्यायिक एवं विकासात्मक कार्य बाधित होता है। संघ के उपाध्यक्ष शिवयश पाल ने कहा कि सरकार के द्वारा ग्राम कचहरी के लिए संविदा पर कार्यरत कर्मियों को अस्थाई की जाए एवं सरपंच संघ की सभी मांगों को अभिलंब पूरा किया जाए. वही संघ के सचिव सरपंच अशोक सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा ग्राम कचहरी के लिए पूर्व में किए गए सभी वादों को पूरा किया जाए तथा सरपंच के सभी 11 सूत्री मांगों को पूरा किया जाए। वहीं अंत में संघ के शिष्टमंडल मंडल ने धरना पर उपस्थित बीडीओ वीणा पाणि को अपनी विभिन्न मांग की लिखित ज्ञापन सौंपा बीडीओ ने कहां की आपके द्वारा दी गई यह ज्ञापन आगे भेज दिया जाएगा।

एक नजर

वीआईपी पार्टी के समर्थकों ने विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी को दिखाये काले झंडे, विरोध में जमकर लगाए नारें

नवप्रदेश मसौढ़ी। मसौढ़ी में वीआईपी और बीजेपी कार्यकर्ता आमने सामने हो गए,. दोनों के बीच धक्का मुक्की भी शुरू हो गई। वजह थी बीजेपी के नेता और बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष हरिसहनी मसौढ़ी आए हुए थे, इसी दौरान वीआईपी समर्थकों ने उनको काले झंडे दिखाकर विरोध जताया हरिसहनी को काले झंडे दिखाए। वीआईपी समर्थकों बिहार विधान परिषद के नेता विपक्ष हरि सहनी का जैसे ही काफिला मसौढ़ी पहुंचा, विकासशील इंसान पार्टी के समर्थक काला झंडा लेकर निषाद समाज विरोधी के नारे लगाने लगे। हालांकि इस दौरान भाजपा के भी समर्थक वहां पहुंच गए। और काले झंडे लेकर विरोध कर रहे लोगों के साथ धक्का मुक्की करने लगे, और प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने का प्रयास किया। 'हरिसहनी भरोसे इस्क की एड्स पॉलिटिक्स ! सियासी दलों के लिए सहनी वोट बैंक क्यों है मजबूरी हरि सहनी का रुक्ष ने किया विरोध : विकासशील इंसान पार्टी के दर्जनों समर्थक आज बीजेपी के बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी के काफिला को काला झंडा दिखाते हुए उन पर निषाद समाज के आरक्षण विरोधी का नारा लगाते हुए उन्हें गो बैंक का नारा दिया। काला झंडा दिखाकर जताया विरोध : दरअसल बताया जाता है कि जब से हरि सहनी बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष बने हैं, इस दौरान मुकेश साहनी के समर्थकों में काफी आक्रोश पनपता जा रहा है। जहां-जहां उनका कार्यक्रम चल रहा है, वहां-वहां विकासशील इंसान पार्टी के समर्थक पहुंचकर उन्हें विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में सोमवार को भाजपा के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंच रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी के काफिले को काला झंडा दिखाते हुए मुदार्बाद के नारे लगे।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों मनाया शिक्षक दिवस

नवप्रदेश प्रतिनिधि नौतन। प्रखंड के शिवराजपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थी द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को मनाया गया 5 सितंबर के शुभ अवसर पर धूमधाम के साथ बच्चों ने शिक्षा को गिफ्ट देकर किया जोरदार स्वागत स्वागत की शिक्षक ने अपने अपने विद्यार्थियों को खुशी पूर्वक आशीर्वाद दीए। दिलीप कुमार ने प्रधानाध्यापक रामायण सर को गिफ्ट देकर आशीर्वाद लिए गुरुजी ने दिलीप कुमार को बुद्धिमान होने की आशीर्वाद दीए।

शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने नवपदास्थापित अनुमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात



नवप्रदेश प्रतिनिधि जगदीशपुर। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) के जगदीशपुर इकाई के शिक्षकों ने जगदीशपुर के नवपदास्थापित अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार से मुलाकत की। शिक्षको ने अपने साथ होने वाली समस्याओं से उनको अवगत कराया तथा शिक्षा के उन्नति एवं सामावेशी उपायों पर विस्तृत सकारात्मक चर्चा किए, एसडीओ महोदय द्वारा शिक्षको को आस्वासन दिया गाया कि आप अपनी कार्य सर्वोप्रमुखता से करते रहिए, हम तत्परता से आपके साथ है। इस वार्ता में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट, जगदीशपुर इकाई के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार के साथ-साथ लालबाबु राम, जर्नाधन सिंह, आनंद कुमार मेहता, सुरेन्द्र सिंह तथा राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गई

नवप्रदेश प्रतिनिधि डिहरी। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों मे शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गई।जिस मौके पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिन शैक्षणिक संस्थानों मे कार्यक्रम आयोजित की गई उनमें जेआरएस इंटरनेशनल स्कूल, बाल वाटिका विद्यालय, टैलेंट पब्लिक स्कूल, आदर्श प्रतियोगिता निकेतन, रोहतास विद्यापीठ, सनबीम पब्लिक स्कूल सन राइजिंग पब्लिक स्कूल, अरबिंदो अकैडमी साहित जनता बालिका विद्यालय में भी शिक्षक दिवस समारोह आयोजित की गई। जहाँ इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की प्रतिमा पर विद्यालय संचालक जग नारायण पांडेय द्वारा माल्यार्पण कर धूप दीप अर्पित की गई इसके बाद विद्यालय के छात्राएं विजेता भूमि शालू श्वेता सहित छात्राओं ने परिचर्चा में भाग लेते हुए शिक्षक एवं छात्रों की औचित्य को तथा शिक्षक की गरिमा की चर्चा की उन्होंने अपने व्यक्तित्व में कहीं कि बगैर शिक्षक के शिक्षित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षक अपने कार्यों से सदा अमर रहते हैं। जिन्हें समाज द्वारा भी सम्मानजनक नजरों से देखा जाता हैं।

11 सूत्री मांगों को लेकर पंच व सरपंचो ने दिया धरना

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। पंच व सरपंचों ने प्रखंड मुख्यालय पर 11 सूत्री मांगो को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया। मुख्य रुप से सरपंचों को मजिस्ट्रेट का अधिकार व सुविधा देने, मानदेय में बढ़ोतरी करने, ग्राम कचहरी के प्रतिनिधियों को पेंशन देने, पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार देने आदि ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में पंच, उपसरपंच व सरपंचों ने, बिहार राज्यस्तरीय संघ के आह्वान पर धरना दिया। ग्यारह सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपने के बाद धरना का समापन किया। धरना में सरपंच विजय बहादुर सिंह, संदीप कुमार सिंह, धनेश्वर गुप्ता, मनु देवी, रिंकी देवी, शेख आफताब आलम आदि पंच सरपंच सभी शामील हुए। धरना की अध्यक्षता प्रखंड सरपंच संघ की अध्यक्ष अनिता देवी ने किया।

भाजपा का पोल खोल अभियान के तहत जदयू कार्यकताओं ने निकाला मशाल जुलूस

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के निदेर्शानुसार जाति आधारित गणना के विरोधी भाजपा का पोल खोल अभियान दिनांक 1 सितंबर 2023 से 20 सितंबर 2023 तक जारी के क्रम में दिनांक 4 सितंबर 2023 दिन सोमवार को संध्या 6:00 बजे जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सांसद सुनील कुमार कुशवाहा , पूर्व जिला अध्यक्ष एवं उत्तर बिहार के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एन एन शाही , तिरहुत-1 प्रमंडल कार्यक्रम प्रभारी रविन सिन्हा, मुख्य प्रवक्ता कर जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर देव नारायण राम, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरैया साहाब, रेखा देवी, बीना देवी फिजा खातून, अनवरी खातून सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मसाल जुलूस में सम्मिलित हुए।

मसौढ़ी मे बर्थडे पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग, युवक गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा



नवप्रदेश मसौढी। मंगलवार को बीते सोमवार की शाम पिपरा थाना क्षेत्र के मखदुमपुर हाई स्कूल के पास कुछ बाहरी लड़कों के द्वारा हर्ष फायरिंग की गई थी। घटना के संदर्भ में मंगलवार को मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी शुभम आर्या ने प्रेस वार्ता मे संबोधित करते हुए बताया है कि किशन कुमार के बर्थडे पार्टी मनाने के दौरान ये सभी लोग फायरिंग फायरिंग कर रहे थे। तभी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मिले सूचना उपरांत पिपरा थाना और केवड़ा ओपी थाना पुलिस टीम ने घटना के सत्यापन हेतु मौके पर पहुंची। तथा मखदुमपुर स्कूल के पास ग्रामीण और दोनो थाना की पुलिस टीम के सहयोग से घेराबंदी कर अपराध कर्मी केतु कुमार पिता राजेश्वर प्रसाद साकिन शिव शंकर नगर, दाउदपुर मसौढ़ी, मनोज कुमार निराला पिता कृष्णा प्रसाद, साकिन शकरपुरा थाना धनरूआ, रवि शंकर कुमार उर्फ छोटू कुमार पिता संजीत कुमार साकिन मनी चक थाना मसौढ़ी और मनीष कुमार पिता सीताराम यादव साकिउ मनीचक थाना मसौढ़ी को एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली, एक खोखा, एक बड़ा तलवार, तीन मोबाइल, एक स्कार्पियो वाहन तथा एक एक्स यू भी वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया।

संपादकीय

बिन शिक्षक सब सून

हमारे यहां गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान देने की परंपरा रही है। कहां भी गया है। गुरु गोविंद दोऊ द्वार खड़े काके लागू पाए। बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दिए मिलाए। भारत में गुरू का स्थान बेशक ऊंचा हो लेकिन वर्तमान में गुरुजनों की दशा दयनिय हो चुकी है। वैसे तो हर साल भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जन्मतिथि 5 सिंतबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस एक दिन को गुरुजनों के नाम पर समर्पित किया जाता है। देश भर में गुरूजनों का सम्मान किया जाता है। उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। किन्तु सिर्फ एक दिन शिक्षकों को सम्मानित करने से कुछ नहीं होगा। आज गुरुजनों की जो स्थिति है वह किसी से छिपी नहीं है। शिक्षकों को एक समय में सर्वोच्च स्थान दिया जाता था, लेकिन आज शिक्षकों को आज वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है। शिक्षक बनने में भी लोगों की रूची घटती जा रही है। जब और कोई सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती तब अंतिम विकल्प के रूप में लोग शिक्षक बनते हैं। इसी से समझा जा सकता है कि शिक्षकों की स्थिति कैसी है। सरकार भी शिक्षकों की सुध नहीं ले रही है। देश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों पर गैर शैक्षिक कार्यों का बोझ इस कदर लाद दिया गया है कि वे अपना मूल काम कर ही नहीं पाते। वैसे भी देश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद रिक्त पड़े हुए हैं। हर साल हजारों शिक्षक सेवा निवृत्त होते है, लेकिन उनके स्थान पर नयी नियुक्ति नहीं की जाती। नयी शिक्षा नीति का जब एलान हुआ था, तब प्रत्येक 25 छात्रों पर एक शिक्षक का अनुपात सुनिश्चित किया गया था और देश में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों पर कम से कम दस लाख शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति की बात की गई थी लेकिन अभी तक नियुक्ति नहीं हो पायी है। नियमित शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षा मित्र तदर्थ शिक्षक, अतिथि शिक्षक और शिक्षाकर्मी के रूप में अस्थाई शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है और उनसे भी गैर शैक्षिक कार्य ज्यादा कराए जाते हैं। उन्हें न तो उचित वेतनमान दिया जाता है और न ही उन्हें स्थाई करने की गारंटी दी जाती है। नतीजतन सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में तो स्थिति यह है कि एक शिक्षक पर पांच-पांच कक्षाओं के छात्रों को पढ़ाने की जिम्मेदारी डाल दी गई है। ऐसे में बेचारा शिक्षक कैसे इतने ज्यादा छात्रों को समुचित शिक्षा दे पाएगा। प्राइमरी और पूर्व माध्यमिक शालाओं की तरह ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी है खास तौर पर गणित और विज्ञान के शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है। नतीजतन अब सरकारी स्कूलों से लोगो का मोह भंग होने लगा है और साधन संपन्न पालक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भारी फिस चुका कर अपने बच्चों को नीजि स्कूलों में दाखिला दिलाने लगे है। शिक्षा के नीजिकरण के कारण ही सरकारी स्कूलों का महत्व कम होने लगा है और सरकारी शिक्षकों की पूछ परख भी कम होने लगी है। केन्द्र से लेकर राज्य सरकारें तक सरकारी स्कूलों को सुविधा संपन्न बनाने और वहां स्थाई शिक्षकों की नियुक्त कर शिक्षा के स्तर में सुधार के दिशा में कोई खास रुचि नहीं ले रही है। ऐसी स्थिति में शिक्षा स्तर कैसे सुधरेगा यह एक विचारणीय प्रश्न गया है। शिक्षा जैसी निःस्वार्थ सेवा का व्यवसायिकरण होने की वजह से ही शिक्षा व्यवस्था बदहाली का शिकार हो चली है और आधुनिक शिक्षा के नाम पर विद्यार्थियों को सतही ज्ञान ही दिया जा रहा है, जबकि शिक्षा का उद्देश्य चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना रहा है और नैतिक मूल्यों का विकास करना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा है। अब शिक्षा दिशाहीन हो रही है और इसी के साथ ही शिक्षकों का महत्व भी कम होने लगा है।

सामयिकी

मानव-हाथी द्वंद नहीं हो रहा खत्म

प्रदेश में फसल चौपट होने के साथ हाथी-मानव व्दंद खत्म होने के नाम नहीं ले रहा है। वन अमला की लाख सुरक्षात्मक जतन करने के बाद भी हाथियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। मदमस्त हाथियों का दल गांव में घुसकर संपत्ति के साथ मानव को भी नुकसान पहुंचा रहा है। आखिर इन हाथियों के आतंक का अंत कब होगा। करोड़ों रुपए खर्च कर हाथियों और महावतों को प्रशिक्षण देने के बाद भी हाथियों के आतंक को नहीं रोक पा रहा है। ताजा मामला जनपद पंचायत खडगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौंधा का है जहां एक दंतैल हाथी ने राजकुमारी पति वीरान सिंह को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। कोरिया जिले में लम्बे समय से हाथियों का दल कोरबा जिला होते हुए कोरिया के वन क्षेत्रों तक पहुंचता है और इस दौरान खडगवां वन क्षेत्र होते हुए रामगढ़ के गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान होते हुए इसी रास्ते से वापस चले जाता है। इस दौरान हाथियों का उक्त दल क्षेत्र में काफी उत्पात मचाता है। गांव के ग्रामीणों के फसलों को रौंद देता है। साथ ही उनके घरों को भी तोड़ देता है जिसके कारण गांव में निवास करने वाले ग्रामीण हाथियों के आने की खबर से ही दहशत में है। पिछले कुछ वर्षो से हाथियों के उक्त दल ने कोरिया जिले में आधा दर्जन से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया है जिसके बाद ग्रामीण अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर ज्यादा चिंतित रहते है। वैसे तो वन विभाग का अमला हाथियों के आने जाने पर अपनी नजर रखा है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाने के लिए भी लोगों को जागरूक करता है। इसके बाद भी किसी न किसी गांव में लोग हाथी का शिकार हो जाते है। गत 2 सितंबर को भी एक दंतैल हाथी ने जनपद पंचायत खडगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौंधा निवासी राजकुमारी पति वीरान सिंह को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया है. बताया जाता है कि उस दौरान महिला अपने घर पर खाना बनाने के बाद खा रही थी। इस दौरान एक हाथी उसके घर पर हमला कर दिया और खाना खा रही महिला को मारने लगा। इस दौरान घर के सदस्यों ने हाथी को भगाने का प्रयास किया, लेकिन विशाल हाथी के चंगुल से महिला को नहीं बचा सके। इधर हाथी ने महिला को कुचल-कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। फिर जंगल की ओर चला गया। घटना की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुँच परिजनों के आर्थिक मदद देने की बात कहीं और लोगों को हाथी से दूर रहने साथ ही हाथी को किसी तरह का नुकसान न करने की बात कही। ग्राम में उक्त महिला की मौत से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। बताया जाता है कि खडगवां वन मण्डल अंतर्गत कुछ दिन पूर्व ही 11 सदस्यीय हाथियों का दल पहुंचा था। इसी दल से एक दंतैल हाथी बिछड़ कर ग्राम पंचायत जरौंधा की ओर चला गया। दल से बिछड? के कारण हाथी ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि हाथी जब तक अपने दल से नहीं मिलेगा वह गुस्से में रहेगा। इस दौरान ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए प्रयास करने की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों में दल से बिछड़े इस इकलौते हाथी की वजह से दहशत व्याप्त है। हाथियों को नियंत्रित करने के लिए जिन हाथियों को वन विबाग ने प्रशिक्षित किया है वह कभी घटनास्थल पर दिकाई ही नहीं देता है। जबकि वन सुरक्षा अमला अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होने के बाद भी हाथियों के झुंड का लोकोशन पता नहीं कर पाना सबसे बड़ा संकट है।

कोचिंग मंडी कोटा पर आत्महत्या के दाग

रमेश सर्राफ धमोरा

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे।

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपये के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से

अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है।

ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं।

कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। कोटा की अर्थव्यवस्था कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

ऋषि सुनक के राम

आरके सिन्हा

कभी सोचिए कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है। यह आंकड़ा तो अरबों-खरबों में पहुंच जाएगा। भारत राम का नाम तो लेता रहेगा। राम का नाम भारत असंख्य वर्षों से ले रहा है और लेता ही रहेगा। गांधी जी भारत में रामराज्य की स्थापना देखना चाहते थे।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का हाल ही में राम कथा में शामिल होना और भगवान राम के प्रति आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति अनुकरणीय है। यह साफ है कि जो जितने अंश में ही हिन्दू है, उसका उतने अंश में ही स्वागत हो। ऋषि सुनक ने न केवल अपने देश ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा में ह्लजय सिया रामह्व का उद्घोष किया बल्कि वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिये हिन्दू धर्म के सहारे कार्य करते रहने का प्रण भी लिया। आज पूरे यूरोप में हिन्दुओं और हिंदू धर्म को करीब से जानने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। राम कथा के बाद कई घंटो तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक भगवान श्रीराम के प्रसाद का वितरण करते रहे। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में मुरारी बापू की राम कथा में ऋषि सुनक ने भाग लेकर सही संदेश दिया कि वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ-साथ एक आस्थावान सनातनी हिंदू भी हैं। कई दशकों पहले सुनक का परिवार भारत छोड़कर अफ्रीका होता हुआ इंग्लैंड में जाकर बस गया था।

पाश्चात्य संस्कृति का इस परिवार पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। इसके उलट भारत में दो लाइन पढ़ लेने वाला सबसे पहले राम और रामायण पर ही सवाल उठाना शुरू कर देता है। यह महज सस्ती लोकप्रियता के लिए किया जाता है। यह किसी दूसरे धर्म में कभी नहीं होता। वहां धर्मगुरु की बात पत्थर की लकीर हो जाती है। भले ही लाख बुराइयां क्यों न हों। मगर हम सनातनी तो अपनी ही जड़ खोदने में लगे रहते हैं। सुनक ने हालांकि खुलकर अपने को हिंदू बताया पर उनपर कभी किसी ने यह आरोप नहीं लगाया कि वे हिंदुओं के प्रति कोई नरम रवैया रखते हैं।

दरअसल राम सिर्फ भारत के नहीं हैं। उनके प्रति सारा संसार आस्था का भाव रखता है। राम तो सारी मानव जाति के हैं। वे कण-कण में हैं। संसार के कई देश राम से अपने को जोड़ते हैं। राम उनके आदरणीय हैं। अयोध्या के कोरिया से 2000 वर्ष पुराने रिश्ते बताए जाते हैं। वहां भी एक अयोध्या है जिसे ह्लअयुताह्व कहा जाता है। रामकथा विभिन्न देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। उन सबसे भारतीयों का भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर भी रामायण की गहरी छाप है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ था। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है।

मुस्लिम देश इंडोनेशिया की रामलीला के बारे में अकसर लिखा जाता है। जब वहां के राष्ट्रपति सुकर्णो के विरुद्ध साजिश रची गयी तो बीजू पटनायक (ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पिता) अपने विमान से उन्हें बचा कर लाए थे। सुकर्णो की बेटी का जन्म हुआ तो श्री पटनायक ने उनका नामकरण सुकर्णपुत्री मेघावती किया था। इसी नाम को वहां उन्हें लोकप्रियता मिली और अपने पिता की भांति वह भी सत्ता प्रमुख निर्वाचित हुईं। थाईलैंड में राजा को राम ही कहा जाता है। उसके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लगाता है। राज परिवार अयोध्या नामक शहर में ही रहता है ' ये स्थान बैंकॉक के करीब है। क्या ये कम हैरानी की बात है कि बौद्ध होने के बावजूद थाईलैंड के लोग अपने राजा को राम का वंशज होने के चलते विष्णु का अवतार मानते हैं? इसलिए थाईलैंड में एक तरह से आज भी राम राज्य कायम है '

हिन्दू प्रतीकों और संस्कृति को देखना-समझना है तो थाईलैंड से उपयुक्त राष्ट्र कोई नहीं हो सकता। दक्षिण पूर्व एशिया के इस देश में हिन्दू देवी-देवताओं और प्रतीकों को आप चप्पे-चप्पे पर देखते हैं। थाईलैंड में 90 प्रतिशत आबादी बौद्ध धर्मावलंबी है। फिर भी इधर का राष्ट्रीय चिह्न गरुड़ है। हिन्दू धर्म की पौराणिक कथाओं में गरुड़ को विष्णु की सवारी माना गया है। गरुड़ के लिए कहा जाता है कि वह आधा पक्षी और आधा पुरुष है। उसका शरीर इंसान की तरह का है, पर चेहरा पक्षी से मिलता है। उसके पंख भी हैं। इसी तरह इंडोनेशिया की राष्ट्रीय विमान सेवा का नाम भी गरुड़ एयरलाइंस है। कोई भी हिंदू , चाहे वह दुनिया के किसी कोने में भी रहता हो, वह राम के बिना संसार की कल्पना भी नहीं करता है। सुनक को पता ही होगा कि सारा भारत राम को अपना आराध्य मानता है। भारत के सबसे बड़े पौराणिक नामों में राम भी हैं। उनके बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन-से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता होगा।

कभी सोचिए कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है। यह आंकड़ा तो अरबों-खरबों में पहुंच जाएगा। भारत राम का नाम तो लेता रहेगा। राम का नाम भारत असंख्य वर्षों से ले रहा है और लेता ही रहेगा। गांधी जी भारत में रामराज्य की स्थापना देखना चाहते थे। गांधी जी ने ऐसे रामराज्य का स्वप्न देखा था जो पवित्रता और सत्यनिष्ठा पर आधारित हो। राम तो हर भारतीय के ईश्वर हैं। भारत तो ह्यरामराज्यह्ल स्थापित करना चाहता है। वे मात्र हिन्दू धर्म के भगवान ही नहीं हैं । बल्कि, वे भारत की मिट्टी की सांस्कृतिक धरोहर हैं। राम का नाम भारत से बाहर जा बसे करोड़ों भारतवंशियों को एक-दूसरे से जोड़ता है। राम आस्था के साथ सांस्कृतिक चेतना के भी महान दूत हैं। म्यांमार में भी राम हैं। यहां का पोपा पर्वत औषधियों के लिए विख्यात है। माना जाता है कि लक्ष्मण के उपचार के लिए पोपा पर्वत के ही एक भाग को हनुमान जी उखाड़कर ले गये थे। वे लोग उस पर्वत के मध्यवर्ती खाली स्थान को दिखाकर पर्यटकों को यह बताते हैं कि पर्वत के उसी भाग को हनुमान उखाड़ कर लंका ले गये थे। अत्यंत मृदुभाषी सुनक जी-20 देशों के राजधानी नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं। निश्चित रूप से उन्हें उस दौरान भगवान राम से जुड़ा जरूरी साहित्य भी भेंट किया ही जाएगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की



योगेश कुमार गोयल

बाल्यकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीला विख्यात हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आह्वान किया था, जिसके बाद हनुमान जी ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया।

प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। दरअसल मान्यता है कि इसी दिन मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया था। इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण की 5250वीं जन्माष्टमी मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार जन्माष्टमी का त्योहार 6 सितम्बर को मनाया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल अष्टमी तिथि बुधवार 6 सितंबर को दोपहर 3:37 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 7 सितंबर की शाम 4 बजकर 14 मिनट पर होगा। वैसे जन्माष्टमी का त्योहार आमतौर पर दो दिन मनाया जाता है, पहले दिन (स्मार्त) गृहस्थियों द्वारा तथा दूसरे दिन वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा। गृहस्थ लोग इस बार 6 सितंबर और वैष्णव सम्प्रदाय 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाएंगे।

भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी का इतना महत्व क्यों है, यह जानने के लिए श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी अलौकिक लीला को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वासुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस

देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया और देवकी की ससुराल पहुंचकर उसने अपने जीजा वासुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन करते हुए वादा किया कि उसके गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे वह कंस को सौंप दिया करेगी। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और वासुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस ने मार डाला। इसी प्रकार एक-एक कर उसने देवकी के सात बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने वासुदेव-देवकी पर पहरा और कड़ा कर दिया। आखिरकार वह घड़ी भी आ गई, जब देवकी ने कृष्ण को जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वासुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वासुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। भगवान ने वासुदेव से कहा, अब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी।

वासुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोर लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वासुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वासुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वासुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई।

कंस को जैसे ही कन्या के जन्म का समाचार मिला, वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंचकर उसने कहा, मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है। यह सुनकर कंस के होश उड़ गए। उसके बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। कंस ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने एक-एक कर उन सभी का संहार कर दिया। बड़ा होने पर कंस का वध कर उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वासुदेव और देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा।

बाल्यकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीला विख्यात हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आह्वान किया था, जिसके बाद हनुमान जी ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया। श्रीकृष्ण ने नररकासुर नामक असुर के बंदीगृह से 16100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया, जिन्हें समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिए जाने पर उन महिलाओं ने श्रीकृष्ण से अपनी रक्षा की गुहार लगाई और तब श्रीकृष्ण ने उन सभी महिलाओं को अपनी रानी होने का दर्जा देकर उन्हें सम्मान दिया था।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम जनता की समस्यायें

नव प्रदेश संवाददाता

मेदनीनगर पलामू। आम जनता की समस्याओं का त्वरित रूप से समाधान किया जा सके इसके निमित्त जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार में आमजनों की समस्यायें सुनी गई। जनसमस्याओं से जुड़ी विभिन्न विभागों संबंधी प्राप्त आवेदनों को समीक्षोपरांत विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई का निदेश दिया गया। सतबरवा प्रखंड के रजडेरवा गाँव से आये विनोद कुमार ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि वे बहुत ही गरीब परिवार से आते है और पिछले माह वे अपने पिता का पल्स ब्लॉकेज का ऑपरेशन राँची में कराया है जिससे उनके ऊपर काफी कर्ज हो गया है तथा उनको भी बोन टी.बी. है जिसकी वजह से वे कोई भी काम करने योग्य नहीं है। अतः उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त से मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी योजना का लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया। वही बंदुआ पंचायत के शिवाना महुगावा पंचायत के शिवपुर के अंतर्गत 1500 फीट डीपबोरिंग की शिकायत लेकर वहा के ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपने आवेदन के द्वारा अवगत कराया। उनलोगों ने बताया कि पांच माह पूर्व ट/र रोहित सहानी के द्वारा नेचर के नाम से पानी बेचा जा रहा है, जिससे हम सभी पंचायत वासियों को चापाकल से पानी लेने में बहुत दिक्कत हो रहा है। अतः उनलोगों ने उपायुक्त से निवेदन किया कि इस विषय पर उचित कार्रवाई करे और हम सभी बंदुआ वासियों को पीने के पानी के लिए जो समस्या उत्पन्न हो रही है उससे हमें निजात दिलाने का कृपा करें। छत्तरपुर से आयी रोकशान खातून ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि वे 50% तक विकलांग है तथा उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसलिए उन्होंने उपायुक्त से राशनकार्ड बनवाने के लिए अनुरोध किया। वही लेस्लीगंज से आयी सोना खातून ने बताया कि उनका एक लड़का है और उनके पति की मृत्यु हो चुकी है जिसकी वजह से पति के घर वाले उन्हें घर से बाहर निकाल दिए हैं जिससे कि वे बेघर हो गई है और मुझे मेरे पति का हिस्सा भी नहीं दे रहे है। अतः उन्होंने उपायुक्त से उचित कार्रवाई करते हुए मुझे हिस्सा दिलवाने में मदद करे ताकि वे अपने बच्चे का जीवन यापन सही से कर सकू। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

एक नजर

शिक्षक दिवस पर पथलगड़ा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

नवप्रदेश, चंदवारा। प्रखण्ड अंतर्गत पथलगड्डा में शिक्षक दिवस के मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ' जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमा शंकर अकेला यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव पासवान, युवा नेता कृष्णा यादव, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि अशोक सिंह, युवा नेता सुधाकर यादव, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव, कांग्रेस युवा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल दास, संतोष मोदी, मनोज साव, राजेश मोदी, प्रमोद वर्मा, ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मैच शुरू होने से पूर्व सभी अथितियो ने खिलाड़ीयो से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच हढाही और चिलोहीह के बीच खेला गया। दोनो टीमों के बीच मुकाबला बड़ा ही रोमांचक रहा। खबर लिखे जाने तक हढाही एक गोल से आगे थी। मौके पर विधायक अकेला यादव ने कहा की जिस तरह से की पीढ़ी में शिक्षा जरूरी है ठीक उसी तरह से खेल भी बहुत जरूरी है। खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले ' मौके पर राहुल यादव, संदीप यादव, चंदन कुमार, जीतन यादव, भोला यादव, पवन कुमार, सहित स्थानीय खेल प्रेमी मौजूद थे।

मिडिल स्कूल में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 135 वीं जयंती मनाई

हुसैनाबाद पलामू। राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद पलामू के प्रांगण में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 135 वीं जयंती 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनायी गयी। उपस्थित शिक्षकों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण की इस मौके पर एचएम कन्हैया प्रसाद ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। बड़े सौभाग्य की बात है कि देश के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी संपूर्ण जीवन शिक्षा के उन्नयन में झूम कर दे दी। इस भौतिकतावादी युग में उनके संघर्षमयी जीवन को आत्मसात करने की जरुरत है। शिक्षक जुबैर अंसारी ने कहा कि गुरु का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है, इनके बिना ज्ञान अर्जित नहीं की जा सकती समाज में इनका विशिष्ट स्थान है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के अध्यापन से गहरा लगाव था। बचपन में सुख का भोग नहीं किये थे। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अपनी मेधा के बदौलत प्राध्यापक, विदेशों में लेक्चरर, उपकुलपति, राजदूत उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति और अपने जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाये जाने को अपने समर्थकों को निदेश देना, बहुआयामी प्रकृति का द्योतक हैं। गरीबी, उनकी विद्वता को आड़े नहीं आयी। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को अपनाकर ही सबल राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। मौके पर उपस्थित सीआरपी विनय सिंह ने कहा कि इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हमसब इनके बताये मार्गों पर चलने का प्रयास करेंगे। बाल संसद के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित किए। इस मौके पर शिक्षकों में सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश व राजेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

मेरी माटी मेरा देश को लेकर शक्तिपीठ केंद्र में भाजपा का बैठक

हरिहरगंज पलामू। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पिपरा प्रखंड के सरैया शक्ति केंद्र में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने की। बैठक में प्रभारी चंदन कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रखंड कार्यकर्ता की तैयारी बैठक में प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह कर प्रखंड स्तर को संग्रह जमा करना है। इसके बाद प्रदेश स्तर और फिर देश स्तर पर दिल्ली राजधानी पहुंचना है। कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यकाल में पूरा भारत अमृत महोत्सव मना रहा है। कार्यक्रम कपिल देव राय, श्याम देव पासवान, पंकज कुमार मेहता, अंशु मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, शंकर दुबे, नागेश्वर तिवारी, श्रीराम शर्मा, रामसुंदर मिस्त्री, मदिप कुमार, उपेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, कामदेव मेहता, भागवत मिस्त्री, मनोज सिंह, अवध तिवारी, भुवनेश्वर मेहता, आकाश कुमार ,ओम प्रकाश कुमार, अशोक तिवारी आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

सैकड़ों छात्र छात्राओं ने गुरु को यादगार बनाने हेतु निकाली रैली

प्रतिनिधि नावा बाजार। कंडा राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा गुरु के सम्मान हेतु, एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिन को यादगार बनाने व पर्यावरण का संदेश लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा हर घर एक शिक्षक वृक्ष लगाया गया । जो बड़ा होकर ज्ञान रूपी फल देगा। रैली विद्यालय प्रांगण से निकल कर एनएच 98 होते हुए गांधी आश्रम पहुंची इसके बाद गांव के मुख्य मार्ग देवी मंदिर, राम मंदिर होते हुए पुनः स्कूल प्रांगण में रैली को सम्मापन किया गया। रैली के दौरान गांव में विभिन्न स्थानों पर लगभग 100 शिक्षक वृक्ष भी लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यावरण विद कौशल किशोर जैसवाल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह प्रभारी अशोक कुमार श्रीवास्तव, के साथ सभी शिक्षक विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुमताज खलीफा, उपाध्यक्ष किरण देवी, समिति के सदस्य अशोक प्रजापति, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश सिंह के साथ सैकड़ों छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण शामिल थे। रैली सम्मापन के बाद छात्र-छात्राओं के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन पर स्कूल प्रांगण में केक काटकर खुशी से मनाया गया। जहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

उपायुक्त ने आमजनों के समस्याओं से हुई अवगत, दिये निदान का निर्देश

नवप्रदेश, कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएँ सुनी और एवं सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में घर से आने जाने वाले रास्ते को बंद कर देने के अंदर रहने को मजबूर होने, अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाने, कृषि सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन देने, लाइसेंस की कार्रवाई करने, जमीन हड़पने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवप्रदेश, डोमचांच। सनशाइन एजुकेशन एकेडमी डोमचांच में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जयदेव पांडे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि देकर उन्हें याद किया गया। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय में राधा- कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन विद्यालय के निदेशक पंकज कुमार कंधवे और उप प्राचार्य कन्हैयालाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सब डायरेक्टर सुनील कुमार चक्रम एवं प्रधानाचार्य महेश प्रसाद बरनवाल की अहम भूमिका रही। प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में बच्चों को शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी और डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन

उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का किया शुभारंभ

नवप्रदेश, कोडरमा। शिक्षा विभाग कोडरमा के सौजन्य से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उपायुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार व अन्य पदाधिकारी व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों के जिंदगी में गुरु के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने में गुरु का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन से हमेशा आगे बढ़े। बच्चे शिक्षकों से किसी भी प्रकार के सवाल पूछने पर संकोच न करें। जिले के पांच उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय से अरूण कुमार सिंह, मध्य विद्यालय से ब्रह्मदेव कुमार शर्मा, मॉडल विद्यालय से अनिल कुमार पांडेय, परियोजना विद्यालय से न्यूटन कुमार और कस्तूरबा विद्यालय से प्रतीक्षा मिंज शिक्षिका शामिल हैं। उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट संकायवार परीक्षा 2023 में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, एडीपीओ शिव मलिक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं शिक्षा विभाग से दिनेश, विक्रम व शिक्षकगण मौजूद रहे।

आदर्श फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

नवप्रदेश, डोमचांच। शिक्षक दिवस के अवसर पर आदर्श फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले कोडरमा के कई ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया जो कुछ सालों पूर्व रिटायर्ड होने के बाद भी सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते आ रहे हैं। आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की ये ऐसे शिक्षक हैं जिनके पढ़ाये गये छात्र आज झारखण्ड ही नहीं बल्कि दुनियां भर में अपनी प्रतिभा और योग्यता का परचम लहरा रहे हैं। सम्मानित किये गये शिक्षक राम अधार यादव, मंगल कुमार, शिवशंकर सिंह, विश्वनाथ चौधरी, शंकर मुर्मू, अतुल शंकर ओझा, सकल देव मंडल और बृज भूषण द्विवेदी ने आदर्श फाउंडेशन के उज्ज्वलमय भविष्य की कामना करते हुए सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में आजीवन सेवा देते रहने की प्रतिबद्धता दुहराई।

अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न, 5 अभ्यर्थी पर अनुकंपा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा

नवप्रदेश, कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में अनुकंपा आधारित नियुक्ति को लेकर 6 आवेदन प्राप्त हुए, उन आवेदनों पर विचार विमर्श करते हुए सभी अभ्यर्थियों का कागजातों को देखा गया। अनुकंपा आधारित नियुक्ति को लेकर प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श करते हुए 5 अभ्यर्थी को अनुकंपा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, स्थापना उप समाहर्ता जयपाल सोय, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर व अन्य मौजूद रहे।

मुखिया, पंचायत समिति और जिप सदस्यों को दी गई विकास कार्यों की जिम्मेदारी: डीडीसी

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड में मगंलवार को ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए कोडरमा डीडीसी ने सभी मुखिया, पंचायत समिति और जिप सदस्यों को दी गई विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मालूम की कोडरमा उप विकास आयुक्त के ऋतुराज ने मगंलवार को सतगावां प्रखंड सभागार में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता के साथ उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बैठक किया जिसमे बारी बारी सभी पंचायतों का रिभियू लिया गया। वहीं सभी मुखिया, पंचायत सेवकों को मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया जबकि जिला में विकास कार्यों में सबसे पीछे रहने वाले पंचायत को विशेष ध्यान देने का आदेश दिया।उप विकास आयुक्त के द्वारा पंचायत समिति के फंड में आए 15वें वित्त आयोग की राशि सितंबर तक खर्च करने का आदेश दिया।मालूम हो की पंचायत चुनाव होने के बाद पंचायत समिति फंड को प्रमुख के द्वारा कार्य निर्गत नही किया गया है। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत का टीम बनाकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान जरूरी निर्देश भी दिए गए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, बीपीओ राहुल कुमार, प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, मुखिया उत्तम कुमार, मंटू चौधरी, मनीषा कुमारी, बिरेंद्र राय, सदानंद यादव, शैलेंद्र कुमार, श्रवण रविदास, पंचायत सेवक बालेश्वर यादव, किशुन यादव, प्रसादी यादव, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार, प्रेमदास, जेई संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

स्कूलो में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस हर गुरु व शिष्य के लिए गौरव का दिवसः निदेशक नितेश कुमार

नवप्रदेश, डोमचांच। स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बड़े ही धूम-धाम से शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया जहाँ स्कूली बच्चों ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए और शिक्षकों को सम्मानित किया, साथ ही साथ विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को विद्यालय परिवार की ओर से अध्यक्ष प्रदीप सिंह,निदेशक नितेश कुमार व उप-निदेशक नीरज सिंह के द्वारा उपहार भेंट प्रस्तुत किया गया व उनके सम्मान में कुछ प्रस्तुति भी पेश की गई, एवं उनके द्वारा विद्यालय में दिये योगदान को भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी बच्चों की मुख्य भूमिका रही, जहां बच्चों ने अलग अलग नृत्य -गीत, स्पीच व एक्टिंग के जरिये सभी का दिल जीता। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर, फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों के प्रतिभा को सराहते हुए संबोधित किया व ढेरों शुभकामनाएं दी। उपस्थित उप-निदेशक नीरज सिंह ने बच्चों के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम का भरपूर आनंन्द लेते हुए विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी बच्चों के कार्यक्रम को खूब सराहा एवं सभी की तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दी व कहा कि शिक्षा के प्रति सभी को समर्पित रहना चाहिए, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बनी रहनी चाहिए। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान और कौशल दोनों हैं उसके सामने हमेशा कोई न कोई मार्ग खुला रहता है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के कॉर्डिनेटर सोनी चंदन ने सबों को शुभकामनाएं दी व अलग अलग तरह के चुटकुले भी बच्चों के लिए प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मंच संचालन में वर्ग दशम की मुस्कान व रश्मि कुमारी की प्रस्तुति सराहनीय रही। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के प्रति अटूट प्रेम की बात कही व सम्मान समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने आशीर्वचन बच्चों को दिए।

3 किलो गांजा के साथ महिला तस्कर, गिरफ्तार

शहर थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस को मिली सफलता

मेदिनीनगर पलामू। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब जब एक गांजा महिला तस्कर को 3 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में की गई। अपराधियों पर निगरानी तथा आसूचना संकलन के लिए किए जा रहे गश्ती के दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, शहर थाना को शहर थाना अंतर्गत रेड़मा चौक के पास गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी डालटनगंज रोड पर जनकपुरी राम जानकी मंदिर के पास एक महिला नारंगी रंग के बैग तथा एक झोला में तीन किलोग्राम गांजा लेकर कहीं बेचने के मकसद से जाने के लिए खड़ी है तथा तत्काल कारवायी करने पर महिला को गांजा के साथ पकड़ा जा सकता है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी इस सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस पदाधिकारी तथा आरक्षी तथा महिला आरक्षी को लेकर निर्दिष्ठ स्थान के लिए प्रस्थान किए थे तथा निर्दिष्ठ स्थान पर पहुंचने से पहले रामजानकी मंदिर के बाहर एक महिला को नारंगी रंग के बैग तथा हाथ में एक झोला लिए खड़ा देखा जो पुलिस की गाड़ी आते देख तेजी से रामजानकी मंदिर के पूरब गली की तरफ चली गयी जिसपर शक होने तथा सूचना के सही होने को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अपने साथ के पुलिस पदाधिकारी, आरक्षी तथा महिला आरक्षी के सहयोग से रोका गया तथा महिला की पूरी प्रतिष्ठा तथा गरिमा को ध्यान में रखते हुए उक्त महिला से उनके पास के बैग में नशीला पदार्थ होने की सूचना होने की जानकारी दी गयी तथा उसे के प्रावधानों के तहत नोटिस दिया गया। नोटिस दिए जाने के पश्चात उक्त महिला से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त में ऋषभ गर्ग अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर द्वारा सहायक महिला पुलिस की मदद से तलाशी ली गयी।

किसी भी क्षेत्रों के विकास में गुरु की भूमिका अहम : डॉ नीरा यादव

नीरा यादव ने पौधा लगाकर एवं गुरु को अंग वस्त्र ओढ़ा कर शिक्षक दिवस मनाया

नवप्रदेश, कोडरमा। शिक्षक दिवस के सुअवसर पर नीरा यादव ने अपने आवास पर प्रेरणा के रुप में पांच पौधे लगाए । साथ ही साथ झुमरी तिलैया में सागर क्लीनिक के बगल के निवासी सह सीडी बालिका उच्च विद्यालय के सेवा निवृत प्राचार्य सह राजकीय पुरुस्कार से सम्मानित आदरणीय राम प्रवेश पांडे को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने उनके घर जा कर बुके देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया एवं उनका चरण स्पर्श कर उनसे आशिर्वाद प्राप्त किया । साथ ही आशिर्वाद के रुप में रामप्रवेश पांडे जी ने भी 'भारत को जानो' नामक एक पुस्तक विधायक को भेंट किया। इस मौके पर शिक्षक रामप्रवेश जी ने कहा कोडरमा विधायक के दिल में शिक्षकों के प्रति हमेशा से सम्मान रहा है, क्योंकि वे भी कुशल राजनीतिज्ञ नेत्री के पहले एक शिक्षिका भी रह चुकी है।

समाजसेवी के पहल पर पिपरा में लगा ट्रांसफार्मर

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में पांच दिन पूर्व जले ट्रांसफार्मर को समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के पहल पर मंगलवार को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। गांव में जले ट्रांसफार्मर को बदले जाने से ग्रामीणों में हर्ष है। ट्रांसफार्मर जल जाने से पिछले कई दिनों से गांव के लोग अंधेरे में थे। बिजली के बिना हो रहे समस्या से स्थानीय लोगों ने राजीव रंजन को अवगत कराया। जिसके बाद समाजसेवी के पहल पर गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर बदला गया। वहीं ग्रामीणों ने समाजसेवी के प्रति आभार जताया है। आभार जताने वालों में अनुज सिंह, दीपक सिंह, शंकर पासवान, रौशन पाण्डेय, सरोज सिंह, चंदन, राघव पाण्डेय, विनोद, सोनू समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड के कौवाखोह स्थित नेशनल आइटीआइ सह नेशनल पब्लिक स्कूल मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व केक काटकर किया गया। मौके पर सत्येंद्र मेहता ने कहा कि शिक्षा से विकास की पूंजी बढ़ती है। शिक्षा अनमोल रत्न की तरह है. मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन, अरविंद सिंह, रवि रंजन, शिक्षिका रमी कुमारी, सोनी, संध्या, सपना, सुनीता, शिक्षक प्रशांत कुंदन, राहुल, विनोद, सुरेश आदि मौजूद थें।

शिक्षक दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में एल ए डी सी के काउंसिल के द्वारा मंगलवार को ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने बच्चों को चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के बारे में जानकारी दी ।उन्होंने कहा गुड टच और बैड टच के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानून अपराध है। उन्होंने बच्चों को एंटी रैगिंग व जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर लीगल डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि बच्चों से संबंधित मामले के सुनवाई के लिए जे जे बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने पोक्सो एक्ट, बाल मजदूरी पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस मनाने का उदेश्य अपने गुरु के आदर्श पर चलना है।उन्होंने कहा कि कोई बच्चा अशिक्षित नही रहे यह हमसबो कि जबाबदेही है।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

नवप्रदेश, कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ महाविद्यालय की उप निदेशिका डा. संजीता कुमारी सहित सभी सहायक प्राध्यापकों एवम शिक्षकेतर कर्मचारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर व सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। बी. एड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय के सभी सदस्यों को तिलक वो पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण कविता, भाषण, स्वागत गीत व अन्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रसाद वो स्वाति कुमारी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय के सभी गुरुजनों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 22- 24 के सभी प्रशिक्षु महाविधालय सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा, डा. संजीता कुमारी, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, नीरज कुमार, अनिल दास, चुन्नु कुमार एवम शिक्षकेतर कर्मचारी रोहित कुमार, , सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, मुख्तार आलम अन्य उपस्थित रहे।

सुखाड़ की स्थिति देखते हुए उपयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

झारखंड राज्य फसल राहत योजना में किसानों के पंजीकरण में तेजी लाने का निदेर्शः उपायुक्त

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए तैयार रहने का निर्देश दिया, साथ ही योजनाबद्ध तरीके से किसानों को सहायता प्रदान करने की बात कही

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। आगमी सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना एवं जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए वैकल्पित खेती पर बल दिया। बरसात की कमी से हुए किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार की फसल राहत योजना में किसानो के पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिले में सुखाड़ की स्थिति आने से पूर्व किसानों को किस प्रकार से सहायता प्रदान किया जाए एवं उनका कम से कम नुकसान हो इससे संबंधित केंद्रित बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने योजनावर तरीके से इस समस्या से किसानों को निजात दिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 2 से 3 वर्षों में वैकल्पिक खेती से जुड़े सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया । वहीं अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने की भी बात कही। किसानों को राज्य के फसल राहत योजना से जोड़ने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी अच्छादित करते हुए उन्हें सहायता प्रदान करने की बात कही। कम वर्षा होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वहां के किसानों को मनरेगा से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने माइग्रेटेड किसानों की भी सूची तैयार करने की बात कही ताकि श्रम विभाग द्वारा दिए जाने वाली योजनाओं से किसानों को अच्छादित किया सके। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी संबंधित विभागों को सुखाड़ के स्थिति को देखते हुए अपने अपने स्तर से तैयारी करें एवं सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए इस सुखाड़ की स्थिति में किसानों को हर संभव सहायता/योजना/प्रशिक्षण आदि प्रदान करें। इसके अलावा बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उपविकास आयुक्त, एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

उपायुक्त ने की विभिन्न बैंकों की समीक्षा

सीडी रेश्यो बढ़ाने, क्रेडिट प्लान का लक्ष्य हासिल करने, केसीसी आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने का दिया निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज विभिन्न बैंकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सीडी रेश्यो को बढ़ाने, क्रेडिट प्लान का लक्ष्य हासिल करने तथा केसीसी आवेदनों को एक पखवाड़ा में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश सभी बैंक प्रबंधकों को दिया। उपायुक्त ने पीएमईजीपी व एसएचजी समूहों को ऋण, पीएमईजीपी की उपलब्धि, पीएमईजीपी के लंबित मामलों, मुद्रा योजना की अद्यतन स्थिति, प्रधानमंत्री स्वनीधी, प्रायरिटी सेक्टर, नॉन प्रायरिटी सेक्टर, ऋण माफी योजना, पीएमएफएमई सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को बैंकों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करने तथा बैंक प्रबंधकों को किसानों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान करने के लिए ब्रांच वार योजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले का सीडी रेश्यो 34.12%, एनुअल क्रेडिट प्लान 43.60 प्रतिशत रहा है। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी, बैंक ऑफ बड़ोदा, केनरा बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक सहित अन्य बैंक के प्रबंधक मौजूद थे।

उपायुक्त की बनाई फेक व्हाट्सएप आईडी

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के नाम पर तस्वीर वाली फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। फेक व्हाट्सएप आईडी का नंबर 8057590935 है। इस संबंध में जिला उपायुक्त ने अपने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व अन्य किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आए और किसी भी प्रकार की कोई भी वातालर्प न करें। इससे आपको वित्तीय जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस मामले की विधिवत सूचना साइबर थाना को उपलब्ध करवाई गई है। पुलिस भी इस मामले की जांच में जुट गई है।

दामोदर नदी में मिली युवती की लाश, पुलिस कर रही मामले की जांच

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने दामोदर नदी से एक युवती की लाश बरामद की है। मृतका की पहचान कुज्जू ओपी क्षेत्र के पैंकी निवासी श्वेता पांडा (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार श्वेता सोमवार की रात से ही अपने घर से लापता थी। जिसकी सूचना उसके पिता के द्वारा कुज्जू पुलिस को दी गई थी। हालांकि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली थी तो सोमवार की रात से ही श्वेता की तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने सबसे पहले मृतका के रिश्तेदारों और दोस्तों के घर उसकी तलाश की। लेकिन जब बाद में यह संदेह हुआ कि वह दामोदर नदी की तरफ गई है, तो पुलिस ने नदियों के आसपास भी उसकी खोजबीन की। मंगलवार को ग्रामीणों ने जब लाश को तैरते हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब शव को बाहर निकाल तो श्वेता के परिजनों ने ही उसकी शिनाख्त भी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

पांच लाख के इनामी नक्सली सुशील उरांव की गिरफ्तारी को सार्वजनिक नहीं कर रही पुलिसः जेजेएमपी

पलामू। उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुशील उरांव को पलामू-लातेहार के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया है। उसके ऊपर झारखंड सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। जेजेएमपी संगठन में उसका दायित्व सेकंड इन कमान की है। जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के कर्मवीर ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि पुलिस कई दिनों से सुशील उरांव को गिरफ्तार कर रखा है लेकिन अब तक उसे सार्वजनिक नहीं किया है और न्यायालय में भी उपस्थित नहीं कराया है। सुशील लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के मंधनिया गांव का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले लातेहार में हुई एक मुठभेड़ में जगुआर के डिप्टी कमांडेंट शहीद हो गए थे। इस घटना में सुशील उरांव मुख्य आरोपितों में से एक है। वह पिछले एक दशक से उग्रवादी संगठन जेजेएमपी में सक्रिय है। वह पुलिस पर हुए कई हमलों का आरोपित है। उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस सुशील उरांव की गिरफ्तारी को सार्वजनिक करेगी।

साहिबगंज में पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

साहिबगंज। जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन युवकों ने पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। युवती ने मंगलवार को पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोमवार की देर रात जब वह शौचालय के लिए निकली थी, तभी एक युवक आया और रूमाल से उसका मुंह बंद कर दिया। इसके बाद उसने आवाज देकर दो अन्य साथियों को बुलाया। तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित किसी तरह युवकों के चंगुल से बचकर अंधेरे में तीनपहाड़ स्टेशन पहुंची, जहां सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाले एक युवक को घटना की जानकारी दी। उस कर्मचारी ने पीड़ित के परिजनों को इसकी सूचना दी।

एक नजर

एसएसपी के नेतृत्व में न्यायालय परिषद का सिक्योरिटी चेकिंग

धनबाद। मंगलवार को धनबाद एसपी के नेतृत्व में न्यायालय परिषद का सिक्योरिटी चेकिंग किया गया जिसमें डीएसपी एवं धनबाद थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे। सिक्योरिटी चेकिंग का मुख्य उद्देश्य पूरे न्यायालय परिषद जितने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिंदुओं हैं उसे पर बारीकी से नजरे बनाई गई और कई दिशा निर्देश दिए गए। वहीं इस पूरे मामले पर मीडिया को जानकारी देते हुए एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देश पर कई बार पिछले समय में सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह देखा गया है की कोर्ट परिषद में कई ऐसे भी गेट हैं जहां से कोई भी प्रवेश कर सकता है ऐसे में का यह पूरा निरीक्षण रहा सीधे तौर पर सुरक्षा को लेकर और साथी यह सुनिश्चित किया गया कि कैसे और भी कई तरीके अपना कर पूरे कोर्ट परिषद का सुरक्षा को बेहतर किया जा सके।

जिला में गजराजो द्वारा जान माल नुकसान होने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष डीएफओ से मुलाकात किया

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव, जिला कमिटी के सदस्यों के साथ गुमला जिला के जारी, चैनपुर, डुमरी, रायडीह, घाघरा, भरनो प्रखंडों में गजराज के द्वारा खेतों में लगे फसल की क्षति, घरों की क्षति एवं गजराज के द्वारा कई लोगों की जानें भी गई है सभी क्षति संबंधित मुआवजा को लेकर डीएफओ अहमद बेलाल अनवर से मिलकर अवगत कराया। चैतु उरॉव ने कहा कि जारी प्रखंड में श्रीनगर, हारा टोली, सीसी करम टोली एवं अन्य गांवों पर लागातार गजराज का ठहराव सा हो गया है जिससे ग्रामीण जनता परेशान है रात रात भर जागकर सुरक्षा में लगे रहनें को मजबूर है। फसल एवं घरों को काफी छति पहुंचाया गया है। कई लोगों को जान भी गंवानी भी पड़ी है सरकार के द्वारा जो मुआवजा दिया जाता है आप जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाय जिससे की ग्रामीणों के नुकसान का सहयोग मिल सके। साथ ही गजराज के प्रभावित इलाकों में टॉर्च ,पताखा एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किया जाय जिससे कि ग्रामीणों को सुरक्षा मिल सके डीएफओ गुमला ने सभी समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि जल्द ही टॉर्च, पटाखा एवं लाईट की व्यवस्था विभाग के द्वारा सभी हाथी प्रभावित क्षेत्र में व्यवस्था की जाएगी। जिनका भी नुकसान हुआ है उसे सहयोग के रूप में सरकार के द्वारा जो मुआवजा दी जाती है उसे भी दिया जाएगा। डीएफओ साहब ने कहा कि अंचल कार्यालय से आवेदन सत्यापित कर मेरे पास पहुंचने के बाद मुआवजा की राशि देने मे विलंब नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहां मैं सभी गजराज प्रभावित प्रखंडों के अंचला अधिकारी से बात कर गजराज के द्वारा ग्रामीणों की छति पूर्ति आवेदन पर जांच कर जल्द से जल्द निष्पादन करें जिससे सभी गजराज प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा सही समय में दिया जा सके। मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, फिरोज आलम, सचिव तरूण गोप, प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, प्रखंड महिला अध्यक्ष पुष्पा टोप्पो आदि लोग मौजूद थे।

शिक्षक दिवस पर झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग की ओर सम्मान समारोह का आयोजन

चतरा। झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग की ओर से केशव पैलेस में भारत के पूर्व राष्ट्रपति सह भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्यामनारायण सिंह उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा शिक्षक, समाजसेवी और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभी ने अपने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने कहा कि की वर्तमान परिवेश में शिक्षकों की अहम भूमिका होनी चाहिए।

पहला कदम में सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करके मना शिक्षक दिवस

धनबाद। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में मंगलवार को सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों के अपने गुरुओं को समर्पित दिवस में पहला कदम स्कूल में समाजसेवी संजीव गुप्ता, रूबी गुप्ता तथा डॉली गुप्ता ने उपस्थित हो कर सचिव अनिता अग्रवाल के साथ भारतीय परंपरा का अनुसरण करते हुए तिलक तथा दुपट्टा ओढ़ा कर, उपहार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रांगण में सभी शिक्षकों के लिए मनोरंजक वन मिनट गेम्स तथा हाऊजी गेम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात गोविंदा स्वीट्स में संजीव गुप्ता के द्वारा स्वादिष्ट लन्च की व्यवस्था की गई जिसका सभी शिक्षकों ने लुत्फ उठाया। संजीव गुप्ता ने कहा शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को अर्पित करने का अवसर है।

गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा, गुरुः साक्षात्परब्रह्मा तस्मै श्री गुरुवे नमः

गुमला। स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक, गुमला में शिक्षक दिवस मनाया गयो इस मौके पर भारत के उत्कृष्ट शिक्षक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति-भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षक दिवस के मौके पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पण कर याद किया गया। शिक्षक हमारे समाज के स्तंभ हैं। वे हमारे बच्चों के जीवन में एक असाधारण भूमिका निभाते हैं। उन्हें ज्ञान, शक्ति से जोड़ते हैं और उन्हें जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए सीखाते हैं। वे अपने छात्रों को देश के जिम्मेदार नागरिकों में ढालने में खुद को समर्पित करते हैं। 5 सितंबर 1962 से भारत में शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद दिलाता है। डॉ० राधाकृष्णन का मानना था कि देश में शिक्षकों को सबसे ज्यादा बुद्धिजीवी होना चाहिए। राधाकृष्णन देश एक बेहद अच्छे शिक्षक थे। शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी सत्र के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक, अभिजीत कुमार ने कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक महान भारतीय दार्शनिक, शिक्षाविद और स्टेट्समैन का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भारत के पहले उपराष्ट्रपति और फिर भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के रूप में सेवा कीअभिजित कुमार ने राष्ट्रनिर्माण में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला तथा महान दार्शनिक, शिक्षक, उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विभिन्न स्वरूपों को याद कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ० शीबा नारायण साहू, प्रशासनिक पदाधिकारी अजीत कुमार शुक्ल एवं सभी शिक्षकगणों ने डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शिक्षकों की महत्ता को एक उच्च आयाम प्रदान करने हेतु उन्हें धन्यवाद दिया तथा सदियों से इस देश की गुरु-शिष्य परंपरा पर संतोष जताया।

प्रिंस खान के पांच गुर्गो को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। धनबाद के दो अलग अलग स्थानों पर रंगदारी के उद्देश्य से गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले मोस्टवांटेड अपराधी प्रिंस खान के पांच गुर्गों को पुलिस ने हथियार और चोरी के बाइक के साथ धरदबोचा है। इन अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए प्रिंस खान के लिए घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। इस संबंध में मंगलवार को धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि बीते 12 अगस्त को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मटकुरिया रोड स्थित कैपिटल मोटर्स की दुकान पर गोलीबारी करने तथा 29 अगस्त को पुराना बाजार रोड स्थित घराना ज्वेलर्स पर फायरिंग करने के मामले में डीएसपी धनबाद के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रिंस खान के लिए काम करने वाले पांच बदमाशों को धरदबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए। 1 देशी पिस्टल, आठ जिंदा गोली, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक पल्सर बाइक को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों का मास्टमाइंड आजाद आलम है, जो मई माह में ही जेल से बाहर आया था। जिसने कबूल किया है कि ये प्रिंस खान के लिए गोलीबारी की घटना को अंजाम देते थे। इसके एवज में इन्हें 25-25 हजार रुपये मिले थे। इन्होंने घटना को अंजाम देने के लिए चोरी के एक पल्सर बाइक को 17 हजार रुपये में पुटकी से खरीदा था। जबकि शिवा कुमार के द्वार इसे हथियार उपलब्ध कराया गया था। पकड़े गए अपराधियों में वासेपुर का मो. आजाद उर्फ आजाद खान, मटकुरिया चेकपोस्ट निवासी विकास कुमार महतो, वासेपुर निवासी जुगनू अंसारी वासेपुर टीओपी निवासी गोलू कुमार रवानी उर्फ बुमम्बा और धैया निवासी शिवम कुमार प्रसाद उर्फ शिवा प्रसाद शामिल है। पकड़े गए अपराधियों में से आजाद, गोलू और शिवा का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को उदय प्रताप सिंह ने किया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददता

धनबाद। झारखंड के रांची खेलगांव में 2 से 4 सितंबर को 14वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता तथा द्वितीय बिरसा मुंडा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें धनबाद के द राइट ट्रेक अकादमी से पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें एक स्वर्ण, पदक तीन रजत पदक तथा एक कांस्य पदक प्राप्त हुए। द राइट ट्रेक के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर पांच पदक हासिल किए। जिसमें स्वर्ण पदक विशाल कुमार पंडित रजत पदक प्राची सिन्हा, प्रिंस कुमार, रजत मंडल तथा कांस्य पदक साकेत सिंह चौधरी को मिला।सभी को समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इस उपलब्धि पर कोच विशाल पंडित भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव लक्ष्मीकांत सिंह तथा सुमिर शर्मा झारखंड ताइक्वांडो संघ के रेफ्रि विजय शंकर विश्वकर्मा तथा अमर बावरी भारतीय ताइक्वांडो संघ से अश्वनी शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष रमा सिंहा ,भाजपा के युवा नेता रमेश पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता भानु खत्री अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान कोच अमित रवानी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत कराया जा रहा सभी प्रखंडों/पंचायतों में सिंचाई कूप का निर्माण

इच्छुक लाभुक अपना आवेदन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में जमा कर सकते हैं

धनबाद। महात्मा गांधी नरेगा एवं राज्य योजना मद के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत जिले के सभी प्रखंडों/पंचायतों में सिंचाई कूप का निर्माण कराया जा रहा है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत सिंचाई कूप निर्माण हेतु इच्छुक लाभुक अपना आवेदन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, धनबाद में कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं। लाभुकों के चयन में मनरेगा मार्गदर्शिका के अनुरूप व्यक्तिगत परिसंपत्ति सृजन कार्य के लिए भूमि या वासभूमि के स्वामित्व वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिसकी विवरण क्रमवार निम्नवत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमंतू जनजाति, गैर अधिसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे धारित अन्य परिवार, महिला प्रधान वाले परिवार, शारीरिक रूप से विकलांग प्रधान वाले परिवार, भूमि सुधार के लाभार्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अधीन लाभार्थी, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पारंपरिक वनवासी अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के अधीन लाभार्थी, उपरोक्त श्रेणियां के अधीन पात्र लाभार्थियों के अलावा वैसे ग्रामीण जिन्हें कृषि ऋण माफी और ऋण राहत योजना 2008 में लघु या सीमांत किसान के रूप में परिभाषित किया गया हो।

प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तैयार कर प्रोफेशनल की तरह काम करेंः उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस को बेहतर बनाने के लिए प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तैयार कर प्रोफेशनल की तरह काम करें। इससे जेएसएलपीएस को उसके उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध होगा एवं जेएसएलपीएस से जुड़े स्वयं सहायता समूह की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। उपायुक्त ने कहा कि कृषि एवं गैर कृषि आधारित योजनाओं के अनुसार प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तैयार करें। इसके बाद उसके उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करे। उसका नियमित उत्पादन हो यह सुनिश्चित करें। उसकी बिक्री के लिए एक मजबूत वितरण प्रणाली विकसित करें। साथ ही उसकी नियमित रूप से निगरानी करें। वहीं पलाश मार्ट की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उसे और बेहतर बनाने के लिए नए-नए उत्पाद जोड़ने, पलाश स्मार्ट स्थापित करने के लिए योग्य स्थान का चयन करने, स्थानीय बाजार के अनुरूप उत्पाद बेचने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने फ्रेश क्रेडिट लिकेज, एन्हांस क्रेडिट लिकेज, बीमा क्लेम के लंबित मामले, लाइवलीहुड फार्म, ऑर्गेनिक फार्मिंग, नन फार्म, सब्जियों का उत्पादन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आरसेटी, जोहार, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन तथा जेएसएलपीएस के विभिन्न पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधानः उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में महुदा थाना क्षेत्र से आयी अख्तरी बीबी ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारा मृतक के आश्रितों से जबरन केसीसी लोन वसूली के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके पति स्वर्गीय सुलेमान अंसारी द्वारा 15000 केसीसी लोन बैंक आफ इंडिया भाटडीह शाखा द्वारा लिया गया था। जिनकी मृत्यु 27 जनवरी 2021 को हो गई। अब बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जबरन वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब विधवा महिला हूं मेरी आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने उपायुक्त से सहायता प्रदान करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। मनईटांड़ से आई सुनीता देवी ने सरकारी जमीन पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण व निर्माण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि कुछ दबंगों द्वारा मनईटांड़, सरकारी कुआं के समीप गैराबाद सरकारी जमीन पर जबरन बलपूर्वक अतिक्रमण व निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी सूचना को अंचलाधिकारी, एसडीओ को भी दी गई है परंतु अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने उक्त जमीन पर सरकारी बोर्ड लगाने एवं दबंगो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा इस मामले को संबंधित अंचलाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावे उपायुक्त वरुण रंजन जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, मुआवजा से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

शिक्षक दिवस पर काजोल ने कहा

मैं ऐसे गांव में पली-बढ़ी, जो मजबूत महिलाओं से भरा था'

शिक्षक दिवस पर एक्ट्रेस काजोल ने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को एक रील शेयर की, जिसमें उनके कई इंटरव्यू की झलक दिखी। काजोल ने इस इंटरव्यू में गर्व से अपनी मां और अभिनेत्री तनुजा, अपनी नानी शोभना समर्थ, परदादी रतन बाई के बारे में बात कर रही हैं। शोभना और रतन बाई दोनों भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस थीं। वीडियो में काजोल को यह कहते हुए देखा जा सकता है, 'मेरे सबसे बड़े गुरु के लिए, मेरी मां सुपर कूल हैं। मेरी मां ऑसम हैं और उनकी मां अमेजिंग हैं। जब मैं 5-6 साल की थी तब मेरी परदादी ने मुझे बुनाई करना सिखाया। उन्होंने मुझे हारमोनियम बजाना भी सिखाया।' 'बाज़ीगर' फेम एक्ट्रेस ने वीडियो को कैप्शन दिया, 卐मैं वास्तव में एक गांव में पली-बढ़ी हूं। वह गांव, जो एकदम कूल महिलाओं से भरा हुआ था। मैंने ठोकरें खाकर सीखा है, कोई भी बातें मेरे दिमाग में बैठाई नहीं गई है। मैं कितना भी धन्यवाद कर दूं, लेकिन वह कम ही है। अच्छा और बुरा और बीच का, सब मुझे सिखाई गई, जिनका स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है।' 'इन सीखों का संबंध जीवन से था और वे तब काम आए, जब मुझे उनकी सबसे अधिक जरुरत थी। ज्यादातर बच्चों की तरह मैं भी किसी की नहीं सुनती थी, लेकिन सीखती थी और इसलिए वर्तमान में इतनी उभर पाई हूं। ये सीखना खत्म नहीं हुआ है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल को आखिरी बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में 'देवयानी' के रूप में देखा गया था। उन्होंने डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा ' 'द ट्रायल : प्यार कानून धोखा' में भी अभिनय किया। उनकी अगली फिल्म 'सरजमीं' और 'दो पत्ती' हैं।

500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है जेलर

फिल्म जेलर वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। सुपरस्टार रजनीकांत की जेलर अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी-2 और सनी देओल की फिल्म गदर-2 से सिर्फ एक दिन पहले रिलीज हुई थी। दोनों ही फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन कमाई के मामले में जेलर बाजी मार गई। फिल्म को सबसे अच्छा रिस्पॉन्स इसके तमिल और तेलुगू वर्जन से मिला। रिलीज वाले दिन ही फिल्म ने 48 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया था जिसमें से 37 लाख रुपये इसने सिर्फ तमिल वर्जन से कमाए थे। पहले हफ्ते के आखिरी तक फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 235 करोड़ 85 लाख रुपये हो गया था जिसमें से इसने 184 करोड़ रुपये सिर्फ तमिल वर्जन से कमाए थे। हिंदी वर्जन से सिर्फ 2 करोड़ 1 लाख रुपए की कमाई हुई थी। दूसरे हफ्ते में फिल्म का बिजनेस थोड़ा घटा और इसने 62 लाख 95 हजार रुपये का बिजनेस किया। तीसरे हफ्ते में कमाई का ग्राफ और नीचे गया और फिल्म ने 29 करोड़ 75 लाख रुपये का बिजनेस किया। हालांकि इसमें गौर करने की बात यह थी कि तीसरा हफ्ता खत्म होने तक भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई थी। मालूम हो कि आमतौर पर इतने वक्त में फिल्में सिनेमाघरों से उतर जाती है और मेकर्स इन्हें ओटीटी पर रिलीज करने का विचार करने लगते हैं। माना जा रहा है कि जेलर 7 सितंबर तक फिल्म सिनेमाघरों से उतर भी जाएगी। डॉमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर जेलर का अभी तक का कुल कलेक्शन 332 करोड़ 85 लाख रुपये हो चुका है। बात करें चौथे हफ्ते की तो सुपरस्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान की रिलीज से ठीक पहले जेलर की कमाई में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते शुक्रवार को फिल्म ने कुल मिलाकर सिर्फ 1 करोड़ 8 लाख रुपये का बिजनेस किया और शनिवार को इसकी कमाई 2 करोड़ 50 लाख रुपये (लगभग) रही।

करीना, कियारा और सुहाना पर थमी नजरें

एक इवेंट में भाग ले रही बालीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान, कियारा आडवाणी और सुहाना खान पर जाकर लोगों की निगाहें थम सी गईं। ये तीनों एक्ट्रेस रिलायंस के नए 'टीरा ब्यूटी' का फेस हैं। इस इवेंट के होस्ट के तौर पर एक्टर अर्जुन कपूर नजर आए। करीना ब्लैक स्टेपलेस गाउन में दिखीं। 'बेबो' ने अपने लुक को डार्क आई मेकअप के साथ कंप्लीट किया था। वहीं सुहाना ने रेड स्ट्रेपलेस गाउन पहना था, जिसमें वो बेहद ग्लैमरस नजर आ रही थीं। कियारा की बात करें तो उन्होंने पेस्टल ग्रीन कलर का हॉलटेड टॉप और प्लाजो पहना था। कियारा ने अपने बालों को खास अंदाज में टाई किया हुआ था। सुहाना और करीना ने अपने बाल खुले छोड़े थे। अर्जुन हमेशा की तरह डैपर नजर आ रहे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान की बेटी सुहाना जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। सुहाना की फिल्म 7 दिसंबर को रिलीज होगी। करीना जल्द ही 'जाने जान' से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। वहीं कियारा 'वार 2' और 'गेम चेंजर' में नजर आने वाली हैं।

धक-धक गर्ल को देखकर इन एक्टर्स के धड़के थे दिल

90 के दशक की जानी मानी अदाकारा रहीं माधुरी दीक्षित ने फिल्मों में अपनी अदाकारी और डांस से सिर्फ फैंस के नहीं बल्कि कई एक्टर्स के दिलों पर भी बिजलियां गिराई हैं। इनमें से तो कुछ के साथ उनकी शादी के चर्चें भी रहे चुके हैं।

माधुरी दीक्षित 90 के दशक की सबसे सफल एक्ट्रेस थीं। उस दौर में बॉलीवुड में उनके नाम का डंका बजता था। हर एक्टर, डायरेक्टर उनके साथ काम करने की आरजू रखता था। सिर्फ एक्टिंग ही नहीं धक-धक गर्ल अपने डांस और जानलेवा मुस्कुराहट से भी लोगों का दिल धड़का देती थीं। तेजाब, खलनायक, दिल तो पागल है जैसी कई फिल्मों में माधुरी ने अपना बेहतरीन डांस दिखाया। फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस के अफेयर्स ने भी उन्हें खूब चर्चा दिलाई। माधुरी का नाम कई शादीशुदा एक्टर के साथ भी जुड़ा और उनपर घर तोड़ने के भी इल्जाम भी लगें।

इस कड़ी में सबसे पहले नाम आता है संजय दत्त का। संजू और माधुरी दीक्षित 90 के दशक की हिट जोड़ी के रुप में सबको पसंद थे। दोनों ने साथ में कई फिल्में की थीं। साथ काम करते-करते पहले से शादीशुदा संजय अपना दिल माधुरी पर हार बैठें। दोनों के बीच काफी तगड़ी केमिस्ट्री थी, यहां तक कि दोनों के शादी की भी खबरें जोरो पर थीं, लेकिन मुंबई बम ब्लास्ट केस में नाम आने के बाद माधुरी ने संजय दत्त से मुंह फेर लिया और अपने सारे रिश्तें उनसे खत्म कर लिए। और इस तरह से दोनों की प्रेम कहानी का अंत हो गया।

संजय दत्त के अलावा माधुरी की जोड़ी अनिल कपूर के साथ भी खूब पसंद की जाती थी। खबरों की माने तो दोनों की सिर्फ ऑनस्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री भी काफी अच्छी थी। अनिल और माधुरी ने लगभग 18 फिल्में साथ की थीं। गुमनामी में जी रही माधुरी को पहली बार फेम अनिल कपूर के साथ वाली फिल्म तेजाब के गाने एक,दो, तीन से ही मिली थी। फिल्म में दोनों की जोड़ी भी लोगों को खूब पसंद आई थी। अफवाहें चाहे कितनी भी उड़ी हो, लेकिन दोनों ने मीडिया में कभी भी अपने अफेयर की बात नहीं कबूली।

बॉलीवुड में ही लोग इस धक धक गर्ल के दीवाने नहीं थे। क्रिकेटर्स भी माधुरी पर दिल हार चुके थे । माधुरी की लाइफ में आने वालों की लिस्ट में क्रिकेटर अजय जडेजा का भी नाम शामिल हैं। दोनों एक एड शूट के दौरान मिले थे। उस वक्त दोनों का करियर पीक पर था। दोनों की डेटिंग की खबरों के बीच अजय का नाम 1999 में मैच फिक्सिंग में आ गया। एक तरफ क्रिकेटर का करियर खत्म हुआ तो वहीं, दूसरी ओर माधुरी ने भी उनसे मुंह मोड़ लिया।

आखि़र में माधुरी को अपना जीवन साथी मिल ही गया, यानि श्रीराम नेने। साल 1999 में माधुरी अपने एक रिश्तेदार से मिलने अमेरिका गईं और वहां एक पार्टी के दौरान उनकी मुलाकात डॉक्टर श्री राम नेने से हो गई। दोनों ने कुछ महीनों की डेटिंग में ही एक-दूसरे को हमसफर बनाने का फैसला कर लिया। वापस लौटकर माधुरी ने पहले अपने सारे प्रोजेक्ट खत्म किए और फिर अपने फैंस समेत पूर इंडस्ट्री को हैरान करते हुए अचानक शादी कर ली। शादी के बाद वो फिल्मी दुनिया छोड़ अमेरिका चली गईं और अपनी घर गृहस्थी में बिजी हो गईं। दोनों बेटों के बड़े होने के बाद माधुरी एक बार फिर भारत वापस लौटीं । और अपना फिल्मी करियर शुरू किया। अब वे अपनी पूरे फैमिली के साथ मुंबई में ही बस गई हैं।

पार्वती की भूमिका में नजर आएगी सुभा राजपूत

पार्वती की भूमिका में एक्ट्रेस सुभा राजपूत नजर आने वाली हैं। शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में सुभा राजपूत प्रमुख भूमिका में है। भगवान शिव के रूप में राम यशवर्धन और देवी शक्ति के रूप में सुभा राजपूत की प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की दिव्य कहानी से लोगों का दिल जीत लिया है। इस महासप्ताह शिव शक्ति - तप त्याग तांडव में तारकासुर भगवान ब्रह्मा का ध्यान और जप करता है। उसके समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्मा प्रकट हुए और पूछा कि वह क्या प्राप्त करना चाहता है? वज्रांग के पुत्र ने वरदान मांगा कि केवल भगवान शिव का पुत्र ही उसे मार सकता है। दूसरी ओर आदिशक्ति देवताओं से कहती हैं कि वह हिमवान और मैनावती से जन्म लेंगी। ध्यान में लीन भगवान शिव को आभास होता है कि शक्ति का पुनर्जन्म होने वाला है। मृत्यु के भय से भयभीत तारकासुर ने सभी नवजात शिशुओं को मारने का आदेश दिया। इन भारी बाधाओं के बावजूद पार्वती वयस्क हो गई हैं और प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की शाश्वत यात्रा पर हैं।

अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर सुर्खियों में शाहरुख

बालीवुड की अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान इन दिनों सुर्खियों में हैं। 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले शाहरुख खान एक बार फिर ट्विटर के जरिए अपने फैंस से रुबरु हुए और अपने फेमस 'आस्क एसआरके' सेशन के साथ फैंस के बीच फिर वापस आए और ट्विटर यूजर्स के पूछे सवालों के जवाब दिए। शाहरुख खान अपने हाजिर जवाबी अंदाज के लिए काफी फेमस हैं, जिसकी झलक एक बार फिर देखने को मिली। शाहरुख खान ने रविवार को अपनी फिल्म जवान के बारे में कुछ फैंस के सवालों के जवाब दिए और अपकमिंग फिल्म की खासियत भी बताई। दरअसल, आस्क एसआरके सेशन के दौरान शाहरुख खान से एक फैन ने पूछा- 'फिल्म जवान से क्या सीख ली जा सकती है?' जवाब में शाहरुख खान ने फैंस को जवान की एक-दो नहीं कई खासियतें गिना डालीं और बताया कि आखिर क्यों उनकी फिल्म खास है। शाहरुख खान ने फैन के सवाल का जवाब देते हुए कहा- 'फिल्म से इस बात की सीख मिलती है कि हम लोग कैसे बदलाव ला सकते हैं जो हम अपने आसपास चाहते हैं। कैसे महिलाओं को सशक्त बनाएं और अपने अधिकार के लिए किसी से भी लड़ जाएं।'वहीं एक अन्य यूजर ने शाहरुख खान से उनके रोल को लेकर भी सवाल कर डाला।

यूजर ने पूछा- 'जवान में आखिर कितने रोल हैं। मैं कन्फ्यूज हूं। जितने रोल्स हैं, उसके उतने टाइम मल्टीप्लाय करके देखूंगा। है ना।' जवाब में किंग खान ने कहा- 'पहले बोलता चार-पांच रोल और बढ़ा सेट। हाहा, एंजॉय।' वहीं एक यूजर ने शाहरुख के बाल्ड लुक पर भी सवाल किया। यूजर ने लिखा- 'जवान के लिए बाल्ड हो गए। आपको लुक कैसा लगा।' इसके साथ ही यूजर ने एक फोटो भी शेयर की थी, जिसमें शख्स का दोस्त बाल्ड लुक में दिखाई दे रहा है। शाहरुख खान ने जवाब दिया- 'वॉव, दूसरे वाले का क्या। उसको भी करवाओ ना।'

विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित, राहुल और अय्यर को मौका

–सैमसन को नहीं मिली जगह, शुभमन और ईशान सहित 6 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एकदिवसीय विश्वकप 2023 के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। कप्तान रोहित और मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर ने टीम के सदस्यों के नाम घोषित किये। इस टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। इससे पहले इनकी फिटनेस को लेकर संदेह जताया जा रहा था। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्वकप का आयोजन भारत में 5 अक्टूबर से होगा। इसका उद्घाटन और फाइनल अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा। भारतीय टीम में शामिल 6 खिलाड़ी पहली बार एकदिवसीय विश्वकप खेलेंगे। इसमें शुभमन गिल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और श्रेयस अय्यर शामिल हैं। अक्षर को पहली बार विश्व कप का कोई मैच खेलने मिल सकता है। वह 2015 में उतरने वाली टीम में भी शामिल थे पर उन्हें किसी भी मैच में अवसर मिला था। विराट कोहली सहित टीम में शामिल 4 खिलाड़ी 3 या उससे अधिक बार विश्वकप में खेलते हुए दिखेंगे।

गेंदबाज के तौर पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद शमी जबकि स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को मिली है। वहीं ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया है। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रोहित के अलावा शुभमन , विराट , श्रेयस , सूर्यकुमार , राहुल और ईशान पर रहेगी।

विराट का का यह चौथा विश्व कप होगा। वर्ल्ड कप के लिहाज से वे टीम इंडिया के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2011, 2015 और 2019 का भी विश्वकप खेला था। रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का यह तीसरा विश्वकप होगा। तीनों ही खिलाड़ी 2015 और 2019 वर्ल्ड कप में उतर चुके हैं। विश्वकप कप के लिए घोषित टीम में हालांकि सैमसन को अवसर नहीं मिला। ईशान और राहुल विकेटकीपर के तौर पर टीम में जगह बनाने में सफल हुए हैं। वहीं आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी टीम में जगह मिली है।

15 सदस्यीय टीम की बात करें, तो सिर्फ विराट ही खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में अन्य 14 खिलाड़ियों के पास पहली विश्वकप जीतने का अवसर है। भारतीय टीम ने 1983 और 2011 में विश्वकप जीता है। भारतीय टीम ने साल 2011 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में अंतिम बार विश्वकक जीता था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सबसे अधिक 5 बार ये खिताब जीता है। वेस्टइंडीज ने भी 2 बार जबकि श्रीलंका, पाकिस्तान और इंग्लैंड एक-एक बार से खिताब जीता है। वेस्टइंडीज की टीम इस बार क्वालिफाई नहीं कर पायी है जबकि इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है.

विश्व कप 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें उतर रही हैं। सभी टीम को 9-9 मैच खेलने हैं। इसके बाद शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी। कुल 10 वेन्यू पर मैच होने हैं. उद्घाटन मैच, भारत-पाकिस्तान का मुकाबला और फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे।

विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

सुपर फोर में 10 सितंबर को होगा भारत और पाक का मुकाबला

कोलंबो (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप के सुपर फोर में पहुंच गयी हैं। यहां एक बार फिर दोनो के बीच मुकाबला होगा। इससे प्रशंसकों को एक बार फिर दोनो के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। इससे पहले 2 सितंबर को भारत और पाक का मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था जिससे प्रशंसकों को निराशा हुई थी। इससे उनके रोमांचक क्रिकेट देखने की उम्मीदें टूट गयीं थीं।सुपर फोर के मुकाबले बुधवार से शुरु होंगे। भारत और पाकिस्तान के अलावा बची हुई दो टीम का फैसला अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच मैच के परिणाम के आधार पर होगा।

भारत-पाक के बीच अब 10 सितंबर को मुकाबला होगा। ये मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा। वहीं अगर बारिश हुई तो इस मैच को हम्बनटोटा में स्थानांतरित किया जा सकता है। केवल ये ही मुकाबला नहीं। कोलंबो में सुपर-4 राउंड के 4 और मुकाबले होने हैं, उन्हें भी हम्बनटोटा में आयोजित किया जा सकता है। इसका कारण है कि श्रीलंका के दक्षिणी हिस्से में बसे इस शहर में सितंबर में बारिश की संभावना कम होती है।

गौरतलब है कि एशिया कप 2023 में सुपर-4 राउंड के मैच 6 सितंबर से शुरू होंगे। इसका पहला मैच ग्रुप-ए में पहले स्थान पर रहने वाली टीम पाकिस्तान और ग्रुप-बी में दूसरे नंबर की टीम के बीच होगा। इसके बाद 9 सितंबर को ग्रुप-बी की शीर्ष दो टीमों के बीच सुपर-4 राउंड का दूसरा मैच होगा। 10 सितंबर को ग्रुप-ए की दो टीमें भारत और पाक आमने-सामने होंगी। 12 सितंबर को सुपर-4 मैच में भारतीय टीम का सामना ग्रुप-बी की शीर्ष टीम से होगा जबकि 14 सितंबर को पाकिस्तान सुपर-4 में ग्रुप बी की शीर्ष टीम से खेलेगी। वहीं, 15 सितंबर को भारत का मुकाबला ग्रुप-बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा। वहीं फाइनल 17 सितंबर को होगा।

पहले दो मैचों से हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवस

कैंडी (ओमान) (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम ने नेपाल को हराकर एशिया कप के सुपर फोर में प्रवेश कर लिया है। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से कप्तान रोहित शर्मा और और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाये। रोहिन हलांकि अपनी बल्लेबाजी को लेकर संतुष्ट नजर नहीं आये। उन्होंने कहा कि वास्तव में मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश नहीं था। शुरुआत में कुछ घबराहट थी लेकिन एक बार जब मेरी नजर टिकी तो खेलना आसान हो गया।

रोहित ने कहा कि जब हम यहां आए तो हमें पता था कि विश्व कप के लिए हमारी टीम कैसी होने वाली है। एशिया कप के दो मैचों में हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवसर मिला है। उन्होंने हार्दिक पंड्या और ईशान किशन की सराहना करते हुए कहा दोनो ने ही पहले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की। साथ ही कहा कि हमें गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में और सुधार करना होगा।

वहीं नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा कि उनकी टीम के सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया हालांकि मध्य क्रम और बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। हमने 30 रन कम बनाए और यदि मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो हम 260-270 बना थे। हमारे निचले क्रम के साथ ही गेंदबाजों ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है।

दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के लिए घोषित की टीम, बावुमा करेंगे कप्तानी

–इसी साल पदार्पण करने वाले कोएट्ज़ी भी शामिल

जोहांसबर्ग (एजेंसी)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी उसके नियमित एकदिवसीय कप्तान टेम्बा बावुमा को मिली है। टीम में इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को शामिल किये जाने से सभी हैरान हैं। अब तक अपने दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में कोएट्ज़ी ने पांच विकेट लिए हैं। इसमें से तीन विकेट उन्होंने अपने एकदिवसीय पदार्पण पर ही लिए थे।

टीम में क्विंटन डी कॉक, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर और रासी वैन डेर डुसेन जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को भी जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान कगिसो रबाडा संभालेंगे। इसके साथ ही टीम में एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी जैसे अन्य तेज गेंदबाजों को भी शामिल किया गया है। उपमहाद्वीप के हालातों में स्पिनरों को मिलने वाली सहायता को देखते हुए केशव महाराज और तबरेज शम्सी को शामिल किया है। दक्षिण अफ्रीका अपना पहला विश्व कप मुकाबला 7 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका से खेलेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है

टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, सिसंडा मगाला, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन।

एशिया कप में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने जडेजा

कैंडी। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने नेपाल के साथ एशिया मुकाबले में नेपाल के खिलाफ तीन विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। अब जडेजा पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ एशिया कप में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। जडेजा ने एशिया कप के 16 मैचों में 24.77 की औसत से 22 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 29 रन देकर चार विकेट रहा है। वहीं पठान ने अपने करियर के दौरान 12 एकदिवसीय एशिया कप मैचों में 27.50 की औसत से 22 विकेट लिए थे। एशिया कप में सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड श्रीलंकाई स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम है। मुरलीधरन ने कुल30 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर लसिथ मलिंगा 29 विकेट और अजंता मेंडिस 26 विकेट हैं।

विश्व कप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे डी कॉक

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर क्विंटन डी कॉक ने कहा है कि वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले विश्वकप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। गत दिनों ही विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक ने ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) में एक करार किया था। डी कॉक जैसे स्टार बल्लेबाज की इस घोषणा से उनके प्रशंसकों को भी करारा झटका लगा है। डिकॉक ने अब तक 140 एकदिवसीय मैच में 44.85 के औसत से 5966 रन बनाए हैं। इस बल्लेबाज ने अपने करियर में 17 शतक और 29 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 178 रनों का है। इस विश्व कप में डिकॉक अपने एकदिवसीय करियर के 6 हजार रन भी पूरे कर सकते हैं। क्रिकेट विश्व कप के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम के साथ उन्हें भारत आना था पर संन्यास की घोषणा के बाद अब वह नहीं आयेंगे। डिकॉक ने भारत के खिलाफ 19 एकदिवसीय में 56 की औसत से 1072 रन बनाए हैं जिसमें 6 शतक और दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका अपना पहला विश्व कप मुकाबला 7 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका से खेलेगा। अपना अंतिम विश्वकप होने के कारण यह विकेटकीपर बल्लेबाज बेहतरीन प्रदर्शन का प्रयास करेगा।



सुपर फोर में पाक तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाएगी भारतीय टीम: राठौड़

पालेकल (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि हमारे बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़े स्कोर बनाने में सक्षम है। राठौड़ ने 10 सितंबर को सुपर फोर में पाक के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले ये बात कही। एशिया कप के अपने पहले ही मैच में भारतीय शीर्ष क्रम शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ जैसे तेज गेंदबाजों के सामने विफल रहा था। उसके बाद से ही कहा जा रहा था कि भारतीय बल्लेबाज इस मैच में दबाव में आ गये थे। बल्लेबाजी कोच ने कहा, 'हम सुपर चार के मैच में बेहतर बल्लेबाजी करेंगे। साथ ही कहा कि पिछले मैच में हालात अलग थे। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि हम पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकते। यह सही है कि उनके पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और के किसी दिन हमपर हावी हो जाते हैं पर जब हमें अच्छी शुरुआत मिलती है तो हमारे बल्लेबाज भी बड़ा स्कोर बनाते हैं।

पहले मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और हार्दिक पांड्या की शतकीय साझेदारी से भारत 266 रनों तक पहुंच पाया था। बारिश के कारण यह मैच पूरा नहीं हो पाया था। राठौड़ ने कहा कि भारत के लिए यह अच्छा संकेत है कि उसके पास मध्यक्रम में चयन के लिए ईशान और केएल राहुल के रूप में दो अच्छे बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, 'ईशान ने पाक के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की। केएल राहुल पिछले दो वर्षों से टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यह अच्छी समस्या है। हमारे पास चयन के लिए दो अच्छे खिलाड़ी हैं। दो संघर्षरत बल्लेबाजों के बजाय ऐसे खिलाड़ियों में से किसी का चयन करना बेहतर है।

राठौड़ ने कहा कि भारत अंतिम एकादश में चार विशेषज्ञ गेंदबाजों या तीन गेंदबाजों और एक ऑलराउंडर को रखने का फैसला हालातों को देखते हुए लेगा। उन्होंने कहा, 'शार्दुल ठाकुर की मौजूदगी में बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और वह गेंदबाजी भी कर सकता है।

विश्वकप के लिए टिकटों की हो रही कालाबाजारी , लाखों में पहुंची कीमतें

नई दिल्ली ।आगामी एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए टिक्टों की धांधली के कारण दाम आसमान पर पहुंच गये हैं। विश्वकप में 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। हाल में ही ही इसके लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हुई पर कुछ ही देर में सभी टिकट बिक गये। एक रिपोर्ट के अनुसार वायागोगो नामक बेवसाइट पर 100 से ज्यादा टिकट उपलब्ध हैं। इस ऑनलाइन स्पोर्ट्स टिकट बिक्री प्लेटफॉर्म पर टिकट 19 लाख से ज्यादा में बिक रहे हैं। इसके साथ ही शिपिंग और होम डिलिवरी के लिए लोगों को अलग से पैसे देने होंगे। इससे साफ है कि टिकट खरीदना आम आमदी के बस की बात नहीं है। इसमें भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए टिकट की कीमत 66 हजार से शुरू होकर 19 लाख तक पहुंची है। इसके साथ ही टिकट की कीमतें भी बार–बार बदल रही हैं। लखनऊ में होने वाले भारत और इंग्लैंड के मैच के लिए टिकट की की शुरुआती कीमत 2 लाख 34 हजार रुपये है। वहीं दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले भारत और अफगानिस्तान के मैच की टिकट 38,877 रुपये में मिल रही है। सबसे महंगा टिकट 2 लाख 34 हजार का है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच के टिकट 41 हजार से 2 लाख 85 हजार तक में मिल रहे हैं। गौरतलब है कि बुक माय शो विश्व कप टिकट के लिए आधिकारिक साझीदार था पर टिकट ब्रिकी शुरू होते ही वहां भी टिकटों के लिए वेटिंग दिखने लगी। टिकट खरीदने के लिए ऐप या बेवसाइट पर जाने के बाद 2 से 5 घंटे तक वेटिंग दिखाया जा रहा था। फिर कुछ ही देर में सोल्ड आउट आने लगा। जिसके बाद भड़के प्रशंसकों ने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर निकाला। नाराज प्रशंसकों का कहना था कि एक लाख से ज्यादा की क्षमता वाले स्टेडियम में बिक्री के लिए 10 हजार से भी कम टिकट रखे गए थे।

भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शायद ही खेलें मैक्सवेल

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ऑराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपने भारत दौरे में शायद ही एकदिवसीय सीरीज खेलें। मैक्सवेल विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस को लेकर किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। इसी कारण वह सावधानी के कारण ये फैसला कर सकते हैं। मैक्सवेल को पिछले साल बायें टखने में चोट लगी थी जिससे अब वह उबर गये हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में उन्हें टखने में फिर दर्द का अनुभव हुआ था। उसके बाद से ही वह डरे हुए हैं।

मैक्सवेल ने सोशल मीडिया में लिखा, 'मैं भारत के खिलाफ श्रृंखला के कुछ हिस्से में खेलना चाहता हूं पर मुझ पर इसे लेकर प्रबंधन का कोई दबाव नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत आयेगी। इसकी शुरुआत 22 सितंबर को मोहाली में होने वाले मुकाबले से होगी। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ता और स्टाफ मेरा काफी सहयोग कर रहे हैं। वे मुझ पर ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहते कि मैं किसी तरह की तारीख तय करूं।

मैक्सवेल ने कहा, 'इसलिए खेलने में जल्दबाजी करने की जगह मैं अपने को अतिरिक्त समय देना चाहता हूं जियसे ये तय कर सकूं कि हम पूरे टूर्नामेंट में खेल सकें। सभी टीमों को विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा पांच सितंबर तक करनी है हालांकि 27 सितंबर तक टीम में बदलाव किये जा सकेंगे। पिछले साल नवंबर में जन्मदिन की पार्टी में मैक्सवेल फिसल गये थे। जिससे उनके बायें पैर में फ्रेक्चर हो गया था और इसी कारण उनके पैर में धातु की प्लेट डली हुई है। टखने में दर्द के कारण टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के बाद ही उन्हें दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब मैं दक्षिण अफ्रीका गया तो मुझे नहीं पता था कि इसमें दर्द होगा। मैं जब उस दिन ट्रेनिंग के लिए गया था तो भी ठीक था। कुछ भी नहीं हो रहा था। लेकिन फिर मेरे टखने में सूजन और दर्द होने लगा।

न्यूजीलैंड के कोच बोले, विश्वकप में खेलेंगे विलियमसन

वैलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि कप्तान केन विलियमसन विश्वकप में खेलेंगे। स्टीड ने कहा कि आईपीएल के दौरान लगी घुटने की चोट से अब विलियमसन उबर गये हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान ने वापसी के लिए काफी प्रयास किये थे जो सफल रहे। स्टीड ने कहा कि विलियमसन ने अपने पुनर्वास के लिए समर्पित रुप से अभ्यास किया। इस दौर उन्हें विशेषज्ञों के एक समूह का भी सहयोग मिला। स्टीड ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हम उसे चयन से उत्साहित हैं। वह जल्दी में लौटने की इच्छा नहीं रखते हैं। जैसा कि हमने पहले कहा है, यह बहुत अच्छी बात है कि वह लंबे समय तक न्यूजीलैंड के लिए क्रिकेट खेलना चाहता है। हम भी उसकी रिकवरी में सहायता करना चाहते हैं। विश्व कप कोई छोटा टूर्नामेंट नहीं है और इसी को देखते हुए हम टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से पहले अगले महीने उनकी प्रगति का ध्यान रखेंगे। विलियमसन इंग्लैंड दौरे पर न्यूजीलैंड टीम के साथ हैं, हालांकि वह टीम में शामिल नहीं हैं। घुटने की सर्जरी से उबरने के बाद अब विलियमसन को उम्मीद रहेगी कि वह विश्व कप की शुरुआत से ही खेल सकेंगे।

सहवाग का बीसीसीआई से आग्रह, विश्व कप जर्सी पर 'इंडिया' के बजाय भारत लिखो

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मंगलवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से आग्रह किया कि आगामी वनडे विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की जर्सी पर 'इंडिया' के बजाय 'भारत' लिखा जाए। सहवाग ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को 'टैग' करते हुए सुझाव दिया कि खिलाड़ियों को ऐसी जर्सी पहननी चाहिए जिस पर 'भारत' लिखा हो।

सहवाग ने 'ट्विटर' पर लिखा, 'मेरा हमेशा से मानना है कि नाम ऐसा होना चाहिए जो हममें गर्व पैदा करे। हम भारतीय हैं, 'इंडिया' नाम अग्रेंजों ने दिया था और आधिकारिक रूप से हमारा मूल नाम 'भारत' वापस लाने में लंबा समय हो चुका है। मैं बीसीसीआई (सचिव) जय शाह से यह आग्रह करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि इस विश्व कप में हमारे खिलाड़ी अपनी छाती पर 'भारत' लिखी हुई जर्सी पहने।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'टीम इंडिया नहीं, टीम भारत। इस विश्व कप में जब हम कोहली, रोहित, बुमराह, जड्डू के लिए चीयर करेंगे तो हमारे दिल में भारत होगा और खिलाड़ी 'भारत' लिखी जर्सी पहनेंगे।'

सहवाग की यह टिप्पणी राष्ट्रपति भवन द्वारा 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए आमंत्रण भेजने के विवाद के बाद आई है जिसमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसिडेंट ऑफभारत' लिखा है। कई राजनेता इस मुद्दे पर बयानबाजी कर रहे हैं। पर सहवाग ने अन्य देशों का भी उदाहरण दिया जिन्होंने अपने नाम में बदलाव किया है। उन्होंने लिखा, ''नीदरलैंड 1996 विश्व कप में भारत में 'हालैंड' के नाम से विश्व कप खेलने आया था। पर 2003 में जब हम उनसे मिले तो वे 'द नीदरलैंड' थे और तब से ऐसा ही है। बर्मा ने भी अंग्रेजों द्वारा दिये गये नाम को बदलकर म्यामां कर लिया।'

इस पूर्व धुरंधर सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'और भी कई अन्य देश हैं जिन्होंने अपना मूल नाम वापस रख लिया है।' खबर है कि केंद्र सरकार 18 से 22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र में 'इंडिया' का नाम बदलकर भारत करने पर विचार कर रही है।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सक्षम -चौबे

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम ने हाल के दिनों में अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। जिससे वह दिन प्रति–दिन बेहतर होती जा रही है। इससे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) भी खुश है। एआईएफएफ प्रमुख कल्याण चौबे ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि हमारी महिला टीम के पास अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में प्रगति करने का काफी अच्छा अवसर है। टीम कुछ और प्रयासों करे तो फीफा विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी चौबे ने एआईएफएफ अध्यक्ष के तौर पर एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही उन्होंने फुटबॉल के स्तर को सुधारने के काफी प्रयास किये हैं। चौबे ने कहा, ''मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि महिलाओं की फुटबॉल को वो सारी सुविधायें मिलें जो भारत में पुरुष फुटबॉलरों को मिलती है और मैं मानता हूं कि हमारे पास महिलाओं के फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका है।

जल जीवन मिशन के तहत 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को मिला नल से जल

नई दिल्ली (हि.स.)। जल जीवन मिशन ने 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन देकर एक और मील का पत्थर हासिल किया है। ग्रामीण नल कनेक्शन देने के मिशन के तहत अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर केवल चार वर्ष में 13 करोड़ घरों में नल से जल का कनेक्शन दिया जा चुका है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक अब देश के 145 जिलों और 1,86,818 गांवों में सौ प्रतिशत नल से जलापूर्ति हो रही है। हर सेकंड एक नल जल का कनेक्शन दिया जा रहा है जिससे देश का ग्रामीण परिदृश्य बदल रहा है। एक जनवरी 2023 से हर दिन औसतन 87,500 नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जनवरी 2023 से 61.05 लाख कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन दिया जा चुका है। बिहार में 96.39 प्रतिशत, मिजोरम में 92.12 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। देश में 5.27 लाख से अधिक ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियां पानी समितियां गठित की गई हैं और पांच लाख 12 हजार ग्राम कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं। इनमें पेयजल स्रोत संवर्धन, ग्रे-वाटर उपचार और इसके पुनः उपयोग और नियमित की योजनाएं शामिल हैं। गांव में जलापूर्ति प्रणालियों का संचालन एवं रखरखाव भी है। जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को लाल किले की प्राचीर से की थी। तब से अब तक छह राज्यों- गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, गुजरात, पंजाब और हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्रशासित प्रदेशों- पुदुचेरी, डी एंड डी एवं डी एंड एनएच और ए एंड एन द्वीप समूह में सौ प्रतिशत कवरेज हो चुका है। जल शक्ति मंत्रालय के मुताबिक ग्राम सभाओं के माध्यम से पुष्टि की गई है कि गांव के सभी घर में पानी की पर्याप्त, सुरक्षित और नियमित आपूर्ति हो रही है। जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय 1.79 करोड़ आबादी (आर्सेनिक-1.19 करोड़, फ्लोराइड-0.59 करोड़) वाली 22,016 बस्तियों (आर्सेनिक-14,020, फ्लोराइड-7,996) के पेयजल स्रोत आर्सेनिक एवं फ्लोराइड से प्रदूषित थे। राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की रिपोर्ट के अनुसार अब सभी आर्सेनिक फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है।

अमित शाह ने मंडला में जन आशीर्वाद यात्रा को दिखाई हरी झंडी, बोले- मप्र में फिर बनेगी भाजपा सरकार

मंडला (हि.स.)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मप्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान मंडला में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद के साथ ये जन आशीर्वाद यात्रा शुरू कर रहे हैं। ऐसी पांच यात्रा प्रदेश की 210 विधानसभा में घूमकर भोपाल जाएंगी। आज दावे से कहने आया हूं कि यात्रा खत्म होने के बाद 150 सीटों के साथ मप्र में फिर भाजपा सरकार बनाएगी। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत आदिवासी जननायकों और नर्मदा को नमन करते हुए किया। उन्होंने कहा कि मेरे हृदय के करीब रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को नमस्कार। मां नर्मदा को प्रणाम। जिस प्रदेश से मैं आता हूं, वहां नर्मदा न पहुंचे तो हम गुजरात वाले कैसे जी सकते, इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। गोंड राज्य की देवी रानी दुर्गावती को भी प्रणाम। रघुनाथ शाह और शंकर शाह को भी प्रणाम। इनका बलिदान पूरे देश के लिए प्रेरणा का श्रोत है। उन्होंने कहा कि मंडला को पूर्ण फंक्शनल साक्षर जिला घोषित किया गया है। मप्र को बीमारू राज्य बनाकर ह्यमिस्टर बंटाढारह्ल छोड़कर गए थे। भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, बिना बिजली गरीबों का घर, बिना सिंचाई की खेती छोड़कर गए थे। भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने इसे बेमिसाल बनाकर आगे बढ़ाने का काम किया। मप्र ने पेसा कानून को जमीन पर उतारने का काम किया है। मैं आदिवासी सम्मेलन में आया था, तब शिवराज ने धड़ाधड़ घोषणाएं कर दीं। मैंने पूछा कि ये पूरी हुई या नहीं, तो उन्होंने बताया कि सभी पूरी कर दीं। उन्होंने कहा कि मैं बंटाढार और कमलनाथ से पूछने आया हूं कि जब आपकी सरकार थी, तब आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट कितना था? मनमोहन सिंह सरकार केवल 24 हजार करोड़ रुपया सालाना देती थी। मोदी सरकार ने बढ़ाकर 1.19 लाख करोड़ का कर दिया। 287 करोड़ रुपया एकलव्य स्कूलों के लिए खर्च करना शुरू किया। इसी बीच संथाली आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम भी किया। कांग्रेस ने इतने सालों तक शासन किया, कभी आदिवासी बेटा-बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया। शाह ने कहा कि यह विश्व में भारत की छवि सुधारने वाली सरकार है। पाकिस्तान से आए आतंकवादी हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे। कांग्रेस की सरकार उफ नहीं करती थी। पुलवामा, उरी में हमला हुआ। मगर आतंकवादी भूल गए। सरकार बदल गई है। कांग्रेस की सरकार नहीं है। भाजपा की सरकार है। मनमोहन मौनी बाबा प्रधानमंत्री नहीं हैं। मोदी हैं। 10 दिन के अंदर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के सिर काटकर ले आए।

उपराष्ट्रपति ने शिक्षक दिवस पर अपनी उपलब्धियों का श्रेय गुरुओं को समर्पित किया

कोटा (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज शिक्षक दिवस पर कोटा में आयोजित शिक्षकों तथा केंद्र और राज्य सरकार के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अपने जीवन की उपलब्धियों को सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के शिक्षकों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यद्यपि मेरा जैविक जन्म मेरे गांव किठाणा में हुआ हो, लेकिन मेरा असली जन्म सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में हुआ। जीवन में गुरु की महत्ता पर संत कबीर के दोहों को उद्धृत करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि गुरु के चरणों का आशीर्वाद मिलना आवश्यक है, ईश्वर अपने आप मिल ही जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोटा भारत का नॉलेज सेंटर है जो युवाओं की आकांक्षाओं का केंद्र है, यहां देश भर के युवा आते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा 2047 के भावी योद्धा हैं, जो भारत को विकसित बनाएंगे। हाल के वर्षों में भारत की प्रगति की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विगत दस वर्षों में भारत फ्रेजाइल फाइव से बढ़ कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस क्रम में हमने ब्रिटेन को पछाड़ा, जिन्होंने भारत पर सदियों राज किया।उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति देख कर सिर गौरव से ऊंचा होता है। इस संदर्भ में भारत में डिजिटल क्रांति की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि गत वर्ष भारत में हुआ डिजिटल लेनदेन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के कुल डिजिटल लेन-देन का चार गुना था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय जनता एकलव्य की परंपरा की वाहक है, जो किसी भी नई स्किल को स्वतः ही सीख लेती है। उन्होंने बताया कि भारत में प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंसंप्शन चीन और अमेरिका दोनों के कुल जमा डाटा कंसंप्शन से अधिक है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) से बिचौलिए समाप्त हो गए हैं, प्रशासन में भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है और पारदर्शिता बढ़ी है। सरकारी सेवाओं का लाभ लेना अधिक सुगम हो गया है। लोगों में यह विश्वास बढ़ा है कि कानून से कोई नहीं बच पाएगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर उपलब्ध हैं। भारत में स्टार्ट अप के लिए परिवेश तैयार हो रहा है। आज भारत विश्व की आशा का केंद्र है, इन्नोवेशन और निवेश का केंद्र बन कर उभरा है। उपराष्ट्रपति ने सेवा निवृत्त सरकारी कर्मियों से जनता को जागरूक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रगति के बावजूद भी चंद लोग विरोध कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे लोग सिर्फ विरोध ही करते हैं लेकिन विमर्श या बहस नहीं करते। इस संदर्भ में उन्होंने चिंता व्यक्त की कि ऐसे वर्ग हमारी संस्थाओं की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करते हैं, उनकी प्रतिष्ठा गिराते हैं। उपराष्ट्रपति ने तात्कालिक लाभ के लिए जनता के स्थायी सशक्तिकरण की जगह उनकी जेब गर्म करने की प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा कि आज का भारत बदल गया है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष और कोटा के सांसद ओम बिरला तथा केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी सहित क्षेत्र के अनेक विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक समुदाय एवं सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुलामी की मानसिकता पर एक और गहरी चोट है : पुष्कर सिंह धामी

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र को गुलामी की मानसिकता पर गहरी चोट करने वाला बताया है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर कहा कि जी-20 समिट के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज के निमंत्रण पर द प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा जाना, प्रत्येक भारत के लिए गौरव का क्षण है। यह गुलाम मानसिकता वाले लोगों की मानसिकता पर गहरा प्रहार है। उन्होंने भारत माता की जय के साथ अपने ट्वीट का समापन किया है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट सुस्ती के माहौल में, बिटकॉइन और एथेरियम में गिरावट

डोजेकॉइन में 1 प्रतिशत से अधिक की हलचल दर्ज की गई

नई दिल्ली,(हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज सुस्ती का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 6 मामूली बढ़त के साथ और 4 मामूली गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और एथेरियम में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ डोजेकॉइन में आज 1 प्रतिशत से अधिक की हलचल दर्ज की गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.52

प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,746.11 यानी 21.38 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 1,631.59 डॉलर के स्तर पर आ गई। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 86.38 लाख करोड़ रुपये रह गया है। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत और सोलाना 0.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 0.55 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.08 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.14 प्रतिशत, काडार्नो 0.14 प्रतिशत और ट्रॉन 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 2,458 करोड़ डॉलर यानी 2.04 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 10.76 प्रतिशत अधिक है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की स्थिति भी 0.12 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इस आभासी मुद्रा की मार्केट खरीदारी घटकर 48.22 प्रतिशत हो गई है।

मजबूती के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, निवेशकों को 1.69 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली (हि.स.)। वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बावजूद लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे तक शेयर बाजार की चाल में लगातार तेजी बनी रही। हालांकि, इसके बाद कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से बाजार लुढ़क कर लाल निशान में आ गया। आखिरी 2 घंटे के कारोबार में एक बार फिर खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा।

कारोबार में फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, आईटी और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, फाइनेंशियल और बैंकिंग सेक्टर से जुड़े शेयर आज दबाव में कारोबार करते नजर आए। आज के कारोबार में ब्रॉडर मार्केट में भी जम कर खरीदारी होती रही, जिसके कारण मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स अपने ऑल टाइम हाई लेवल पर बंद हुए। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 1.69 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 316.70 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 315.01 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.69 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,817 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,146 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,525 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 146 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,055 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,151 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 904 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

देश में यूपीआई से लेनदेन 100 अरब तक पहुंचने की क्षमताः दिलीप असबे

मुंबई/नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप असबे ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए 100 अरब से भी अधिक लेन-देन करने की क्षमता है। यह देश में यूपीआई से मौजूदा समय में होने वाले मासिक लेन-देन का 10 गुना होगा।

जी20 के निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखने पर बिफरा विपक्ष



नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जी20 देशों के नेताओं को 9 सितंबर को भारत मंडपम में रात्रिभोज के लिए भेजे गए आधिकारिक निमंत्रण पत्र में इस बार उनके लिए ह्यप्रेसीडेंट ऑफ भारत के संबोधन का प्रयोग किया गया है। इससे पहले प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया लिखे जाने की परंपरा थी।

राष्ट्रपति भवन से आधिकारिक निमंत्रण पत्र में भारत शब्द के प्रयोग के बाद पक्ष विपक्ष की राजनीति आरंभ हो गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए ह्यप्रेसीडेंट ऑफ भारत के नाम पर निमंत्रण भेजा है। संविधान में अनुच्छेद एक के अनुसार, भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक संघ होगा लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि मोदी इतिहास को विकृत करना और इंडिया को विभाजित करना जारी रख सकते हैं, जो भारत है, जो राज्यों का संघ है। लेकिन हम विचलित नहीं होंगे। आखिर क्या है आईएनडीआईए पार्टियों का उद्देश्य यही है। यह भारत है-सद्भाव, मैत्री, मेल-मिलाप और विश्वास लाओ। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया!। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि हालांकि इंडिया को भारत कहने में कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है, जो देश के दो आधिकारिक नामों में से एक है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इतनी मूर्ख नहीं होगी कि ₹इंडिया₹ से पूरी तरह से छुटकारा पा ले, जिसकी सदियों से बनी अनगिनत ब्रांड वैल्यू है। हमें इतिहास के उस नाम पर अपना दावा छोड़ने के बजाय दोनों शब्दों का उपयोग जारी रखना चाहिए, एक ऐसा नाम जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में असम में एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लोगों से अपील की थी कि वे इंडिया के स्थान पर देश के लिए भारत शब्द का प्रयोग करें।

क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का कहना है कि उनका हमेशा से मानना रहा है कि नाम ऐसा होना चाहिए जो हममें गर्व पैदा करे। हम भारतीय हैं, इंडिया अंग्रेजों द्वारा दिया गया एक नाम है और हमारा मूल नाम 'भारत' को आधिकारिक तौर पर वापस पाने में बहुत समय लग गया है। मैं बीसीसीआई और जयशाह से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि इस विश्व कप में हमारे खिलाड़ियों के सीने पर भारत हो। उन्होंने आगे कहा कि 1996 के विश्व कप में, नीदरलैंड भारत में विश्व कप में हॉलैंड के रूप में खेलने आया था। 2003 में जब हम उनसे मिले, तब वे नीदरलैंड थे और अब भी वही हैं। बर्मा ने अंग्रेजों द्वारा दिया गया नाम वापस बदलकर म्यांमार कर दिया है और कई अन्य अपने मूल नाम पर वापस चले गये हैं। भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भी कुछ इसी तरह का बयान दिया है। उनका कहना है कि इंडिया नाम से ब्रिटिश हमें प्रताड़ित करते थे जबकि भारत नाम हमारी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। हमें संविधान में संशोधन करना चाहिए और केवल भारत नाम ही रखना चाहिए।

आरक्षण की सीमा बढ़ाने से सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान संभव : शरद पवार

मुंबई (हि.स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि आरक्षण की सीमा बढ़ाने सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। राज्य सरकार को केंद्र से मिलकर इसका प्रयास करना चाहिए। शरद पवार ने मराठवाड़ा में बारिश न होने से विकट स्थिति को देखते हुए सरकार को मराठवाड़ा इलाके में राजस्व वसूली पर रोक लगाने का सुझाव दिया।

शरद पवार ने मंगलवार को जलगांव में पत्रकारों को बताया कि मराठा आरक्षण के लिए कई सालों से मराठा समाज की ओर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यह मामला कोर्ट में लंबित है। पवार ने कहा कि अगर आरक्षण की सीमा बढ़ा दी जाए, तो सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कुछ लोग ओबीसी कोटे से मराठा समाज को आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। अगर ऐसा किया गया, तो ओबीसी समाज पर अन्याय होगा।

शरद पवार ने कहा कि बारिश नहीं होने से यहां चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। कई जगहों पर दोहरी बुआई की स्थिति पैदा हो गई है। कई गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था खराब है। समग्र तस्वीर चिंताजनक है। एक तरफ सूखे की स्थिति है, तो दूसरी तरफ बिजली की कमी है। इतना ही नहीं, फसल बीमा कंपनियों की मनमानी हो रही है। भले ही अभी सूखा घोषित नहीं हुआ हो, लेकिन इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। शरद पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री को मराठवाड़ा में पेयजल की आपूर्ति के साथ जानवरों के चारे की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

मकान में छिपे दूसरे आतंकी को मार गिराने के लिए दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी

जम्मू (हि.स.)। जम्मू संभाग के जिला रियासी की तहसील चसाना के तुली क्षेत्र में एक मकान में छिपे दूसरे आतंकी को मार गिराने के लिए मंगलवार को दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी है। सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था, जबकि मकान में छिपा एक अन्य आतंकवादी अभी भी रूक-रूक कर गोलीबारी कर रहा है। इसी बीच क्षेत्र में अन्य आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया है। सुरक्षा बलों ने छिपे हुए आतंकी के घर के आसपास घेराबंदी और कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह जब सुरक्षाबलों ने घर और नजदीक जाने का प्रयास किया, तो भीतर से तीव्र गोलीबारी हुई थी। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। दरअसल, रियासी जिले के चासना तहसील के तुली अप्पर बी पंचायत में सोमवार सुबह हथियारों से लैस दो आतंकी एक स्थानीय अब्दुल लतीफ के घर पर जबरन घुस आए। आतंकवादियों ने सबसे सबसे पहले चाय बनाने के लिए उनसे कहा। चाय पीने के बाद आतंकवादियों ने कहा कि हम कुछ देर के लिए यहां रूकेंगे और उसके बाद यहां से चले जाएंगे। इस दौरान थके आतंकवादियों की आंख लग गई। इसी बीच अब्दुल लतीफ मकान के बाहर निकल आया, जबकि उसकी पत्नी घर के भीतर ही रही ताकि आतंकवादियों को शक न हो। बाहर निकलकर लतीफ ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई और उन्होंने मकान की घेराबंदी कर दी। इस दौरान मौका पाकर अब्दुल लतीफ की पत्नी भी मकान से बाहर निकल गई और बाहर से दरवाजे को कुंडी लगा दी।

आतंकियों ने जब उठ कर अपने आप को घिरा हुआ पाया, तो अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने उन्हें आत्मसमर्पण का भी मौका दिया। जब वह नहीं माने, तो उसके बाद सुरक्षाबलों ने तेज प्रहार किया। सुरक्षा बलों से बचने के प्रयास में एक आतंकवादी मकान से निकल कर पास के खेतों की तरफ भागा, लेकिन सुरक्षाबलों ने उसे मार गिराया। दूसरा आतंकी अभी भी मकान के भीतर ही है और पूरी रात उसने रूक-रूक कर गोलीबारी जारी रखी। इस दौरान पुलिस का एक कांस्टेबल आज्ञा सिंह और सेना का एक जवान घायल हो गए, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

मंगलवार को सुबह से ही मकान में छिपे आतंकवादी को मार गिराने के लिए अभियान जारी है। इस दौरान पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। अब्दुल लतीफ पुलिस का एसपीओ बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार पति-पत्नी की सूझ-बूझ से एक आतंकी मंसूबे को विफल करने में सुरक्षा बलों को मदद मिली है।

अमित शाह मप्र के एक दिवसीय प्रवास पर मंडला पहुंचे, जन आशीर्वाद यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

मंडला (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर मंडला पहुंच गए हैं। वे यहां भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाह श्योपुर से भी एक अन्य जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शाह दोपहर करीब 12 बजे विशेष विमान से जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय मंत्री शाह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत कर उनकी अगवानी की। डुमना विमानतल पर केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मिनिस्टर इन वेटिंग प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने अमित शाह का स्वागत किया। इसके बाद वे हेलीकाप्टर से मंडला के लिए रवाना हुए। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के आने से पहले मंडला में आधा घंटा तेज बारिश हुई। फिलहाल बारिश रुक चुकी है। मंडला में शाह का कार्यक्रम 12 बजे शुरू होना था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर बारिश होने के कारण समय बदल दिया गया है। शाह यहां जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मंडला के स्टेडियम ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और वीरेन्द्र खटीक समेत अन्य मंत्री भी मौजूद हैं।

सुरक्षा बलों ने हिजबुल मुजाहिदीन आतंकवादी जहांगीर सरूरी का ठिकाना नष्ट किया

किश्तवाड़ (हि.स.)। सुरक्षा बलों ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी जहांगीर सरूरी के ठिकाने का पता लगाकर उसे सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया है। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने ठिकाने से दो कंबल, कुछ खाद्य वस्तुएं और कुछ निजी उपयोग की वस्तुएं बरामद की हैं, जिससे ठिकाने में आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत मिलता है। एसएसपी किश्तवाड़ खलील पोसवाल ने बताया कि किश्तवाड़ पुलिस ने सेना की 26 आरआर और सीआरपीएफ 52 बटालियन के साथ जहांगीर सरूर के परीबाग इलाके में स्थित ठिकाने का पदार्फाश करके उसे निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा कि जहांगीर सरूरी पर छिपे होने और विध्वंसक गतिविधियों की योजना बनाने का संदेह था। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने ठिकाने से दो कंबल, कुछ खाद्य वस्तुएं और कुछ निजी उपयोग की वस्तुएं बरामद कीं, जिससे ठिकाने में आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी ली जा रही है। एसएसपी किश्तवाड़ ने कहा कि हमारा मिशन हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है

नक्सलियों को फंडिंग के मामले में उत्तर प्रदेश में आठ स्थानों पर एनआईए का छापा

लखनऊ (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन को फंडिंग के मामले में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में आठ स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ़, चंदौली और देवरिया जिलों में एक साथ की गई। एनआईए ने इस कार्रवाई के बारे में अभी कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने इस कार्रवाई के बारे में सिर्फ स्थानीय पुलिस को सूचना दी है। एजेंसी ने यह कार्रवाई प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) को फंडिंग के मामले में की है। इस कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां एवं साक्ष्य मिले हैं। हालांकि इसके संबंध में अभी तक एजेंसी की ओर से कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। इस कार्रवाई को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। एनआईए की कार्रवाई में कोई अड़चन न आए इसलिए आसपास के क्षेत्र को सील करते हुए लोगों के आने-जाने पर भी रोक लगाई गई है। खबर लिखे जाने तक सभी जगहों पर कार्रवाई जारी थी। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने वाराणसी के बीएचयू की छात्रा एवं भगतसिंह छात्र मोर्चा की सदस्य आकांक्षा से पूछताछ की है। इसके साथ ही महमनपुरी स्थित कार्यालय में आकांक्षा के साथ-साथ सीमा आजाद, विश्वजीत आजाद और एक अन्य सदस्य से एनआईए पूछताछ कर रही है। इसके अलावा एनआईए की टीम देवरिया जिले के उमानगर इलाके में रहने वाले जनवादी क्रांति दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामनाथ चौहान के घर पर छापेमारी में जुटी है।

जी-20 कार्य समूह के नतीजों को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श कर रहे हैं वित्त विशेषज्ञ

नई दिल्ली (हि.स.)। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले जी-20 देशों के वित्त विशेषज्ञों की बैठक राजधानी दिल्ली में मंगलवार को शुरू हुई। राजधानी दिल्ली में आयोजित इस बैठक में वित्त प्रतिनिधि जी-20 कार्य समूह के नतीजों को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। वित्त विशेषज्ञों की यह बैठक 9-10 सितंबर के बीच होने वाले जी-20 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित की गई है। इस बैठक में टिकाऊ और मजबूत वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के लिए जलवायु कार्रवाई सहित सतत विकास लक्ष्यों की खातिर वित्तीय संसाधन जुटाने पर चर्चा हो रही है। इसके अलावा साझा दृष्टिकोण के जरिए उचित वित्तीय विनियमन और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के बारे में भी बातचीत हो रही है। जी-20 दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है, जिसमें यूरोपीय संघ और 19 देश शामिल हैं। यूरोपीय संघ के अलावा इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, दक्षिण कोरिया, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और अमेरिका प्रमुख हैं। जी-20 सदस्य देश वर्तमान में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 85 फीसदी, वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी से ज्यादा और दुनिया की 60 फीसदी से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना एक गौरवशाली क्षण: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स में तैयार किए गए अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने मीडिया कर्मियों से कहा कि भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना एक गौरवशाली क्षण है। हमने 'वसुधैव कुटुंबकम' की थीम पर तैयारी की है। अब तक देश के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें हुई हैं जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। तैयारियों के बारे में बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में 78 स्थानों पर यूएचडी टीवी स्क्रीन और 4000 कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन कैमरे भी लगाए



गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद है। इस प्रतिष्ठित बैठक की रिपोर्टिंग के लिए दुनियाभर के मीडिया संस्थानों से 3000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मीडिया सेंटर में वर्कस्टेशन बनाए गए हैं, वाई-फाई और ब्रॉडबैंड सुविधाएं उपलब्ध हैं। आपात स्थिति के लिए प्राथमिक चिकित्सा से लेकर एम्बुलेंस तक हर सुविधा यहां मौजूद है। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन में आरबीआई ने डिजिटल भुगतान पर एक प्रदर्शनी लगाई है। यह एक अंतरराष्ट्रीय आकर्षण होगा जहां भारत डिजिटल भुगतान में कैसे आगे बढ़ा है इसकी पूरी कहानी प्रदर्शित की गई है। भारत मंडपम में 7000 लोग एक साथ बैठ सकते हैं। यह सिडनी के ओपेरा हाउस से भी बड़ा है। मीडिया सेंटर में कॉन्फ्रेंस के लिए अलग-अलग सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटर के नाम नदियों के नाम पर रखे गए हैं। नए भारत की बुलंद तस्वीर यहां देखने को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जिसमें समृद्ध कला, संस्कृति और मूल्य हैं। इसके साथ हमारे पास नई तकनीक भी है और सुविधाएं भी हैं।

करप्शननाथ चाहिए या गरीबों का कल्याण करने वाली भाजपा, जनता तय करे: अमित शाह

मंडला (हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आपको दो विचारधाराओं के बीच चुनाव करना है। एक तरफ करप्शननाथ वाली कांग्रेस है, जो कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा है, जो गरीबों-आदिवासियों को सम्मान देती है। आपको तय करना है कि करप्शननाथ की सरकार चाहिए या विकास करने वाली, गरीब कल्याण करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह मंगलवार को मंडला से जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी मंचासीन रहे।

आदिवासियों के सम्मान और विकास के क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने दिखाया नया रास्ता

अमित शाह ने कहा कि 1857 में जब देश के कई राजे-रजवाड़े अंग्रेजों से समझौता कर रहे थे, राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह ने देश की आजादी के लिए अपने सीने पर अंग्रेजों की तोप के गोले झेले और जीवन बलिदान कर दिया। उनका बलिदान सिर्फ इस क्षेत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं को प्रेरणा देता है। कांग्रेस ने ऐसे बलिदानी वीरों के सम्मान और आदिवासियों के विकास के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा की बात करती थी, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने हमारे जनजातीय समाज को सुरक्षा और सम्मान से जीने का अधिकार भी दिया है। स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग से आदिवासी मंत्रालय बनाया और प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 23 और जातियों को

जनजातीय वर्ग में शामिल किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत मोदी सरकार ने की, देश में जनजातीय संग्रहालय बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय आदिवासियों का बजट 24 हजार करोड़ था, जिसे मोदी जी ने 1,19000 करोड़ तक पहुंचा दिया। एकलव्य स्कूलों के लिए 287 करोड़ का प्रावधान किया। कांग्रेस ने किसी आदिवासी नेता को आगे नहीं बढ़ने दिया, जबकि मोदी ने एक गरीब, आदिवासी परिवार की बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह का भव्य स्मारक जबलपुर में बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने देश में सबसे पहले पेसा एक्ट लागू किया। दो साल पहले आदिवासी सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज ने 17 घोषणाएं की थीं और दो साल में ये सारी घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं। मध्य प्रदेश ने आदिवासी कल्याण के क्षेत्र में देश को नया रास्ता दिखाया है।

करप्शननाथ की सरकार में मनी कलेक्शन ऑफिस बन गया था सीएमओ

शाह ने कहा कि 20 साल पहले प्रदेश में बंटाढार की सरकार थी, जिसने प्रदेश को बीमारू बनाकर छोड़ दिया था। हर तरफ भ्रष्टाचार और लूट-खसोट मची हुई थी। सड़कें गड्ढों से भरी थीं। खेतों को पानी नहीं मिलता था और घरों में बिजली नहीं आती थी। महिला सुरक्षा का अभाव था। इसके बाद आई भाजपा की सरकार ने बीमारू राज्य को बेमिसाल राज्य बनाया। इसके बाद आई कमलनाथ सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की 51 योजनाएं बंद कर दीं। सीएमओ को मनी कलेक्शन ऑफिस बना दिया और कांग्रेस वर्किंग कमेटी करप्शन वर्किंग कमेटी बन गई थी।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ 350 करोड़ के मोजर बेयर घोटाले, 2400 करोड़ के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले, 600 करोड़ के इफको घोटाले, 25 हजार करोड़ की किसान कर्जमाफी धोखाधड़ी और 1178 करोड़ के किसानों के बोनस घोटाले से संबद्ध रहे हैं और उस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। इसके बाद फिर शिवराज की सरकार बनी और मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश को बेमिसाल राज्य बनाने के लिए काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर 91 लाख किसानों को हर साल 12000 रुपये किसान सम्मान निधि दे रही है। जल जीवन मिशन में 7 लाख परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। 5.10 करोड़ लाभार्थियों को प्रतिमाह 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है और उज्ज्वला योजना में 10 लाख गैस सिलेंडर दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 42 लाख घर बनाने का काम किया है और मोदी तथा शिवराज की जोड़ी ने 1.36 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है।

गांव, गरीबों के उत्थान के लिए भाजपा को आशीर्वाद दें

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज वीरांगना रानी दुर्गावती और राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह की भूमि से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत हो रही है और मैं आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रदेश में पांच आशीर्वाद यात्राएं निकल रही हैं, जो 10600 किलोमीटर चलकर 210 विधानसभा क्षेत्रों में घूमेंगी। 25 सितंबर को भोपाल में

भारतीय वायुसेना 30 सितम्बर को भोपाल में करेगी फ्लाई पास्ट

भोपाल (हि.स.)। भोपाल के भोजताल पर वायुसेना के 91वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर भारतीय वायुसेना द्वारा 30 सितम्बर को मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल समारोह के मुख्य होंगे। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। साथ ही वायुसेना प्रमुख वी.एस. चौधरी, चीफ ऑफ द एयर स्टाफ एयर मार्शल विभाष पांडे एवं वायुसेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहेंगे।

जनसंपर्क अधिकारी अलूने ने मंगलवार को बताया कि फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान (सुखोई -30, मिराज-2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक), हेलीकॉप्टर (चिनूक, एमआई-17 वी 5, चेतक) और परिवहन विमान (सी130, आईएल-78 और एएन-32) शामिल होंगे। समारोह में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किये जाएंगे। फ्लाई पास्ट की फुलड्रेस रिहर्सल 28 सितंबर गुरुवार को होगी। फ्लाई पास्ट का अभ्यास 26 और 27 सितम्बर को होगा।

स्वर्ण तस्करी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे से सीआईबी की पूछताछ

काठमांडू(हि.स.)। नेपाल के विमान स्थल से पकड़े गए एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति नन्द किशोर पुन के बेटे से पूछताछ हुई है। इस मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूछताछ की है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि सोने की तस्करी में पकड़े गए चीनी नागरिकों से सीधा संपर्क होने के कारण पूर्व उपराष्ट्रपति नन्द किशोर पुन के बेटे दीपेश पुन को सीआईबी मुख्यालय में बुलाकर पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि दीपेश पुन से करीब चार घंटे तक पूछताछ की गई। एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य अभियुक्त चीनी नागरिक दावा छिरिंग सहित कुछ अन्य आरोपितों के साथ उपराष्ट्रपति के बेटे का संबंध और लगातार हुई टेलीफोन बातचीत के रिकार्ड के बाद पूछताछ किए जाने की जानकारी पुलिस की तरफ से दी गई है। पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे सत्तारूढ़ माओवादी पार्टी से सम्बद्ध हैं। सोने की तस्करी के मामले में इससे पहले पूर्व स्पीकर और माओवादी उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा के बेटे राहुल महरा को पूछताछ के बाद हिरासत में लिया जा चुका है। राहुल महरा और दीपेश पुन के बीच लम्बे समय से व्यावसायिक साझेदारी भी है।

भाजपा ने स्टालिन को बताया तानाशाह हिटलर

नई दिल्ली (हि.स.)। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के खिलाफ दिए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निशाना साधा है। भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन की तुलना जर्मनी के पूर्व तानाशाह हिटलर से कर दी है। मंगलवार को भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि हिटलर ने जिस तरह से यहूदियों के बारे में बताया था,

सुकमा में पुलिस मुठभेड़, दो इनामी नक्सली मारे गए

सुकमा/रायपुर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले के ताड़मेटला इलाके में आज सुबह पुलिस मुठभेड में दो इनामी नक्सली मारे गए। घटनास्थल से एक 12 बोर डबल बैरल बंदूक, एवं एक पिस्टल बरामद हुआ है। मुठभेड़ की पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने की है। सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ शुरू इस अभियान में इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। चिंतागुफा थाना अंर्तगत ताड़मेटला एवं दूलेड के जंगलों में जगरगुंडा एरिया कमेटी के 10-12 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, जिला बल एवं सीआरपीएफ 223 का संयुक्त बल रवाना किया गया था।

सुकमा एसपी चव्हाण के मुताबिक छह बजे ताड़मेटला- दूलेड के जंगलों के बीच घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला किया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आत्म सुरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की। इसके बाद इलाके में सर्च के दौरान दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद हुए।

एसपी के मुताबिक इनकी पहचान जगरगुंडा एरिया कमेटी के अंतर्गत नक्सली मिलिशिया कैडर सोढ़ी देवा पिता जोगा, निवासी ताड़मेटला एवं रवा देवा पिता बंडी, निवासी ताड़मेटला के रूप में हुई है। इन पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। इन दोनों ने थाना चिंतागुफा क्षेत्र में 28 जून को शिक्षादूत कवासी सुक्का एवं उप सरपंच ताड़मेटला पंचायत माड़वी गंगा की हत्या की थी। इसके अलावा 31 जुलाई को मिनपा के पास कोरसा कोसा की पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या की थी। दोनों के खिलाफ अन्य आरोपों के भी मामले दर्ज हैं।

बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए 7 सितंबर से बक्सर से भागलपुर तक की पदयात्रा

नई दिल्ली (हि.स.)। बिहार में ग्राम सभा की मजबूती सुनिश्चित करके समाज की निर्णय निर्धारण में भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से सात सितंबर से पंचायत पद यात्रा बक्सर के चौसा प्रखंड के बनारपुर पंचायत के गंगा व कर्मनासा के संगम स्थल से भागलपुर गंगा तट तक प्रस्तावित है। यह पदयात्रा नागरिक समन्वय समिति के बैनर तले होगी। कार्यक्रम की संयोजक कुमकुम राज ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ बातचीत में कहा कि बिहार में पंचायती राज व्यवस्था को कुचक्र के माध्यम से कमजोर करने का प्रयास लंबे समय से किया जा रहा है। ग्राम सभा को शिथिल करने में जनप्रतिनिधियों, सरकार और अधिकारी शामिल हैं। ग्राम सभा को हाशिए पर रखकर स्वराज के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। महात्मा गांधी भी ग्राम स्वराज के लिए विकेंद्रीकरण की व्यवस्था को बनाने और पंचायत व गांवों की भागीदारी के लिए संविधान सभा को अपना संदेश कठोर शब्दों में भेजा था। साथ ही संविधान सभा के गण्यमान्य सदस्य केटी शाह, झुनझुनवाला,सचिदानंद सिन्हा, चौधरी रणबीर, पंडित ठाकुर लाल और दक्षायिणी ने भी ग्राम पंचायत की विकेंद्रीकरण प्रक्रिया में भावी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसे निचले पायदान पर खड़ी जनता को सत्ता की भागीदारी में भूमिका को सुनिश्चित करने का माध्यम करार दिया था। राज्य के नीति निर्देशक तत्व ने पंचायती राज व्यवस्था को कुछ अधिकार तो दिया, जिससे कागजों पर ग्राम सभा सशक्त नजर आती रही लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। इस खाई को पाटकर समाज के बड़े हिस्से को नीति निर्धारण में हिस्सेदार बनाने का मौका आ गया है। सत्ता के विकेंद्रीकरण के सपने को ग्राम सभा की मजबूती ही पूरी कर सकती है। इसके लिए कुमकुम बिहार के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सोमवार को ज्ञापन सौंपने के लिए रवाना हो गईं। उन्होंने आगे बताया कि बिहार में महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ी हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करने पर यह ज्ञात होता है कि बिहार राज्य महिला साक्षरता के मामले में सबसे निचले पायदान पर है। विभिन्न अध्ययनों ने पुष्टि की है कि लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, गैर-बराबरी और भेदभाव का सबसे बड़ा कारण महिलाओं का शैक्षणिक रूप से हाशिए पर होना है। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं मुख्यधारा में मजबूती से जुड़ें, ये समय की बड़ी मांग है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आधुनिक महिला विश्वविद्यालय की मांग एक मील का पत्थर साबित होगा ताकि लड़कियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ ही तकनीकि, उद्यमी और क्रीड़ा से जोड़ कर उन्हें मुख्यधारा में मजबूती से स्थापित किया जा सके। कुमकुम ने कहा कि इस पदयात्रा की सफलता के लिए वरिष्ठ चिंतक सच्चिदानंद सिन्हा, प्रख्यात समाजवादी प्रो आनंद कुमार, समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर, संविधान सभा की सदस्य मालती चौधरी की सुपुत्री कृष्णा मोहंती, तीसरी सरकार के संस्थापक चंद्रशेखर प्राण सहित अनेक बुद्धिजीवियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच चलेंगी स्पेशल रेलगाड़ियां

नई दिल्ली (हि.स.)। नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच बुधवार से स्पेशल रेलगाड़ियां चलेंगी। यह रेलगाड़िया दोनों दिशाओं में कुल चार फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ के मद्देनजर नई दिल्ली- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच स्पेशल रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलगाड़ी संख्या 04071 नई दिल्ली- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा गति शक्ति स्पेशल रेलगाड़ी 06 सितंबर को नई दिल्ली से रात्रि 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11:25 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04072 श्री माता वैष्णो देवी कटरा नई दिल्ली गति शक्ति स्पेशल रेलगाड़ी 09 सितंबर को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से सांय 06.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 06.50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। एकनामिकल वानानुकूलित श्रेणी के डिब्बों वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी तथा उथमपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओ में रुकेगी रेलगाड़ी संख्या 04081 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल रेलगाड़ी 07 सितंबर को नई दिल्ली से रात्रि 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11:25 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। वापसी में 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटरा- नई दिल्ली स्पेशल रेलगाड़ी 10 सितंबर को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से सांय 06.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 06.50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वानानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी तथा उथमपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

प्रधानमंत्री 14 सितम्बर को बीना में पेट्रो केमिकल परिसर में 50 हजार करोड़ के निवेश कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

भोपाल (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 सितम्बर को सागर जिले के बीना के बीपीसीएल पेट्रो केमिकल परिसर में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निवेश का भूमिपूजन करेंगे। बीना रिफाइनरी के पास पेट्रो केमिकल्स उत्पादन के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश होने जा रहा है। प्रदेश में डेढ़ लाख करोड़ का निवेश और होने वाला जिससे तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले विकास रथों को रवाना करने के बाद दी। आमजन को अवगत कराने के लिए ये विकास रथ विकास किया है-विकास करेंगे की थीम पर आधारित हैं। उन्होंने विकास रथों को जिलों की यात्रा के लिए रवाना किया। यह रथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 40 दिनों तक भ्रमण करेंगे। प्रदेश में कुल 127 विकास रथ चलाये जा रहे हैं।

हमारी सरकार ने प्रदेश को विकसित राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश को देश के विकसित राज्यों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रदेशवासियों को यह बताएं कि प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के लिए हमने क्या-क्या कार्य किए हैं। हमारे विकास रथ हमारी उपलब्धियों और रिपोर्ट कार्ड को जनता के सामने रखेंगे। सड़कें, सिंचाई की व्यवस्था, अर्थव्यवस्था की प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली के प्रबंध आदि हर क्षेत्र में प्रगति हुई है। गाँव-शहरों का विकास, फसलों का उत्पादन, प्रदेश में आने वाला निवेश निरंतर बढ़ा है। प्रचार रथ के द्वारा राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश की प्रगति पर केंद्रित फिल्में प्रदर्शित करेंगे विकास रथ

विकास रथों में लगी एलईडी के माध्यम से विभिन्न वीडियो फिल्म और गाने दिखाये जाएंगे। इन वीडियो में जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई जाएगी। इसके साथ रघुवीर यादव द्वारा गाया गया मध्य प्रदेश गान, मध्य प्रदेश पर आधारित फिल्म तब और अब, मध्य प्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाएँ तब और अब, अद्भुत मध्य प्रदेश, जन-सरोकार, वंदे-मध्य प्रदेश, महिला सशक्तिकरण, लाडली बहना सेना, कृषि और सिंचाई, स्व-सहायता समूह और सीखो-कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाई जायेगी। जिलों में लगने वाले हाट-बाजार तथा विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों, ग्रामीण क्षेत्रों, नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में और प्रमुख स्थलों पर विकास रथ से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन कर प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद वीडी शर्मा, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक कृष्णा गौर, पूर्व महापौर आलोक शर्मा तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

गर्भवती महिला से बदसलूकी मामले में एनएचआरसी ने गहलोत सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

जयपुर (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने प्रतापगढ़ जिले के एक गांव में एक गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में राज्य सरकार और पुलिस विभाग को नोटिस भेजा है। आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद जांच की स्थिति और अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देने को भी कहा है। सोशल मीडिया पर इस घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद राजस्थान पुलिस ने कहा था कि प्रतापगढ़ जिले के एक गांव में 21 वर्षीय एक आदिवासी महिला को उसके पति द्वारा निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला सामने आया है। आयोग ने कहा है कि अगर मीडिया में प्रकाशित खबर सही पाई जाती है, तो यह पीड़िता के मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे को उठाती है। एनएचआरसी ने राजस्थान के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट में मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद जांच की स्थिति और अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देने को भी कहा गया है। आयोग ने कहा कि वह महिला की स्वास्थ्य स्थिति के साथ-साथ इस बारे में भी जानना चाहता है कि प्रशासन ने उसे किसी प्रकार का मुआवजा दिया है या नहीं।

देश का नाम अचानक क्यों बदल रहे हैं, हम भी कहते हैं 'भारत': ममता

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि देश का नाम बदला जा रहा है। मंगलवार को कोलकाता के धन धान्य स्टेडियम में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। जी20 सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य के नेताओं के रात्रिभोज के लिए दिए गए निमंत्रण पत्र में 'राष्ट्रपति ऑफ इंडिया' की जगह 'राष्ट्रपति ऑफ भारत' लिखने से विवाद शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज मैंने सुना कि इंडिया का नाम बदला जा रहा है। माननीय राष्ट्रपति के नाम पर कार्ड, जी20 लंच या डिनर पर, भारत लिखा गया है। भारत तो हम कहते ही हैं। इसमें नया क्या है?' उन्होंने कहा, 'मैं अंग्रेजी में इंडिया कहती हूं। भारत, हम भी कहते हैं, भारत मेरा देश है, मेरी मातृभूमि मेरा सपना है। इसके बारे में कहने को कुछ नया नहीं है। लेकिन पूरी दुनिया इंडिया के नाम से जानती है। अचानक क्या हुआ?' उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस भी भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर है।

जी-20 के विदेशी मेहमानों ने मिट्टी के चूल्हे पर बनीं ज्वार व बाजरे की रोटियों का स्वाद चखा

नूंह/गुरुग्राम (हि.स.)। जिन मिलेट्स को हमने खाना छोड़ दिया है, अब जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक में शामिल विदेशी मेहमानों ने इन मिलेट्स के व्यंजनों को खूब पसंद किया। विदेशी मेहमानों के लिए हरियाणा सरकार के रात्रि भोज में मिलेट्स से तैयार देसी व्यंजन परोसे गए। इन मेहमानों ने हरियाणवी महिलाओं के मिट्टी के चूल्हे पर ज्वार और बाजरे की रोटियों समेत अनेक व्यंजनों का स्वाद लिया। बैठक के दौरान खान-पान से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। हरियाणा सरकार ने डिनर में विदेशी मेहमानों के लिए बाजरे से बना खिचड़ा, रोटी, रबड़ी, टिक्की, फिरनी, लापसी सहित कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजाम किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेहमानों से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ देसी व्यंजनों का आनंद लिया। जी-20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत व विभिन्न देशों से आए शेरपा व अन्य प्रतिनिधियों ने हरियाणा के परंपरागत व्यंजनों का जायका लिया। भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेटस घोषित करने के बड़े संकल्प को साकार करने में हरियाणा की इस खातिरदारी ने नई दिशा देने का काम भी किया है। जब दुनिया मोटे अनाज (श्रीअन्न) का स्वाद चखेगी तो इसकी अहमियत भी समझेगी। यहां पहुंचे मेहमानों के डिनर के लिए की गई सजावट व स्वाद लाजवाब था। विदेशी डेलीगेट की थाली में विभिन्न प्रदेशों के शाकाहारी भोजन परोसे गए। इसके साथ-साथ उनकी रुचि व खान-पान के अनुसार कॉन्टिनेंटल पकवान भी तैयार किए गए थे। हरियाणा की इस मेहमानवाजी से विदेशी डेलीगेट अभिभूत नजर आए।

मोहम्मदपुर अहीर की महिलाओं ने सेंकी रोटियां

खाने के दौरान मिट्टी के चूल्हे पर बाजरे व ज्वार की रोटी सेंक रही गांव मोहम्मदपुर अहीर की महिलाओं ने भी विदेशियों को रोटी खिलायी और उनसे राम-राम कह कर से अभिवादन भी किया। शेफ आयुष ने बताया कि मिलेट की सबसे बड़ी खासियत ये है कि यह अनाज ग्लूटन फ्री होता है, जो सेहतमंद होता है। यहां हर रोज मिलेट के बने अलग-अलग व्यंजन मेहमानों को खिलाए जाएंगे। रात्रि भोज से पहले आईसीसीआर के कलाकारों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सपत्नीक की डिग्गी कल्याणजी मंदिर में पूजा-अर्चना

टोंक (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को टोंक जिले के डिग्गी स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक कल्याण जी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने करीब 15 मिनट पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश की खुशहाली, भाईचारे और तरक्की की कामना की। पुजारी ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ पत्नी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे निर्धारित कार्यक्रम के तहत विशेष विमान से डिग्गी आए, जहां उनका प्रशासनिक अधिकारियों सहित सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया, टोडारायसिंह- मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, टोंक के पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी सहित कई भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पुलिस के जवानों की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। फिर वे करीब साढ़े नौ बजे कल्याण राय मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने धर्मपत्नी के साथ धोक लगाई। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति धनखड़ का भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। कुछ देर धनखड़ ने नेताओं से जिले को लेकर बातचीत भी की। बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति ने धार्मिक स्थलों के प्रति लगाव जाहिर करते हुए धुंआ कला स्थित धन्ना भगत की जन्मस्थली के दर्शन करने की इच्छा जताई। एक घंटा रुकने के बाद करीब सवा दस बजे वे अपने विशेष विमान से कोटा के लिए रवाना हो गए। टोंक के पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जिले के धार्मिक स्थलों की काफी प्रशंसा की और धुंआ कला स्थित धन्ना भगत की जन्मस्थली में भी गहरी आस्था दिखाते हुए वहां भी आने को कहा। उपराष्ट्रपति ने मंदिर से दर्शन करने के बाद बाहर खड़े कुछ ग्रामीणों से बातचीत भी की। इस दौरान उनके हाल-चाल जाने। उपराष्ट्रपति से बातचीत करके किसान काफी खुश नजर आए।

भारतीय वायुसेना 30 सितम्बर को भोपाल में करेगी फ्लाई पास्ट

भोपाल (हि.स.)। भोपाल के भोजताल पर वायुसेना के 91वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर भारतीय वायुसेना द्वारा 30 सितम्बर को मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। साथ ही वायुसेना प्रमुख वी.एस. चौधरी, चीफ ऑफ द एयर स्टाफ एयर मार्शल विभाष पांडे एवं वायुसेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहेंगे। जनसंपर्क अधिकारी अलूने ने मंगलवार को बताया कि फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान (सुखोई -30, मिराज-2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक), हेलीकॉप्टर (चिनूक, एमआई-17 वी 5, चेतक) और परिवहन विमान (सी130, आईएल-78 और एएन-32) शामिल होंगे। समारोह में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किये जाएंगे। फ्लाई पास्ट की फुलड्रेस रिहर्सल 28 सितंबर गुरुवार को होगी।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)